हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11

खेल

एम्बाप्पे ने लगातार दूसरी बार जीता गोल्डन बूट, स्पेन के गोलकीपर के नाम गोल्डन...



Page 09

देश

हावड़ा में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा दही बनाने वाला प्लांट, अमित शाह ने रखी आधारशिला

शुक्ल पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 21 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 229 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,31,500 | ₹ 2,30,000 |

## आज का इतिहास

1883 : कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक थियेटर हॉल स्टार थियेटर की शुरुआत हुई।

1988 : भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह (इनसैट-1सी) का प्रक्षेपण किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### लालू यादव इलाज के लिए दिल्ली रवाना

**पटना (नि.सं.)।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव बेहतर इलाज के लिए सोमवार को दिल्ली रवाना हो गए। उनके साथ पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और सांसद बेटी मीसा भारती भी मौजूद रहीं। दिल्ली रवाना होने के दौरान मीसा भारती ने बताया कि लालू यादव का इलाज पहले से ही दिल्ली एम्स में चल रहा है। इसी कारण उन्हें आगे के इलाज और डॉक्टरों की सलाह के लिए दिल्ली ले जाया गया।

### डिजिटल ऋण और भुगतान प्रणाली पर बढ़ी निगरानी

**पटना (नि.सं.)।** केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म, भुगतान एग्रीगेटर और अन्य फिनटेक सेवाओं को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए कई नियामकीय और उपभोक्ता संरक्षण उपाय लागू किए हैं। सरकार ने बताया कि वित्तीय क्षेत्र के नियामकों और अन्य हितधारकों के साथ लगातार समीक्षा के आधार पर साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकथाम और नियामकीय ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि सरकार डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म और भुगतान एग्रीगेटर सहित फिनटेक इकोसिस्टम से जुड़े मुद्दों की नियमित समीक्षा कर रही है। समीक्षा के आधार पर समय-समय पर आवश्यक नियामकीय और पर्यवेक्षी हस्तक्षेप किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि आरबीआई ने 30 मई 2024 को फिनटेक क्षेत्र के लिए स्व-नियामक संगठन (एसआरओ-एफटी) का ढांचा जारी किया। इसका उद्देश्य नियामकीय मानकों को बढ़ावा देना, नैतिक आचरण सुनिश्चित करना, बाजार की पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत करना तथा विवाद समाधान की व्यवस्था को बेहतर बनाना है।

**मानसून सत्र : बजट के साथ 12 महत्वपूर्ण विधेयक सदन के पटल पर, कई क्षेत्रों को मिलेगा लाभ**

# बिहार विधानसभा में 87 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश

- सामाजिक सुरक्षा, रोजगार और आधारभूत ढांचे पर रहेगा सरकार का विशेष फोकस
- सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, मेट्रो और पेंशन योजनाओं को मिला बजटीय बल
- कई संशोधन विधेयक भी पेश



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 87,383.43 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि अतिरिक्त राशि का बड़ा हिस्सा विकास योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत संरचना के विस्तार पर खर्च किया जाएगा। इस दौरान सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 12 महत्वपूर्ण विधेयक भी सदन के पटल पर रखे। अनुपूरक बजट में 57,077.95 करोड़ रुपये वार्षिक योजनाओं के लिए तथा 30,265.99 करोड़ रुपये स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में प्रस्तावित किए गए हैं। वहीं, केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के लिए 39.48 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं पर विशेष जोर

वार्षिक योजनाओं के तहत केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के लिए 32,707.23 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक 9,335.35 करोड़ रुपये जी राम जी योजना, 3,342.12 करोड़ रुपये राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), 3,308.69 करोड़ रुपये इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, 2,732 करोड़ रुपये सर्व शिक्षा अभियान, 2,780.94 करोड़ रुपये आंगनबाड़ी पोषण 2.0, 2,100.11 करोड़ रुपये अमृत 2.0, 1,359.72 करोड़ रुपये मध्यान्ह भोजन योजना, 1,150 करोड़ रुपये आयुष्मान भारत, 682.67 करोड़ रुपये इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा 680 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए आवंटित किए गए हैं। राज्य योजनाओं के लिए 24,377.72 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें 6,710.23 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, 3,665 करोड़ रुपये सड़क एवं पुल निर्माण, 1,147.84 करोड़ रुपये दिव्यांग पेंशन, 1,056.40 करोड़ रुपये लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन, 952 करोड़ रुपये पटना मेट्रो परियोजना, 940 करोड़ रुपये पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, 927 करोड़ रुपये मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण, 500 करोड़ रुपये स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना तथा 100 करोड़ रुपये हवाई अड्डों के निर्माण के लिए निर्धारित किए गए हैं। मुख्यमंत्री बालक साइकिल एवं बालिका पोशाक योजनाओं के लिए भी बजटीय प्रावधान किया गया है। स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में 13,550 करोड़ रुपये आकस्मिकता निधि, 2,658.50 करोड़ रुपये पंचायती राज संस्थाओं, 2,423.47 करोड़ रुपये वेतन, 994.34 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना तथा 747.98 करोड़ रुपये पंचायती राज संस्थाओं की बकाया देनदारियों के भुगतान के लिए रखे गए हैं।

सत्र के पहले दिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव विदेश दौरे पर होने के कारण सदन में उपस्थित नहीं रहे। हालांकि विपक्षी दलों ने विधानसभा परिसर में विभिन्न मुद्दों, विशेषकर परीक्षा प्रणाली को लेकर प्रदर्शन किया। अब मंगलवार से अनुपूरक बजट और विधेयकों पर सदन में विस्तृत चर्चा होने की संभावना है।

### 12 महत्वपूर्ण विधेयक सदन में पेश

सरकार ने पहले दिन 12 महत्वपूर्ण विधेयक भी सदन के पटल पर रखे। इनमें बिहार सिविल न्यायालय विधेयक-2026, बिहार विनियोग विधेयक-2026, बिहार विनियोग संख्या-2 विधेयक-2026, बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार कर्मचारी चयन आयोग (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार नगर पालिका (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार सचिवालय सेवा (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार जन विश्वास प्रावधान (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थान नामांकन विनियमन एवं शुल्क निर्धारण विधेयक-2026, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक-2026 तथा बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थान विधेयक-2026 शामिल हैं।

## वज्रपात का कहर, वार्ड सदस्य समेत तीन की मौत, तीन झुलसे

### धान की रोपनी के दौरान तीन अलग-अलग घटनाएं, अस्पताल में चल रहा इलाज



**निज संवाददाता | आरा (भोजपुर)**

बिहार में सक्रिय मानसून के बीच सोमवार को भोजपुर जिले में आकाशीय बिजली ने कहर बरपा दिया। चरपोखरी, गड़हनी और आयर थाना क्षेत्रों में हुई तीन अलग-अलग वज्रपात की घटनाओं में एक वार्ड सदस्य समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज आरा सदर अस्पताल एवं निजी अस्पताल में चल रहा है। पहली घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के खराटी गांव में हुई, जहां कामता सिंह के 33 वर्षीय पुत्र गोविंद कुमार खेत में धान की रोपनी कर रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हुई और अचानक आकाशीय बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। गोविंद कुमार पेशे से किसान थे।

दूसरी घटना गड़हनी थाना क्षेत्र के मंदुरी गांव की है। यहां नदी किनारे धान की रोपनी कर रही नंदनी कुमारी (18) आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उसकी छोटी बहन चांदनी कुमारी (15) और गांव की एक अन्य किशोरी भी घायल हो गईं। परिजन दोनों बहनों को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने नंदनी को मृत घोषित कर दिया। घायल चांदनी का इलाज सदर अस्पताल में जबकि दूसरी किशोरी का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

तीसरी घटना आयर थाना क्षेत्र के असधन गांव में हुई। यहां वार्ड संख्या-11 के वार्ड सदस्य भिखारी सिंह की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना में गांव के ललन सिंह (50) और उनकी पत्नी शिवकुमारी देवी (40) भी घायल हो गए। दोनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में जारी है। लगातार हुई इन तीन घटनाओं से प्रभावित गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खेतों, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे जाने से बचने तथा मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करने की अपील की है।

## सीएम ने हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ के लिए विशेष आस्था ट्रेन किया रवाना



**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को पाटलिपुत्र जंक्शन से भगवान सोमनाथ धाम के लिए रवाना होने वाली विशेष सोमनाथ आस्था यात्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से 1,100 से अधिक श्रद्धालु गुजरात स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव के दर्शन के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं को कलश एवं भगवा ध्वज भेंट कर शुभ यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपरा और राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा को ऐतिहासिक बताया।

राज्य सरकार एवं रेलवे प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए यात्रा के दौरान भोजन, चिकित्सा, सुरक्षा, आवास एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए भगवान सोमनाथ से बिहार एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ सामाजिक एकता और आध्यात्मिक चेतना को भी मजबूत करती हैं।

## बिहार में ऑनलाइन जुए पर कसेगा शिकंजा, नया कानून लाएगी सरकार

- पहली बार अपराध पर तीन साल तक की जेल, दोबारा पकड़े जाने पर सात साल तक की सजा का प्रावधान

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार सरकार राज्य में ऑनलाइन और ऑफलाइन जुए पर प्रभावी रोक लगाने के लिए बिहार जुआ (प्रतिषेध) विधेयक, 2026 लाने जा रही है। मानसून सत्र में पेश किए जाने वाले इस विधेयक के तहत पारंपरिक जुआघरों के साथ-साथ ऑनलाइन जुआ, सट्टेबाजी, उसके संचालन और प्रचार-प्रसार को भी दंडनीय अपराध बनाया जाएगा। प्रस्तावित कानून के अनुसार, पहली बार ऑनलाइन जुए में शामिल पाए जाने पर एक से तीन वर्ष तक के कारावास तथा 50 हजार से पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वहीं, यदि कोई व्यक्ति दोबारा इसी अपराध में दोषी पाया जाता है तो उसे अधिकतम सात वर्ष की जेल और एक लाख से दस लाख रुपये तक जुर्माना भुगतना पड़ सकता है।

विधेयक में जुए के लिए बैंक खाते, मोबाइल ऐप, डिजिटल वॉलेट या अन्य डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराने वालों पर भी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से अपना बैंक खाता या डिजिटल प्लेटफॉर्म जुए के संचालन के लिए उपलब्ध कराता है अथवा उससे आर्थिक लाभ प्राप्त करता है, तो उसे छह माह तक की जेल और 10 हजार रुपये तक के जुर्माने का सामना करना होगा। भाग्य के खेल के नाम पर होने वाली ठगी को भी इस कानून के दायरे में शामिल किया गया है। सरकार ने जुए के प्रचार-प्रसार पर भी सख्त रुख अपनाया है। प्रस्तावित कानून के तहत जुए से संबंधित सामग्री का मुद्रण, प्रकाशन या प्रसारण करने पर पांच वर्ष तक की जेल और पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वहीं जुए का विज्ञापन करने या उसका प्रचार करने वालों को तीन वर्ष तक की कैद और 50 हजार रुपये तक जुर्माना हो सकता है। सरकार का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के बढ़ते कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आर्थिक अपराधों पर अंकुश लगाना तथा युवाओं को इस प्रकार की अवैध गतिविधियों से बचाना है। विधेयक को मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में पेश किया जाएगा।

## बिहार में बनेगा नगर विकास प्राधिकरण नियोजित शहरीकरण को मिलेगी नई रफ्तार

- विधानसभा में पेश होगा नया विधेयक, नए शहरों और ग्रीनफील्ड टाउनशिप के विकास के लिए बनेगा

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में सुनियोजित शहरी विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार बिहार नगर विकास प्राधिकरण के गठन की तैयारी कर रही है। इसके लिए बिहार शहरी विकास विधेयक, 2026 विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। प्रस्तावित प्राधिकरण नए शहरों, ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप और विशेष शहरी क्षेत्रों की योजना, विकास तथा आधारभूत संरचना के विस्तार की जिम्मेदारी संभालेगा।

प्रस्तावित प्राधिकरण एक वैधानिक निकाय होगा, जिसे संपत्ति खरीदने, रखने, प्रबंधन करने और अनुबंध करने का अधिकार होगा। यही संस्था भविष्य में विकसित किए जाने वाले विशेष क्षेत्रों की पहचान करेगी तथा उनके लिए विस्तृत विकास योजनाएं तैयार करेगी। सरकार का मानना है कि इससे नियोजित शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा, निवेश आकर्षित होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। प्राधिकरण शहरों में सड़क, पेयजल, सीवर, जल निकासी, ठोस कचरा प्रबंधन, बिजली, डिजिटल अवसंरचना, सार्वजनिक परिवहन, स्कूल, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के विकास एवं रखरखाव का कार्य भी देखेगा। विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक धन सरकार के अनुदान, बजटीय सहायता, बांड, डिबेंचर तथा अन्य स्वीकृत वित्तीय स्रोतों से जुटाया जाएगा। साथ ही प्राधिकरण को निर्धारित शुल्क, उपकर और प्रभार वसूलने का अधिकार भी होगा। सरकार बिहार नगर विकास निधि के गठन का भी प्रस्ताव लेकर आई है, जिसका संचालन इसी प्राधिकरण के माध्यम से किया जाएगा। किसी भी क्षेत्र को विशेष क्षेत्र घोषित करने से पहले राज्य सरकार को प्राधिकरण से परामर्श लेना अनिवार्य होगा। इससे शहरी विकास से जुड़े निर्णयों और योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय और पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। प्रस्तावित प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे, जबकि नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव या सचिव उपाध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा वित्त, राजस्व एवं भूमि सुधार, उद्योग, पर्यटन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, पथ निर्माण, ऊर्जा, ग्रामीण कार्य तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव/सचिव पदेन सदस्य होंगे। प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बिहार सरकार द्वारा नियुक्त विशेष सचिव स्तर या उससे ऊपर का अधिकारी होगा।

## पटना मेट्रो परियोजना को मिली नई समय-सीमा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार ने पटना मेट्रो परियोजना को लेकर नई समय-सीमा तय करते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में परियोजना की प्रगति, वित्तीय स्थिति और निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को कार्य की गति दोगुनी करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर परियोजना पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कॉरिडोर-1 के तहत मीठापुर से खेमनी चक के बीच लगभग 3.1 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड सेक्शन पर मेट्रो सेवा जून 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं कॉरिडोर-2 के अंतर्गत राजेंद्र नगर—मलाही पकड़ी रैंप से आकाशवाणी—पटना जंक्शन तक लगभग 8 किलोमीटर लंबे अंडरग्राउंड कॉरिडोर का संचालन वर्ष 2028 तक शुरू करने की योजना है।

**सात अंचलों से 17 अमीन तैनात, तीन दिन में रिपोर्ट, सरकार ने की जमीन वापसी की प्रक्रिया तेज**

## 30 साल बाद पुनर्जीवन की ओर मोतीपुर चीनी मिल, सीमांकन शुरू

- गन्ना किसानों और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार व विकास की नई उम्मीद

**निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर**



करीब तीन दशक से बंद पड़ी ऐतिहासिक मोतीपुर चीनी मिल को फिर से शुरू करने की दिशा में बिहार सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मिल के पुनर्जीवन की कवायद अब कागजों से निकलकर जमीन पर उतर गई है। सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) को लीज पर दी गई 266.66 एकड़ भूमि की मापी और सीमांकन का अभियान शुरू कर दिया है। गन्ना उद्योग विभाग के निर्देश के बाद प्रशासन ने लीज वाली जमीन वापस लेने की प्रक्रिया तेज कर दी है। प्रस्तावित योजना के तहत यहां आधुनिक चीनी मिल, गन्ना विकास केंद्र, अनुसंधान संस्थान तथा कृषि आधारित सहायक उद्योग स्थापित किए जाएंगे, जिससे मोतीपुर को उत्तर बिहार के प्रमुख कृषि-औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके।

भूमि सीमांकन के लिए मुजफ्फरपुर के अपर समाहर्ता (राजस्व) प्रशांत कुमार ने विशेष आदेश जारी करते हुए जिले के सात अंचलों से 17 अमीनों की प्रतिनियुक्ति की है। इनमें मोतीपुर के अलावा कुढ़नी, कांटी, पारू, साहेबगंज, मड़वन और सरैया अंचल के अमीन शामिल हैं। सभी अमीन सोमवार से संयुक्त रूप से भूमि की मापी में जुट गए हैं। पूरे अभियान की निगरानी मोतीपुर के अंचलाधिकारी (सीओ) तरुण कुमार कर रहे हैं। उन्हें निर्देश दिया गया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सटीक सीमांकन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। प्रशासन ने तीन दिनों में मापी और सीमांकन का कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी के माध्यम से गन्ना उद्योग विभाग को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर भूमि हस्तांतरण और पुनर्विकास की आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। मोतीपुर चीनी मिल के पुनः संचालन की संभावना से स्थानीय किसानों, मजदूरों और व्यापारियों में उत्साह का माहौल है। मिल शुरू होने पर उत्तर बिहार के हजारों गन्ना किसानों को अपनी उपज का बेहतर बाजार मिलेगा, वहीं परिवहन लागत में कमी आएगी और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही सहायक उद्योगों के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

गन्ना उद्योग विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने इस संबंध में मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रशासनिक कार्रवाई में तेजी आने के बाद लोगों को उम्मीद है कि वर्षों से बंद पड़ी मोतीपुर चीनी मिल एक बार फिर चालू होकर क्षेत्र के आर्थिक विकास की नई इबारत लिखेगी।

## 37,500 करोड़ रुपये की कोयला गैसीकरण योजना को मिली रफ्तार

### कोयला मंत्रालय ने आयोजित किया आवेदन-पूर्व सम्मेलन, सात सितंबर तक मांगे प्रस्ताव

- 13 मई 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी थी।
- योजना का उद्देश्य कोयला एवं लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देना है।
- इससे सिंथेटिक प्राकृतिक गैस (, अमोनिया, मेथनॉल, डीआरआई, सिंथेटिक ईंधन और रसायनों का उत्पादन बढ़ेगा।

**एजेंसी | नई दिल्ली**



कोयला मंत्रालय ने सोमवार को 37,500 करोड़ रुपये की सतही कोयला एवं लिग्नाइट गैसीकरण योजना के तहत आवेदन-पूर्व (प्री-बिड) सम्मेलन का आयोजन किया। मंत्रालय के अपर सचिव सानोज कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी कंपनियों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं तथा संभावित आवेदकों ने भाग लिया। मंत्रालय ने इसे घरेलू कोयले के स्वच्छ, दक्ष एवं मूल्य संवर्धित उपयोग की दिशा में उद्योग जगत की सकारात्मक पहल बताया। सम्मेलन के दौरान मंत्रालय ने योजना के दिशा-निर्देशों तथा प्रस्ताव आमंत्रण दस्तावेज (आरएफपी) के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों को पात्रता मानदंड, मूल्यांकन प्रक्रिया, वित्तीय प्रोत्साहन और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही अधिकारियों ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा उठाए गए प्रश्नों का भी विस्तारपूर्वक उत्तर दिया।

कोयला मंत्रालय के अनुसार, 13 मई 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देकर सिंथेटिक प्राकृतिक गैस, अमोनिया, मेथनॉल, प्रत्यक्ष अपचयित लौह, सिंथेटिक ईंधन तथा विभिन्न रसायनों जैसे उच्च मूल्य वाले उत्पादों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। मंत्रालय का अनुमान है कि इस योजना से 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपये तक का निवेश आकर्षित हो सकता है। इसके अलावा प्रतिवर्ष लगभग 7.5 करोड़ टन कोयले के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा तथा करीब 50 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। साथ ही ऊर्जा एवं रासायनिक उत्पादों के आयात पर देश की निर्भरता कम करने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कोयला मंत्रालय ने बताया कि योजना के तहत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। मंत्रालय ने सभी पात्र सार्वजनिक एवं निजी संस्थाओं से समय-सीमा के भीतर अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत सरकार भवन भव्य उद्घाटन आज

**नारदीगंज (नवादा):** नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत पेश पंचायत को जल्द ही अपना नया प्रशासनिक ठिकाना मिलने जा रहा है। वनगंगा-जेठियन सड़क मार्ग पर पहाड़ के किनारे नवनिर्मित 'पंचायत सरकार भवन' का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। इस आधुनिक भवन का भव्य उद्घाटन 21 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे होगा। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित क्षेत्र के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव ने बताया कि उद्घाटन समारोह की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुई

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस बाबत बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने कहा विभिन्न गांव के चार मुख्यमंत्री वृद्धापेंशन योजना के लाभ के लिए बीडीओ को आवेदन पत्र दिया है। उन्होंने कहा सभी लाभुकों के आवेदन पत्र को सम्बंधित पंचायत सचिव को अग्रसारित कर जांच के बाद निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है।

### आज होगी सहयोग शिविर आयोजित

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के पेश पंचायत में 21 जुलाई 2026 को सहयोग शिविर आयोजित होगी। यह शिविर 21 जुलाई 2026 को यानी मंगलवार को 11 बजे पेश पंचायत के प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर( पेश) में होगी। यह जानकारी बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने दिया।

### घर से निकला युवक रहस्यमय तरीके से गायब, स्टेशन के पास मिली स्कूटी

#### 20 वर्षीय अर्पित का अब तक नहीं चला सुराग, मां ने अनहोनी की आशंका जताकर दर्ज कराई प्राथमिकी

**करगहर (रोहतास)।** पहाड़ी गांव का 20 वर्षीय युवक घर से निकलने के बाद रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। दो दिन बाद उसकी स्कूटी सासाराम रेलवे स्टेशन के समीप लावारिस हालत में मिलने से परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। युवक का अब तक कोई सुराग नहीं मिलने पर उसकी मां ने करगहर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार, पहाड़ी गांव निवासी बिंदा देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उनका पुत्र अर्पित कुमार शनिवार को स्कूटी लेकर घर से निकला था। उसने परिवार के किसी सदस्य को यह नहीं बताया था कि वह कहां जा रहा है। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों, मित्रों और अन्य संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसी बीच रविवार की शाम सूचना मिली कि अर्पित की स्कूटी सासाराम रेलवे स्टेशन के समीप खड़ी है। परिजन मौके पर पहुंचे तो स्कूटी लावारिस हालत में मिली। वहीं पास में एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल भी बिना किसी दावेदार के खड़ी थी। इसके बाद परिजनों की चिंता और बढ़ गई। करगहर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। युवक की तलाश के लिए पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और उसके संभावित ठिकानों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### विवादित जमीन की जुताई को लेकर खूनी संघर्ष, एक गंभीर रूप से घायल

#### सात नामजद पर प्राथमिकी दर्ज, आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी

**करगहर (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के चिलबिली गांव में सोमवार को विवादित भूमि की जुताई को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) करगहर में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सासाराम रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, चिलबिली गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह और हरिहर सिंह के बीच लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा है। आरोप है कि ओम प्रकाश सिंह जब ट्रैक्टर से विवादित खेत की जुताई कर रहे थे, तभी हरिहर सिंह समेत आधा दर्जन लोग वहां पहुंचे और जुताई रोकने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर ओम प्रकाश सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित के बयान पर सात लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### जमीनी विवाद में तनाव, अकोढीगोला के 14 लोगों पर निवारक कार्रवाई



**अकोढीगोला(रोहतास)** अकोढीगोला थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जमीनी विवादों में तनाव को देखते हुए पुलिस ने विधि व्यवस्था संधारण हेतु 14 लोगों के विरुद्ध निवारक कार्रवाई की है। सभी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126/170 के तहत अनुमंडल दंडाधिकारी डेहरी के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस मामले में अकोढीगोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने आज सोमवार को बताया कि पहला मामला ग्राम जतन बिगहा का है। यहां जमीनी विवाद में विनोद सिंह पिता इंद्रजीत सिंह, अजय कुमार, अनिल कुमार व संजय कुमार पिता स्वर्गीय रामजी सिंह को कार्रवाई में शामिल किया गया। दूसरा मामला दयाल फार्म से जुड़ा पूर्व से लंबित विवाद है। इसमें गोवर्धनपुर के सुरेंद्र सिंह, जगदयाल सिंह, कमलेश सिंह, योगेंद्र सिंह, बलवंत महतो, सीताराम सिंह, जयनगर के राम बच्चन सिंह, बिजेंद्र कुमार तथा सुपा बिगहा के महेश कुमार व विश्वेश्वर राम शामिल हैं। SDM डेहरी अब सभी पक्षों का बयान दर्ज कर शांति बनाए रखने का बंधपत्र भरवाकर आगे की कार्रवाई करेंगे।

# 19 परीक्षा केन्द्रों पर होगी सहायक अवर निरीक्षक (प्रचालक) लिखित परीक्षा, कदाचारमुक्त संचालन को लेकर अधिकारियों की ब्रीफिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अवर निरीक्षक (प्रचालक) के पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा 22 जुलाई 2026 (बुधवार) को नवादा जिले के 19 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन तथा विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज डीआरडीए सभागार में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री शम्भु शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में केन्द्राधीक्षकों, दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग टाइम पूर्वाह्न 9:30 बजे निर्धारित है तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात् पूर्वाह्न 10:30 बजे तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके उपरांत किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने सभी केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन फ्रिस्किंग सुनिश्चित की जाए। अभ्यर्थी अपने साथ प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) की स्पष्ट प्रति एवं एक वैध फोटो पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, राशन कार्ड अथवा विद्यार्थी पहचान पत्र अवश्य लेकर आएं। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, कैलकुलेटर, पेजर, इलेक्ट्रॉनिक पेन, आभूषण, धातु सामग्री, इरेजर, व्हाइटनर, ब्लेड सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री




परीक्षा केन्द्र में पूर्णतः वर्जित रहेगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों की छतों से भी निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा परीक्षा से एक दिन पूर्व एवं परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले पूरे परिसर की सघन जांच कराई जाए। केवल प्रतिनियुक्त कर्मियों को ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी।

परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी परीक्षार्थी को केन्द्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा के अंतिम 30 मिनट में शौचालय जाने की अनुमति नहीं होगी तथा विशेष परिस्थिति में शौचालय जाने वाले अभ्यर्थियों की तलाशी एवं निगरानी अनिवार्य रूप से की जाएगी।

पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) श्री निशु मलिक ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा केन्द्रों के अंदर एवं बाहर सतत निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, कदाचार अथवा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों के आसपास विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात प्रबंधन के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल जैमर, फोटोग्राफी, पर्याप्त पुलिस बल एवं आवश्यकतानुसार वाहन की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक केन्द्र पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त जोनल दण्डाधिकारी-सह-समन्वय प्रेक्षक एवं उड़नदस्ता दल की भी तैनाती की गई है। परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए समाहरणालय, नवादा में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्रीमती निरूपमा शंकर, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), नवादा तथा पुलिस कार्यालय, नवादा से पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार रहेंगे। नियंत्रण कक्ष से परीक्षा की पल-पल की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। साथ ही अग्निशमन, चिकित्सा, यातायात, वज्रवाहन, वाटर कैनन एवं अश्रु गैस आदि की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नवादा सदर-1 को परीक्षा अवधि के दौरान लगातार गश्ती करते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया। परीक्षा के दिन विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में उप विकास आयुक्त श्रीमती नीलिमा साहू एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) श्री निशु मलिक रहेंगे। बैठक में गोपनीय शाखा प्रभारी, डीसीएलआर नवादा सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी केन्द्राधीक्षक एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सहायक अवर निरीक्षक (प्रचालक) पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा को लेकर बीएनएसएस की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नवादा बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अवर निरीक्षक (प्रचालक) के पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा 22 जुलाई 2026 (बुधवार) को नवादा जिले के 19 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, श्री अमित अनुराग द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नवादा सदर अनुमंडल के अंतर्गत संचालित सभी 19 परीक्षा केन्द्रों के 500 (पाँच सौ) गज की परिधि में दिनांक 22.07.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है।

**जारी आदेश के अनुसार निम्नलिखित प्रतिबंध प्रभावी रहेंगे-**

सभी परीक्षा केन्द्रों के 500 (पाँच सौ) गज की परिधि में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, हथियार, लाठी, गड़ासा, बरछा, फरसा, चाकू, छुरा, विस्फोटक पदार्थ अथवा अन्य घातक सामग्री लेकर नहीं घूमेगा। सभी परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 500 (पाँच सौ) गज की परिधि के अंतर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान अथवा निजी परिसर में परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के कागजात, सामग्री अथवा अन्य प्रचार सामग्री का वितरण, प्रचार-प्रसार अथवा अफवाह फैलाना प्रतिबंधित रहेगा।

ऐसा कोई भी कार्य-कलाप नहीं किया जाएगा, जिससे परीक्षा के संचालन, उसकी गोपनीयता अथवा निष्पक्षता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो। सभी परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 500 (पाँच सौ) गज की परिधि में किसी भी स्थान पर 05 या उससे अधिक व्यक्तियों का बिना वैध कारण एकत्र होना प्रतिबंधित रहेगा।

परीक्षा केन्द्रों के निषेधाज्ञा क्षेत्र अथवा परीक्षार्थियों को सुनाई पड़ने वाली दूरी के भीतर ध्वनि-विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर आदि) का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई कागजात, पुस्तक, नोटबुक, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केन्द्र में नहीं ले जा सकेगा।

परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न करना अथवा अशांति फैलाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। शासकीय कार्य में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य सरकारी कर्मियों द्वारा धारित शासकीय उपकरण एवं अग्नेयास्त्र इस निषेधाज्ञा से मुक्त रहेंगे। यह आदेश दिनांक 22.07.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

# रजौली अस्पताल में वेतन संकट गहराया, 12 डॉक्टर और 35 स्वास्थ्य कर्मी सड़क पर

- स्थापना लिपिक की लापरवाही से रुका जून का वेतन, "घर चलाना हुआ मुश्किल" - कर्मी
- सभी ने एक सुर में कहा - पूर्व लिपिक को दो प्रभार, वरना ठप होगी स्वास्थ्य सेवा



रजौली अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में चिकित्सक व जीएनएम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** सरकारी अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों की सेवा करने वाले ही अब खुद परेशान हैं। रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में जून 2026 का वेतन अब तक नहीं मिलने से हड़कंप मच गया है। मामला इतना बढ़ गया है कि अस्पताल के 12 डॉक्टर और 35 जीएनएम, फार्मासिस्ट व अन्य कर्मियों ने एकजुट होकर सिविल सर्जन, नवादा को आवेदन सौंपकर बगावत कर दी है।

**"जिले में सबका हो गया, सिर्फ हमारा अटका है वेतन"** :- अस्पताल के डॉक्टरों ने आवेदन में सीधे लिखा है कि नवादा जिले के लगभग सभी प्रखंडों में जून का वेतन भुगतान हो चुका है, लेकिन रजौली में हर दिन सिर्फ टाल-मटोल की जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि "समय पर वेतन नहीं मिलने से हमारी आर्थिक, मानसिक और पारिवारिक स्थिति पूरी तरह खराब हो गई है। बच्चों की फीस, घर का खर्च, दवा... सब अटका पड़ा है।" लिखित आवेदन में डॉ. श्याम नंदन प्रसाद, डॉ. सतीश चंद्र सिन्हा, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. राघवेन्द्र गाडगी, डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. पारितोष कुमार, डॉ. सूरज कुमार, डॉ. नितिशा कुमारी, डॉ. निवेदिता नंदिनी, डॉ. खलीक गुलाम अलीशा, डॉ. मुकेश कुमार और डॉ. विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं।

**नर्सिंग स्टाफ भी उतरा मैदान में** :- डॉक्टरों के साथ-साथ अस्पताल की रीढ़ माने जाने वाले जीएनएम, फार्मासिस्ट और लैब कर्मी भी सड़क पर आ गए हैं। 35 कर्मियों ने भी चिकित्सकों के साथ संयुक्त रूप में आवेदन देकर कहा है कि वे भी वेतन नहीं मिलने से बेहाल हैं। इस मौके पर आशा कुमारी, प्रीति कुमारी, ज्योति कुमारी, संजू शिला, नेहा कुमारी, श्रुति कुमारी, अर्चना कुमारी, नीतू कुमारी, पूनिता कुमारी, पुष्पलता, नूतन कुमारी, प्रमिला सहित अन्य जीएनएम के साथ फार्मासिस्ट अशोक कुमार एवं लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार शामिल रहे। वहीं एक जीएनएम ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि "वेतन नहीं आया तो घर में चूल्हा कैसे जलेगा? हम मरीजों की सेवा करें या अपने घर की चिंता करें?"

**आरोपः नए लिपिक के आते ही बिगड़ा सिस्टम** :- दोनों आवेदनों में सबसे गंभीर आरोप वर्तमान स्थापना लिपिक पर लगा है। कर्मियों का कहना है कि पहले जो स्थापना लिपिक थे, वे समय पर सभी कागजात और वेतन का काम निपटा देते थे। लेकिन जब से नए लिपिक को प्रभार मिला है, तब से फाइलें अटकी पड़ी हैं।

**"पूर्व लिपिक को दो, वरना काम बंद"** :- 35 कर्मियों और 12 डॉक्टरों ने सिविल सर्जन से एक ही मांग की है कि तुरंत पूर्व में कार्यरत स्थापना लिपिक को रजौली अस्पताल का प्रभार दिया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। इस पूरे विवाद से मरीज और उनके परिजन भी परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर डॉक्टर और नर्स ही हड़ताल पर चले गए तो गरीब मरीज कहां जाएंगे? लोगों ने जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर दोषी लिपिक पर कार्रवाई और वेतन भुगतान की मांग की है। इस संबंध में सिविल सर्जन नवादा से फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया,तो उनका फोन स्विच ऑफ आया। अब देखना होगा कि खबरें प्रकाशित होने के बाद सिविल सर्जन इस "वेतन संकट" पर क्या कदम उठाते हैं।

# सीओ ने कृषि विभाग के अधिकारियों,कर्मियों एवं राजस्व कर्मचारियों के साथ किया बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

सीओ ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश



**कौआकोल।** कौआकोल अंचलाधिकारी (सीओ) चन्दन चौधरी ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में राजस्व कर्मचारियों,प्रखंड कृषि पदाधिकारी,कृषि समन्वयकों एवं किसान सलाहकारों के साथ बैठक कर फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। सीओ श्री चौधरी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के दौरान आने वाली आंशिक त्रुटियों के निराकरण के लिए अंचल स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाएगा,ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और उनका पंजीकरण समय पर पूरा हो सके।उन्होंने कहा कि वर्तमान में कौआकोल अंचल में मात्र 34 प्रतिशत किसानों का ही फार्मर रजिस्ट्री कार्य पूरा हुआ है। इसे बढ़ाने के लिए पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी किसान सलाहकारों, कृषि समन्वयकों एवं राजस्व कर्मचारियों को समन्वय बनाकर अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही सीओ ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए कहा कि इससे उन्हें सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। बैठक में राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर राम समेत सभी किसान सलाहकार,कृषि समन्वयक,राजस्व कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## शहीद के अधूरे सपनों को पूरा करने उतरा मानवता सेवा संघ, न्याय से लेकर कन्यादान तक निभाने का लिया ऐतिहासिक संकल्प



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास :** राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ ने मानवता,संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्भुत परिचय देते हुए बेलौटी गांव पहुंचकर शहीद भरत भूषण तिवारी के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की । संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए भरोसा दिलाया कि शहीद को न्याय दिलाने की लड़ाई अंतिम मुकाम तक लड़ी जाएगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा ।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शहीद भरत भूषण तिवारी जिस जनहित के मुद्दे जवईनिया बांध को सुदृढ़ कराने के लिए संघर्षरत थे,उस अधूरे अभियान को अब राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ पूरी मजबूती से आगे बढ़ाएगा । संगठन ने सरकार एवं प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को शीघ्र आवास उपलब्ध कराया जाए,विस्थापित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए तथा बच्चों के लिए निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,भोजन और वस्त्र की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए । राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ ने पीड़ित परिवार के प्रति आजीवन सहयोग का संकल्प लेते हुए घोषणा की कि परिवार की वयस्क बेटी के विवाह में कन्यादान से लेकर विवाह संपन्न कराने तक की पूरी जिम्मेदारी संगठन निभाएगा । साथ ही गरीब परिवार के बच्चों की निःशुल्क शिक्षा,उपनयन (जनेऊ) संस्कार तथा अन्य आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा । संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक सरकार की ओर से समुचित सहायता उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक संघ के सदस्य जवईनिया बांध क्षेत्र में पहुंचकर विस्थापित एवं जरूरतमंद परिवारों की हरसंभव आर्थिक सहायता करते रहेंगे । इस अवसर पर संघ के संस्थापक रजनीकांत पांडेय, राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे, महासचिव दशरथ मिश्रा, सचिव अखिलेश तिवारी, कोषाध्यक्ष रविकांत तिवारी, ददन पांडेय, रौशन चौबे, ऋषिकेश उपाध्याय (छोटू उपाध्याय) सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे । संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन देने में सहयोग करना है । रोटी,कपड़ा और मकान की व्यवस्था,गरीब एवं असहाय परिवारों की बेटियों का विवाह,कन्यादान तथा बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना मानवता सेवा संघ का मूल संकल्प है । मानवता सेवा संघ की इस पहल ने यह संदेश दिया कि सच्ची सेवा केवल संवेदना व्यक्त करने तक सीमित नहीं होती,बल्कि संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार का हाथ थामकर उसके भविष्य की जिम्मेदारी निभाने का नाम ही वास्तविक मानवता है ।

# बीस सूत्री बैठक में छाया रहा राजपुर बजार की सड़कों पर जल जमाव

## बैठक में कई विभागों के पदाधिकारी रहे अनुपस्थित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर-** प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम क्रयान्वयन समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को अध्यक्ष नवनीत राय उर्फ मंगरू राय के अध्यक्षता में हुआ.इस दौरान प्रखंड कार्यालय को प्राप्त नये बीडीओ प्रवीण कुमार रजक को बीस सूत्री अध्यक्ष,भाजपा मण्डल अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि,सांसद प्रतिनिधि समेत सभी सदस्यों ने पुष्प गुच्छ आदी भेंट करके सम्मानित किया.सभी ने बारी बारी से परिचय देते एक दुसरे को सम्मानित किया. बैठक को सम्बोधित करते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष ने राजपुर में पीडब्लूडी की सड़क समेत बजार के सभी सड़क पर जल जमाव व कीचड का मुद्द उठाया.बीस सूत्री कार्यालय में लाईट,पंखा आदी सुविधाओं का नहीं रहने का प्रश्न बीडीओ के समक्ष रखा.जिसे अग्रेतर कारवाई हेतु सूचीबद्ध किया गया. बैठक में प्रखंड कार्यालय के कई विभागों के पदाधिकारियों के उपस्थित नहीं रहने पर नराजगी जाहिर किया.

बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू राय ने कहा कि राजपुर चौक पर निर्मित शौचालय को जैसे तैसे चलाया जा रहा है.शौचालय भवन में बने कमरों को दुकानदारों ने अवैधानिक तरीके से दखल कब्जा कर रखा है.सही तरीके से संचालन हेतु जिलाधिकारी स्तर से टेंडर की जरूरत है. अन्य सदस्यों ने अंचल कार्यालय द्वारा क्षेत्र के रैयतों को उनके काम के लिए परेशान



किये जाने,महीनों दौड़ाने व आर्थिक करप्शन के लिए मजबूर किये जाने का आरोप लगाते हुए माहौल को गर्मा दिया.

अंचलाधिकारी के कोर्ट में जाने के कारण कोई संतोषजनक जवाब नहीं प्राप्त हुआ. कृषि कार्यालय में किसानों के हित रक्षार्थ उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी बीएसए मांगी गई.किसानों को खरीफ फसल धान का बीज नहीं प्राप्त होने पर सदस्यों ने चिंता जताई.उर्वरक की कालाबजारी पर लगाम लगाये रखने के लिये प्रशासन द्वारा उठाये गये आवश्यक कारवाई को प्रस्तुत किये जाने की मांग बीडीओ के समक्ष रखा गई.सदस्यों ने प्रखंड के विकास सम्बन्धी कई अन्य मुद्द को उठाया.जिसे कार्यालय कर्मियों ने सूचीबद्ध किया.

मौके पर थानाध्यक्ष अंशु माला,आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार, मनरेगा पीओ प्रमोद कुमार एलइओ खुशबु कुमारी,कार्यपालक सहायक अजीत कुमार गुप्ता, पशुपालन कार्यालय से प्रदीप कुमार, स्वास्थ्य विभाग से मनोज कुमार, आंगनबाडी एलएस आरती सिंह, एलएसबीए बीसी राकेश कुमार, बीएओ अखिलेश कुमार टीम आदित्य कुमार, बीस सूत्री सदस्य कुन्दन कुमार सिंह, उदय शर्मा,कृष्णा प्रसाद, विकास कुमार सिंह, राकेश कुमार संदीप कुमार गिरी, जमीला बानों, आशा देवी,दीपक कुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### भोजपुरी स्टार पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार, पवन सिंह के परिवार ने साइबर थाने में की थी एफआईआर

**गया।** भोजपुर स्टार और एमएलसी पवन सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक टप्पणी करने वाला युवक गयाजी से गिरफ्तार हुआ है। गिरफ्तार युवक सोनू यादव है। आरोप है कि सोनू ने सोशल मीडिया पर पवन सिंह, उनकी मां, बहन और पत्नी के खिलाफ आपत्तिजनक बातें लिखी थी। भोजपुरी स्टार के परिवार ने 15 दिन पहले शिकायत दर्ज कराई थी। भोजपुर साइबर थाना में एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोपी सोनू गयाजी के आमस थाना क्षेत्र की साव पंचायत तेतरिया गांव का रहने वाला है। साइबर थाना की पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और डिजिटल जांच के सहारे आरोपी की पहचान की। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की थी। काफी कोशिशों के बाद भोजपुर पुलिस ने आमस थाना की पुलिस के सहयोग से आरोपी को उसके गांव से पकड़ा। आमस थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपी सोनू यादव को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद उसे आगे की कार्रवाई के लिए भोजपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस साजिश में सोनू यादव अकेला था या उसके साथ कोई और भी शामिल था।

### जन्म दिन पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**काराकाट /रोहतास।** प्रखंड के गोड़ारी निवासी प्रितम राज ने अपने जन्मदिन को पर्यावरण के प्रति समर्पित करते हुए पौधरोपण कर एक अनूठी मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने जन्मदिन पर 11 पौधे लगाए और लोगों से स्वच्छ व सुंदर समाज के निर्माण के लिए पौधरोपण करने की अपील की। इस अवसर पर प्रीतम राज ने कहा कि 'जन्मदिन हमारे जीवन का सबसे विशेष दिन होता है। इस दिन को यादगार और सार्थक बनाने के लिए पौधारोपण सबसे उत्तम कार्य है। पेड़ लगाने से न केवल हमारा पर्यावरण हरा-भरा और स्वच्छ बनता है, बल्कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक शुद्ध और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित करते हैं।' उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है।

### बिजवनपर से तेतरावां 14 किमी लंबी 33 केवी लाइन कंप्लीट



**नालन्दा।** तेतरावां पावर सब-स्टेशन (पीएसएस) से जुड़े लाखों उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। बिजली विभाग ने बिहारशरीफ के बिजवनपर से तेतरावां तक 14 किलोमीटर लंबी 33 केवी नई बिजली लाइन का काम पूरा कर लिया है। नई लाइन को चार्ज भी कर दिया गया है। दो दिनों में तेतरावां पीएसएस को बड़ी पहाड़ी ग्रिड से बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। इस व्यवस्था के लागू होने से क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही बिजली ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। वर्तमान में तेतरावां पीएसएस को पड़ोसी जिला शेखपुरा के शेखोपुरसराय ग्रिड से बिजली दी जा रही है। दूरी अधिक होने के कारण मामूली खराबी पर भी ब्रेकडाउन की समस्या हो जाती थी। इसके अलावा, शेखोपुरसराय ग्रिड से निकली एक ही 33 केवी लाइन से कतरीसराय, वादी और घोसरावां पीएसएस भी जुड़े हैं। इस कारण गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग की समस्या से उपभोक्ता लगातार जूझ रहे थे। बड़ी पहाड़ी ग्रिड से जुड़ने के बाद अब यह तकनीकी झमेला खत्म हो जाएगा। नई व्यवस्था के तहत इलाके को 'रिंग सिस्टम' से जोड़ा गया है। तेतरावां को मुख्य रूप से बड़ी पहाड़ी ग्रिड से बिजली मिलेगी, लेकिन यदि किसी तकनीकी खराबी के कारण मुख्य लाइन बाधित होती है, तो आपात स्थिति में शेखोपुरसराय ग्रिड से भी आपूर्ति बहाल की जा सकेगी। यह दोहरी (टू-वे) व्यवस्था बिजली गुल होने की समस्या को लगभग खत्म कर देगी। निर्बाध बिजली आपूर्ति का सीधा लाभ हर वर्ग को मिलेगा। घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और छोटे उद्योग-धंधों को मजबूती मिलेगी। सबसे अधिक राहत क्षेत्र के किसानों को होगी, जो सिंचाई के लिए बिजली पर निर्भर रहते हैं। अब उन्हें खेतों में पानी चलाने के लिए बिजली की अनिश्चितता से मुक्ति मिलेगी। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (ग्रामीण), बिहारशरीफ रूपक कुमार ने बताया कि तेतरावां पीएसएस को बड़ी पहाड़ी ग्रिड से जोड़ने के लिए 14 किलोमीटर नई 33 केवी लाइन तैयार कर चार्ज कर दी गई है। अगले एक-दो दिनों के भीतर तेतरावां पीएसएस को बड़ी पहाड़ी ग्रिड से निर्बाध बिजली मिलने लगेगी।

### टोटो और बाइक की टक्कर में चार घायल, एक की हालत गंभीर

**कुरसेला (कटिहार):** कुरसेला थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित पावर हाउस के समीप सोमवार को टोटो और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुर्सेला पहुंचाया गया। घायलों की पहचान गांधी ग्राम बिंद टोली निवासी गोलू कुमार, रोशन कुमार, अशोक साहनी एवं नीतीश कुमार के रूप में हुई है। अस्पताल में चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक जांच के दौरान नीतीश कुमार की स्थिति गंभीर देखते बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### कटिहार न्यायालय में लगी विशेष अदालत चेक बाउंस के 9 मामले निष्पादित

**कटिहार।** कटिहार न्यायालय, में शनिवार को पहली बार आयोजित स्पेशल लोक अदालत का सफल आयोजन जिला जज रणवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस विशेष लोक अदालत में समाचार बनने तक 41 लाख 84 हजार 800 रुपये की समझौता राशि पर 9 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका था। इस विशेष लोक अदालत के लिए दो बेंचों का गठन किया गया था। एक बेंच का नेतृत्व एसीजेएम कुलदीप कुमार श्रीवास्तव तथा दूसरी बेंच का नेतृत्व न्यायिक दंडाधिकारी आशीष कुमार द्वारा किया गया। दोनों न्यायिक अधिकारियों के प्रयास से पक्षकारों के बीच आपसी सहमति के आधार पर लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया गया। डीएलएसए सचिव कमलेश सिंह देबू ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में केवल धारा 138 चेक बाउंस से संबंधित मामलों को रखा गया था। जो काफी सफल रही।उन्होंने कहा कि लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें केवल मुकदमों का निपटारा ही नहीं होता, बल्कि इससे आपसी रिश्तों में आई दूरियां भी समाप्त होती हैं। चूंकि चेक बाउंस के अधिकांश मामलों में दोनों पक्ष पहले से परिचित होते हैं।इसलिए समझौते के बाद उनके बीच पुराने संबंध भी पुनः स्थापित हो जाते हैं। इससे न्यायालय का समय बचने के साथ-साथ पक्षकारों को भी लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलती है। वही आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को किया जाएगा। इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# जलजमाव के बीच स्ट्रेचर पर मरीज जा रहे अस्पताल

## हॉस्पिटल कैंपस में पानी, पतली सी बाउंड्री पर चढ़कर गुजर रहे हैं लोग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में सोमवार को बारिश हुई। जिसके बाद जिले के सबसे बड़े अस्पताल अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के परिसर में जलजमाव हो गया। अस्पताल के मुख्य द्वार और इमरजेंसी वार्ड के पास पानी लग गया। इस वजह से मरीजों और उनके परिजन को भारी परेशानी होने लगी।



इमरजेंसी तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया। जलजमाव के बीच स्ट्रेचर से मरीजों को अस्पताल में ले जाया गया। कुछ लोग पानी से बचने के लिए एक छोटी सी बाऊंड्री पर चढ़कर आना-जाना कर रहे हैं।

**जलनिकासी की व्यवस्था नहीं:** स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह रास्ता अब बिल्कुल असुरक्षित हो चुका है। बुजुर्ग मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को लेकर अस्पताल आने वाले परिजनों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। अस्पताल आने वाले लोगों का आरोप है कि मुख्य द्वार और इमरजेंसी के पास जलनिकासी का सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है। बारिश के मौसम में हर साल यही नजारा देखने को मिलता है। इसके बावजूद प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन ने अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही पानी नहीं निकाला गया, तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**स्थायी समाधान की उठी मांग:** स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों की मांग है कि मुख्य गेट और इमरजेंसी के पास से तुरंत जलजमाव हटाया जाए। साथ ही, इस समस्या का कोई स्थायी हल निकाला जाए ताकि भविष्य में मरीजों को सुरक्षित रास्ता मिल सके। सुरेश विश्कर्मा ने बताया कि मेरे रिश्तेदार अस्पताल में भर्ती है। उससे मिलने के लिए जलजवाव के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में गिर जाए तो हाथ-पैर टूट सकते हैं।

# बस ने बाइक में मारी टक्कर, बहन के घर से लौट रहे भाई की मौत

### 2 युवक घायल, टोल बचाने के चक्कर में हुआ हादसा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान गराई बिगहा गांव निवासी नगीना यादव के पुत्र सुनील कुमार(30) के तौर पर हुई है। घायल निलेश कुमार और बिहारी कुमार का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना वेना थाना क्षेत्र के दोसुत रोड स्थित कश्मीरी चक पूनम भट्ठा के पास की है।

**'लापरवाही के चलते हुआ हादसा':** मृतक के भाई उदयचंद ने बताया कि सुनील बहन के घर हरौल गोधौल गया था। वहां से लौटते समय हादसे का शिकार हो गया। बस ड्राइवर टोल टैक्स बचाने के चक्कर में गलत दिशा से वाहन चला रहा था। जिसके कारण यह हादसा हुआ है।

**छानबीन में जुटी पुलिस:** वेना थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दो घायलों का इलाज चल रहा है। आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# 10 फीट जमीन के लिए मर्डर, बड़े भाई ने छोटे को मौत के घाट उतारा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। जमीन के विवाद में लोहे की रॉड से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बाराचट्टी थाना क्षेत्र के भलुआ गांव की है। मृतक की पहचान रामदेव केशरी के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक बड़े भाई गुड्डू केशरी उर्फ महेश प्रसाद से काफी समय से 10 फीट जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों उस जमीन को छोड़ने को राजी नहीं थे। इस बात को लेकर अक्सर विवाद होता था। सोमवार की सुबह भी दोनों भाइयों के बीच झगड़ा शुरू हुआ। देखते ही देखते बात काफी बढ़ गई। कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया बड़ा भाई आपा खो बैठा। गुस्से में आकर रॉड छोटे भाई रामदेव के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। हमला इतना जोरदार था कि रामदेव लहूलुहान होकर गिर पड़े। ज्यादा खून बहने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।



**पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है:** ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस गांव पहुंची। घटनास्थल का मुआयना किया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गांव से ही धर दबोचा। पुलिस उसे थाने लेकर आई है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में बाराचट्टी थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमरेंद्र किशोर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पूरा मामला जमीन के आपसी विवाद से जुड़ा हुआ लग रहा है। बड़े भाई ने तैश में आकर लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे छोटे भाई की जान चली गई। आरोपी से पूछताछ जारी है। अभी तक परिजनों की तरफ से कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। शिकायत मिलते ही केस दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ करगहर में उग्र आक्रोश मार्च, केंद्रीय शिक्षा मंत्री व प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों और युवाओं के आंदोलन के समर्थन में सोमवार को करगहर में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेतृत्व में छात्र-नौजवानों, किसानों, मजदूरों एवं आम नागरिकों ने आक्रोश मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व भाकपा के अंचल मंत्री एवं महागठबंधन समर्थित करगहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी महेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।




आक्रोश मार्च करगहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए निर्धारित स्थल पर पहुंचा, जहां छात्रों के समर्थन में सभा आयोजित की गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक, परीक्षा अनियमितताओं, बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि वर्षों की मेहनत के बावजूद छात्रों को निष्पक्ष परीक्षा का अधिकार नहीं मिल पा रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य संकट में है।

सभा को संबोधित करते हुए महेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकार को परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए तथा पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केवल परीक्षा का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य और विश्वास का प्रश्न है।

प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग कर नई पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने, नीट-यूजी सहित अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने तथा छात्रों-युवाओं की अन्य मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की गई।

आक्रोश मार्च में रूपैठा पंचायत के सहुआर गांव के 35 लाल कार्डधारियों ने भी भाग लिया। उन्होंने बंदोबस्त की जमीन की नापी कराकर कब्जा बरकरार रखने और सभी पात्र परिवारों को उसी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की मांग उठाई।

कार्यक्रम में रविशंकर पासवान, जगनारायण प्रसाद गुप्ता, फेकू सेठ, रामचंद्र राम, सुग्रीव राम, विश्वनाथ पासी, जयप्रकाश गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, रमजान अंसारी, श्याम बिहारी साह सहित बड़ी संख्या में छात्र-नौजवान, किसान, मजदूर और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। अंत में सभी ने शिक्षा में पारदर्शिता, युवाओं के अधिकारों की रक्षा और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# कंटेनर से 62 मवेशी बरामद, तस्करी के लिए नेपाल ले जाया जा रहा था

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में बजरंग दल और गौ सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने मवेशियों से लदे एक कंटेनर को पकड़ा है। मवेशियों को नेपाल ले जाया जा रहा था। पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर लिया है। मौके से ड्राइवर और खलासी की घिरफ्तारी हुई है। को जब्त करते हुए दो लोगों (चालक और खलासी) को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोहसराय थाना क्षेत्र के ताराचंद होटल के पास की है।



**रामचंद्रपुर से किया गया पीछा:** बजरंग दल के कार्यकर्ता विक्की सिंह हिंदू ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रामचंद्रपुर की ओर से एक संदिग्ध कंटेनर मवेशियों को लेकर गुजर रहा है। सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं ने रामचंद्रपुर से ही वाहन का पीछा करना शुरू कर दिया और ताराचंद होटल के पास ओवरब्रिज पर उसे घेरकर पकड़ लिया। कंटेनर में 62 मवेशियों को ठूस ठूस कर भरा था। उन्हें खड़े होने या बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही थी। इतनी बड़ी मात्रा में पशुओं की तस्करी पुलिस की मौजूदगी में कैसे हो रही है, यह जांच का विषय है। इस अवैध धंधे में शामिल गाड़ी के चालकों के अलावा असली मालिकों और इस साजिश में शामिल मुख्य आरोपियों पर भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

**तस्करों को पकड़ने में इनका रहा सहयोग:** इस पूरी कार्रवाई में गौ सेवा दल और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई। जिनमें प्रमुख रूप से अभिषेक रौशन उर्फ वीरा, लव कुमार, प्रिंस, जेरी, शांतनु कुमार, मोहित कुमार, आयुष पांडे, विशाल सिंह शामिल रहे।

**'प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है':** मामले की पुष्टि करते हुए सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में लिखित आवेदन मिला है। पुलिस ने मवेशी लदे कंटेनर को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस अवैध तस्करी का मुख्य सरगना कौन है और यह वाहन किसका है।

# फौजी के घर में डकैती, मां को बेरहमी से पीटा, जेवर और कीमती सामान लूटकर फरार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी के टिकारी पंचाचनपुर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने फौजी के घर को निशाना बनाया है। घर में मौजूद बुजुर्ग मां-पिता के साथ भी मारपीट की गई है। बदमाश घर से सोने-चांदी के गहने और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए।

**10-12 की संख्या में आए थे बदमाश:** पीड़ित फौजी के अनुसार घटना देर रात की है। करीब 10 से 12 की संख्या में बदमाश घर में घुसे थे। सभी ने अपने चेहरा कवर कर रखा था। इस बीच मां जाग गई। शोर मचाते हुए कहा सभी को पहचान रहे हैं। इस पर डकैतों ने पहले उनका गला दबा दिया। फिर बरेहमी से पिटाई कर दी। हमले में हाथ की हड्डी टूट गई है । शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पहले भी हो चुकी है चोरी:** पीड़ित का कहना है कि 6 महीने पहले भी दशहरा के समय उनके घर में चोरी हुई थी। उस समय भी एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी। हम तीन भाई हैं और तीनों फौज में हैं। घर पर मां-पिताजी रहते है। रात करीब 12:30 से 1:00 बजे के बीच पड़ोसी ने फोन कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मैं गयाजी से निकला।

**जांच के लिए FSL टीम को बुलाया:** घटना की सूचना के बाद एसडीपीओ समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को फिलहाल घर के सामान को छूने से मना किया है। बताया गया कि FSL टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाकर जांच कराई जाएगी। इसके बाद ही चोरी हुए सामान की कुल कीमत का पता चल सकेगा। एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल का कहना है कि परिजनों की ओर से अभी आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।





# ढोल-नगाड़ों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा, 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** बिहारशरीफ के पहाड़पुर मोहल्ले में सोमवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां 24 घंटे के अखंड कीर्तन के आयोजन से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। भारी बारिश भी श्रद्धालुओं के आस्था को डिगा नहीं सके। मूसलाधार बारिश के बीच भींगते हुए बच्चे, युवा, युवतियां और महिलाएं पूरी श्रद्धा के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुईं।



**गाजे-बाजे के साथ निकली यात्रा:** आयोजन समिति के सदस्य राजवीर ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य आकर्षण कलश शोभायात्रा रही। इसमें कुल 171 श्रद्धालुओं ने सिर पर पवित्र कलश धारण किया। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे की गूंज के साथ यह शोभायात्रा देवी स्थान से उत्साह के साथ रवाना हुई। पूरे मोहल्ले का भ्रमण कर पंचाने नदी के तट पर पहुंची। वहां विधिवत मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद जलभरी की गई, जिसके पश्चात कलशों को लेकर श्रद्धालु वापस देवी स्थान पहुंचे।

**अखंड कीर्तन और ग्रामता पूजा का शुभारंभ:** नदी तट से जल भरकर लौटने के बाद देवी स्थान पर कलशों की स्थापना की गई। इसके साथ ही 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ हो गया। कीर्तन की गूंज से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। आयोजकों ने बताया कि इस अनुष्ठान के दौरान क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए पारंपरिक ग्रामता पूजा का भी विशेष आयोजन किया गया है, जिसमें ग्रामीण बढ़-चढ़कर आहुति और पूजा-अर्चना कर रहे हैं।



**भारी बारिश भी नहीं रोक पाई कदम:** रविवार से हो रही भारी बारिश के कारण सड़कों पर जलजमाव और फिसलन की स्थिति बन गई थी, लेकिन पहाड़पुर मोहल्ले के लोगों का उत्साह इससे बिल्कुल भी कम नहीं हुआ। हर आयु वर्ग के लोग हाथों में झंडे और छाते लिए, बारिश की परवाह किए बिना कतारबद्ध होकर इस शोभायात्रा की शोभा बढ़ाते नजर आए। इस तरह का सामूहिक आयोजन आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करता है।

**सबकी रही सराहनीय भागीदारी:** इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में पहाड़पुर मोहल्ले के प्रत्येक नागरिक ने अपना योगदान दिया। आयोजन समिति और प्रमुख सहयोगियों में अभिषेक कुमार, पंकज कुमार, शैलेंद्र कुमार उर्फ राइडर, अमन कुमार, निक्कू कुमार, वीरेश कुमार, अजीत कुमार, अंकुश कुमार, रोशन कुमार, धर्मेंद्र कुमार उर्फ गुरुजी, राहुल कुमार, राजवीर, प्रमोद कुमार, विक्की कुमार, रूपेश कुमार और गोलू कुमार समेत समस्त पहाड़पुर मोहल्ले के निवासियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## संक्षिप्त समाचार

### वारंटी पर काराकाट पुलिस का शिकंजा करूप गांव से अभियुक्त गिरफ्तार

**काराकाट/ रोहतास:** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के अभियान तहत काराकाट पुलिस ने सोमवार को एक वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के करूप गांव निवासी सखू साह उर्फ लखु साह के पुत्र बिंदेश्वर साह उर्फ बहादुर साह को न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वारंटी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । थानाध्यक्ष ने कहा कि फरार वारंटियों और अपराधियों के विरुद्ध पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है तथा कानून से बचने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा ।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय कुरुर बना अब मॉडल स्कूल ग्रामीण सहित इलाका में खुशी की लहर

**काराकाट/ रोहतास।** प्रखंड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुरुर को अब 'मॉडल स्कूल' का दर्जा प्राप्त हो गया है। रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लाइव टेलीकास्ट के जरिए इस विद्यालय का उद्घाटन किया और इसका नामकरण 'सरस्वती विद्या निकेतन' किया। विद्यालय को मॉडल स्कूल का दर्जा मिलने से शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। उद्घाटन के अवसर पर विद्यालय को भव्य रूप से सजाया गया था। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली और गुब्बारों की सजावट ने भवन की सुंदरता को और बढ़ा दिया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रभारी बीईओ अरविंद कुमार ने बताया कि बिहार के कुल 551 ऐसे उच्च माध्यमिक विद्यालयों को मॉडल स्कूल का दर्जा दिया गया है, जिनका आज मुख्यमंत्री द्वारा एक साथ ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक विद्यालय के लिए अपनी जमीन उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक यह वर्तमान परिसर में ही संचालित होगा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार, विद्यालय के समस्त शिक्षक छात्र छात्रा सहित ग्रामीण सहित अन्य मौजूद थे।

### मारपीट के एक अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**बिक्रमगंज :** बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 475/26 में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट मामले के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम खेलड़िया निवासी राज कुमार शर्मा को मारपीट से संबंधित दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया । पुलिस द्वारा आवश्यक पूछताछ एवं कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया,जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी । किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।

### मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल आठ नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नासरीगंज/ रोहतास :** नासरीगंज पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल आठ नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया । सभी आरोपियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि कांड संख्या 245/26 के आलोक में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126 (2)/115(2)/109/303(2) एवं 352 के तहत दर्ज मामले में उपेंद्र पासवान व वीरेंद्र पासवान दोनों पिता स्व. मूरत राम तथा अमरजीत कुमार पिता उपेंद्र पासवान तो वहीं दूसरे मामले में कांड संख्या 246/ 26 के आलोक में बीएनएस की धारा 126(2)/115(2)/109 एवं 3(5) के तहत दर्ज मामले में हृदयानंद राम पिता स्व.राम प्रसाद राम,गुड्डू पासवान पिता हृदयानंद राम,विवेक पासवान पिता गिरजा पासवान,संजय कुमार पिता दुर्गा पासवान तथा गिरजा पासवान पिता राम प्रसाद राम सभी साकिम सुकहरा डिहरी थाना नासरीगंज को गिरफ्तार किया गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मामलों में गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक प्रक्रिया के तहत अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । श्री कुमार ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ।

### शादी के नाम पर ठगी करने वाली दुल्हन समेत 4 गिरफ्तार डालमियानगर पुलिस ने 1.40 लाख रुपये की ठगी का किया खुलासा, 2 आरोपी फरार

**डेहरी (रोहतास)** शादी कराने के नाम पर मध्यप्रदेश के युवक से 1 लाख 40 हजार रुपये की ठगी कर फरार हो रही दुल्हन और उसके गिरोह को डालमियानगर पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने दुल्हन, उसकी मां, बहन और एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरोह के 2 अन्य सदस्य फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि 19 जुलाई की रात करीब 10 बजे सूचना मिली थी कि मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के करौलाल कलार निवासी मेरूलाल कलार को शादी के नाम पर बुलाकर उनसे 1.40 लाख रुपये ले लिए गए और शादी करा दी गई। शादी के तुरंत बाद दुल्हन पक्ष के लोग डिहरी ऑन सोन स्टेशन से ट्रेन पकड़कर भागने की फिराक में थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-01 डिहरी सत्य काम के निर्देश पर टीम गठित की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुल्हन रुबी उर्फ अनीशा कुमारी, उसकी मां गीता देवी, बहन अनीता कुमारी और राजू राठौर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दुल्हन रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के महरौत गांव की रहने वाली है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह शादी के नाम पर बाहर के लड़कों को निशाना बनाकर ठगी करता था। पुलिस ने वादी के बयान पर कांड संख्या 160/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4) और 111(3) के तहत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### नीट परीक्षा में सत्यम कुमार की सफलता से क्षेत्र में खुशी, ज्ञान केन्द्र स्कूल में हुआ सम्मान



**नोखा (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र सत्यम कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में सफलता हासिल कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। सत्यम कुमार की प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान केन्द्र स्कूल से हुई है। उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं छात्रों ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि सत्यम कुमार की मेहनत, लगन और अनुशासित अध्ययन का परिणाम है कि उन्होंने नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। इस मौके पर ज्ञान केन्द्र स्कूल के प्रधानाध्यापक श्रीनाथ राम मनोज कुमार चंद्रवंशी दिवाकर मिश्रा , बृजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार शर्मा, रामप्रवेश सिंह,मो, हसनैन ख़ान,जगत भूषण पटेल एवं सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने सत्यम कुमार को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# साप्ताहिक समन्वय बैठक की गई आहूत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम।** डी.आर.डी.ए. सभागार, सासाराम में जिला पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उपस्थित सभी विभाग के पदाधिकारी से क्रमानुसार उनके विभाग में लंबित कार्य के निष्पादनार्थ अंतर्विभागीय सहयोग हेतु चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा उक्त समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम विधि शाखा से प्राप्त प्रतिवेदन में लंबित CWJC/MJC वादों के निष्पादन की समीक्षा की गई, जिसमें सर्वाधिक लंबित मामलों में अंचल अधिकारी,सासाराम/कोचस/डेहरी/शिवसागर/दिनारा और बिक्रमगंज, अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम/बिक्रमगंज,जिला सहकारिता पदाधिकारी रोहतास,अपर समाहर्ता, रोहतास, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,रोहतास, डीपीओ आईसीडीएस आदि से लंबित उक्त CWJC/MJC वादों में माननीय न्यायालय में प्रतिशपथ (counter affidavit) दायर करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला विधि शाखा प्रभारी द्वारा बताया गया की इस सप्ताह में MJC मामलों में 4 और CWJC मामलों में 11 का प्रतिशपथ माननीय उच्च न्यायालय,पटना में दायर कर दिया गया है। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी,रोहतास द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की इस सप्ताह में न्यूनतम 30 मामलों में प्रतिशपथ दायर कर जिला विधि शाखा को सूचित किया जाय।बताया गया।

तदोपरांत जिला पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की गई और सभी पदाधिकारियों को ससमय व गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में जनता दरबार, CPGRAM, CM डैशबोर्ड इत्यादि से भी प्राप्त



आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी,रोहतास के द्वारा सभी नगर निकाय में STP/MRF/वेंडिंग जोन इत्यादि निर्माण हेतु सभी संबंधित अंचल अधिकारी को एक सप्ताह के अंदर वांछित भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। आपदा प्रबंधन की समीक्षा में सभी अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया की विगत 2 से 3 साल से पुराने मुआवजा संबंधित मामलों को त्वरित निष्पादित करते हुए लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जाय। साथ ही सभी विभाग के पदाधिकारियों को विभिन्न मदो में पूर्व में प्राप्त आवंटन के खर्च के बाद लंबित U C जिला भेजने का निर्देश दिया गया।

उक्त के अतिरिक्त उपस्थित सभी पदाधिकारियों यथा- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, LAEO-01, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल रोहतास/बिक्रमगंज, कार्यपालक अभियंता, PHED, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, सिविल सर्जन, रोहतास इत्यादि से क्रमवार अंतर-विभागीय समस्या के तहत जमीन उपलब्धता संबंधी बातें बताई गईं, जिनके आलोक में संबंधित अंचल अधिकारी तथा अपर समाहर्ता, रोहतास को आपसी समन्वय स्थापित कर संबंधित विभाग को भूमि उपलब्ध कराने व समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास के द्वारा भी सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा किए गए पत्राचार के आलोक में भवनों के निर्माण/योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु वांछित भूमि उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त बैठक में सभी विभाग की योजनाओं के प्रगति प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारी को कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देशित किया गया की अगली साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अपने विभाग के समस्या बिंदुओं को उल्लेख करते हुए अंतर्विभागीय सहयोग के संदर्भ में PPT तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी उपस्थित पदाधिकारियों को दिया गया।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त,रोहतास,अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी,रोहतास,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रोहतास, सिविल सर्जन,जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास, नगर आयुक्त, नगर निगम, सासाराम, निदेशक डी.आर.डी.ए.,जिला शिक्षा पदाधिकारी,रोहतास सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए एवं वी.सी. (V.C.) के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी,सभी आपूर्ति पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी,नगर निकाय,रोहतास जिला इत्यादि शामिल हुए।

## आरपीएफ ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार, चोरी का मोबाइल बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डेहरी(रोहतास)।** रेलवे सुरक्षा बल, डेहरी ऑन सोन पोस्ट ने प्लेटफार्म पर महिला यात्री का मोबाइल चोरी कर भाग रहे एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक राज किशोर कच्छवाहा के निर्देशन में उप निरीक्षक अमरजीत दास, प्रधान आरक्षी एस. ए. सिद्दीकी और आरक्षी नागेंद्र कुमार शनिवार को डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर गश्त, चेकिंग और आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 4-5 के पूर्वी छोर, रेल किमी 554/26 के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में भागता हुआ दिखाई दिया। आरपीएफ जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक विवो कंपनी का मोबाइल बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये है।

पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम छोटू नट उर्फ मालिक, उम्र 18 वर्ष, पिता कौशल नट, निवासी भुइयां टोला, केसो मार्केट, थाना बारुण, जिला औरंगाबाद




बताया। उसने स्वीकार किया कि उसने यह मोबाइल प्लेटफार्म पर एक महिला यात्री के बैग से चोरी किया था। आरपीएफ ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में नामजद करते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद जब्त मोबाइल के साथ उसे आगे की कार्रवाई के लिए रेल थाना डेहरी ऑन सोन को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक कच्छवाहा ने बताया कि त्योहार और भीड़ के मद्देनजर स्टेशन पर निगरानी बढ़ा दी गई है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपना सामान और मोबाइल सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत आरपीएफ को दें।

## विरोध के लोकतांत्रिक अधिकार पर हमले के विरुद्ध देशव्यापी छात्र आंदोलन का लोक संघर्ष मोर्चा ने किया समर्थन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम।** लोक संघर्ष मोर्चा, सासाराम-रोहतास विरोध के लोकतांत्रिक अधिकार पर हमले के विरुद्ध देशव्यापी छात्र आंदोलन का लोक संघर्ष मोर्चा ने किया समर्थन, आज दिनांक 20 जुलाई 2026 (सोमवार) को लोक संघर्ष मोर्चा, सासाराम-रोहतास की एक आपात बैठक हसन शाह सूरी मकबरा परिसर में सुबह 9, बजे आयोजित की गई। बैठक में उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था, शिक्षा के केंद्रीकरण, निजीकरण एवं व्यावसायीकरण का विरोध करते हुए केंद्र सरकार से जवाबदेही तय करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई।

मोर्चा के संस्थापक सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले 29 दिनों से छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण धरना देकर उच्च शिक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के लिए केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के केंद्रीकरण, निजीकरण और व्यावसायीकरण की नीतियों ने छात्रों एवं उनके अभिभावकों पर भारी मानसिक एवं आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इन परिस्थितियों से हतोत्साहित होकर लगभग 20 छात्रों ने अपनी जान गंवा दी है। उन्होंने सरकार से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।

मोर्चा के अध्यक्ष पप्पू कुमार सोनी ने कहा कि पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सहित आंदोलनकारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक उनसे सार्थक संवाद स्थापित करने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज सुनना सरकार का दायित्व है। उन्होंने जंतर-मंतर से प्रस्तावित शांतिपूर्ण संसद मार्च का समर्थन करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

मोर्चा के महासचिव संजय वैश्य 'समाजवादी' ने कहा कि देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र, शोधार्थी और सामाजिक कार्यकर्ता लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा तथा शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी शांतिपूर्ण आंदोलन को बलपूर्वक दबाने के बजाय सरकार को संवाद और संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए। लोक संघर्ष मोर्चा देशभर में चल रहे शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करता है।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(आवश्यक सूचना)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–957 दिनांक–15.06.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालीन निविदा सं0–04/2026–27 जिसका PR NO-06410 (BCD) 2026-27 में भाग लेने वाले संबंधित संवेदकों के निविदा की जाँच की गयी। जाँचोपरांत सफल निविदाकारों, द्वारा परिमाण विपत्र में अंकित दर एक समान होने के कारण दिनांक–30.07.2026 को 11:30 बजे अपराह्न में लॉटरी की तिथि निर्धारित की जाती है।

अतः सभी सफल निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ससमय लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नही होगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.008088 (BCD) 2026-27
नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

## नवनिर्मित अतिथि गृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम ।** रोहतास जिले के ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला एवं पहाड़ी गांवों के विकास, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार तथा पहाड़ी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक, रोहतास रौशन कुमार ने स्थलीय जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने रोहतासगढ़ पंचायत भवन के पास स्थित नवनिर्मित अतिथि गृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में पर्यटन विकास, सड़क संपर्क, विद्युत एवं ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण तथा स्थानीय लोगों के लिए आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने रोहतासगढ़ किला परिसर में स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के कर्मा वृक्ष के संरक्षण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का चयन करने का निर्देश जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही रोहतासगढ़ रोपवे परियोजना की गुणवत्ता, निर्माण मानकों एवं कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पहाड़ी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोलर प्लांट की स्थापना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पहाड़ी गांवों में बिजली पहुंचाने की योजना पर भी मंथन किया गया तथा बताया गया कि वन विभाग से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के तुरंत बाद संबंधित कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि रेहल से चौरासन मंदिर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण में आ रही प्रशासनिक एवं तकनीकी बाधाओं को शीघ्र दूर कर परियोजना को गति प्रदान की जाएगी। चौरासन मंदिर के क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत कर आवश्यक स्थानों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेलिंग लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही मंदिर परिसर के समीप लोगों की सुविधा के लिए शौचालय का निर्माण कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि रेहल थाना भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। नेटवर्क एवं सैटेलाइट कनेक्टिविटी उपलब्ध होते ही थाना विधिवत कार्य करना शुरू कर देगा। अधिकारियों द्वारा बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा रोहतासगढ़ किला परिसर में विभिन्न संरक्षण एवं विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन कार्यों में संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण एवं पर्यटन विकास दोनों समानांतर रूप से आगे बढ़ सकें। जिला पदाधिकारी ने कहा कि रोहतासगढ़ किला देश की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। यहां सड़क संपर्क, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। जिला प्रशासन रोहतासगढ़ क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, प्रभारी पर्यटन पदाधिकारी, वन विभाग के अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




PR No.- 008267 (Animal)D. 2026-27

- संभावित बाढ़/सुखाड़ की स्थिति के मद्देनजर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान बिहार, पटना के पीछे में अवस्थित पशुपालन निदेशालय में आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।
- यह नियंत्रण कक्ष सोमवार से शानिवार तक 8.00 बजे पूर्वाह्न से 07.00 बजे अपराह्न तक दो पालियों में कार्यरत रहेगा।
- नियंत्रण कक्ष में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों के अलावा सहायक कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।
- बाढ़/सुखाड़ से पशुपालन संबंधी किसी प्रकार की शिकायत/सुझाव नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष संख्या 0612–2230942 एवं ई–मेल ahdapdabih@gmail.com पर दी जा सकती है।
- सभी जिला पशुपालन पदाधिकारियों को भी जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का आदेश दिया गया है।
- राज्यवासियों/पशुपालकों से अनुरोध है कि बाढ़/सुखाड़ की स्थिति में संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी के साथ–साथ आपदा नियंत्रण कक्ष पर भी सम्पर्क स्थापित करें।

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

## संक्षिप्त समाचार

### 3-4 दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश

**अररिया।** अररिया में पिछले तीन-चार दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश सोमवार को तेज हो गई। रविवार देर रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश सोमवार दोपहर करीब 1 बजे तक जारी रही। जिससे पूरा शहर जलमग्न हो गया। सड़कों पर एक से डेढ़ फीट तक पानी जमा होने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। कई बच्चे स्कूल नहीं जा सके और आमजन को दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के प्रमुख इलाकों में जलजमाव की स्थिति गंभीर रही। अररिया बस स्टैंड परिसर में लगभग डेढ़ फीट पानी भर जाने से यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हुई। सदर अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम हाउस और पीकू वार्ड की ओर जाने वाले रास्तों पर भी पानी जमा हो गया। जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जलजमाव के कारण संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। समाहरणालय परिसर में भी पानी भरने से सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को परेशानी हुई। लगातार बारिश के कारण जिला मुख्यालय से गुजरने वाली परमान नदी के जलस्तर में भी हल्की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे निचले इलाकों के लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात बेहतर नहीं हैं। जिला मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर बसंतपुर पंचायत के कोशकीपुर वार्ड संख्या-2 में हल्की बारिश के बाद ही सड़क पर गंभीर जलजमाव हो गया। कोशकीपुर चौक से वार्ड संख्या-1 और 2 को जोड़ने वाली सड़क पर पानी भर जाने से स्थानीय लोगों और मस्जिद आने-जाने वाले नमाजियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, हटिया रोड और बसंतपुर बाजार की सड़कें कीचड़ से भर गई हैं। बाजार पहुंचने वाले लोगों और दुकानदारों को फिसलन और जलजमाव के कारण आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शहर और ग्रामीण इलाकों में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बारिश के दौरान होने वाली इस समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

### चौथे गार्गी पाठशाला की शुरुआत

**भागलपुर।** लेट्स इंस्पायर बिहार के प्रणेता आईपीएस विकास वैभव के प्रेरणा एवं भागलपुर चैप्टर के मुख्य समन्वयक अंशु सिंह के सहयोग एवं श्री विद्या समाज सेवा फाउंडेशन की डायरेक्टर अनीता कुमारी के सौजन्य से गोनूधाम में चौथे गार्गी पाठशाला की शुरुआत की गई। यहां बच्चों के लिए ड्रेस, कॉपी, पेंसिल, कटर, इरेजर, जूता सभी को निशुल्क दिया जा रहा है। इस अवसर पर सुप्रिया सिंह, वर्षा प्रीत, सुप्रिया कुमारी, रूपा, जानकी देवी, संगीता, कुसुम, और नीतू व श्रेया आदि उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहन दीं। इस अवसर पर डायरेक्टर अनीता कुमारी ने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सोनू बाबा और पंकज बाबा, नीतू कुमारी, रूपा, रश्मि व मुस्कान कुमारी का भी योगदान रहा।

### अंगिका लघुकथा संग्रह "भनसा घरो के गोसांय' का लोकार्पण

**भागलपुर।** बरारी में कथाकार व फिल्मकार शीतांशु अरुण के अंगिका लघुकथा संग्रह "भनसा घरो के गोसांय" का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में डॉ. अमरेंद्र ने कहा कि केवल प्रशंसा से रचना श्रेष्ठ नहीं बनती हर व्यक्ति के अनुभवों में कहानी छिपी है, उसे सावधानी से कागज पर उतारना जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि कहानी का समापन सही बिंदु पर हो, अनावश्यक विस्तार से उसकी आत्मा कमजोर पड़ती है। मुख्य अतिथि कथाकार व समीक्षक रंजन ने संग्रह की कहानियों को मनुष्यता का पाठ पढ़ाने वाली बताते हुए कहा कि इनमें पात्रों के साथ गांव और माटी भी बोलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश सूर्य ने की। लेखक शीतांशु अरुण ने कहा कि विद्वानों की सलाह के आधार पर वे आगे की रचनाओं में सुधार का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मुरारी मिश्र, इंद्रदेव, जयंत जलद आदि ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन राजकुमार ने किया।

### एमएससी पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त 1,331 आवेदनों में 1,242 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए

**भागलपुर।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातकोत्तर और पीएचडी पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए रविवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले ही कक्षावार सीट प्लान जारी कर सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। एमएससी पाठ्यक्रम के लिए 1,331 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1,242 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 741 पुरुष और 501 महिला अभ्यर्थी थे। वहीं पीएचडी कार्यक्रम के लिए प्राप्त 357 आवेदनों में से 305 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस श्रेणी में 181 पुरुष और 124 महिला अभ्यर्थी शामिल रहे। पीएचडी में उपस्थिति 87.89 प्रतिशत दर्ज की गई। दोनों पाठ्यक्रमों को मिलाकर कुल 1,547 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। बीएयू के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने परीक्षा के सफल आयोजन पर केंद्राधीक्षकों, परीक्षा नियंत्रकों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के चयन में पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रवेश प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्ध है।

### अंगीभूत कॉलेजों को उच्च शिक्षा विभाग के अधीन लाने के प्रस्ताव का विरोध शुरू

**भागलपुर।** राज्य के अंगीभूत कॉलेजों को उच्च शिक्षा विभाग के अधीन लाने संबंधी संभावित विधेयक का विरोध तेज होने लगा है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं कॉलेज कर्मचारी महासंघ के भागलपुर प्रक्षेत्रीय मंत्री सुशील मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रस्तावित व्यवस्था को विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता के विरुद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालय और अंगीभूत कॉलेज बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-1976 के तहत संचालित हो रहे हैं। प्रस्तावित व्यवस्था लागू होने पर कॉलेजों के स्थानांतरण, पदस्थापन, प्रशासनिक और संस्थागत संचालन जैसे अधिकार विश्वविद्यालयों से निकलकर जिला कार्यपालिका और उच्च शिक्षा विभाग के अधीन चले जाएंगे। इससे विश्वविद्यालयों की प्रशासनिक स्वायत्तता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था उच्च शिक्षा की मौजूदा संरचना को कमजोर कर सकती है। सुशील मंडल ने शिक्षक, कर्मचारी और छात्र संगठनों से प्रस्तावित विधेयक के विरोध में एकजुट होने की अपील की।

### स्टेट टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की प्रखंड इकाई गठित

**भागलपुर।** टीएनबी कॉलेज परिसर में शनिवार को बिहार स्टेट टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की नाथनगर प्रखंड इकाई का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्रा ने की। सर्वसम्मति से सुबोध कुमार को प्रखंड अध्यक्ष, संजीव कुमार को प्रखंड सचिव, अब्दुल कादिर को कोषाध्यक्ष, अमरनाथ मिश्रा को प्रखंड उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में शिक्षकों से जुड़े लंबित मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें सभी श्रेणियों के शिक्षकों के बकाया अंतर वेतन का भुगतान, प्रधान शिक्षकों के वेतन संरक्षण, डीए-एचआरए, अन्य बकाया राशि का भुगतान, सेवा पुस्तिका का संधारण, नगर निगम क्षेत्र के राज्यकर्मी शिक्षकों को शहरी परिवहन भत्ता, आवास भत्ता शामिल हैं। सेवानिवृत्त नियोजित शिक्षकों के अर्जित अवकाश भुगतान, पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग भी उठी। मिश्रा ने कहा कि जल्द ही सभी प्रखंडों में इकाइयों का गठन किया जाएगा।

### कन्या मध्य विद्यालय के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन

**भागलपुर।** नया बाजार स्थित राजकीय मदनलाल कन्या मध्य विद्यालय के नवीनीकृत भाग का उद्घाटन रविवार को नगर विधायक रोहित पांडेय और महापौर डॉ. बसुंधरा लाल ने किया। श्री दरबारी लाल धर्मफंड द्वारा स्कूल के दो हॉल, परिसर और उद्यान क्षेत्र का जीर्णोद्धार कराया गया है। साथ ही दानदाता दिवंगत मदन लाल अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कराटे का प्रदर्शन किया। विधायक व महापौर ने धर्मफंड के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे सशक्त समाज के निर्माण में प्रभावी बताया।

# जिले में 182 पंचायतों में खुलेंगे 'जीविका सुधा बिक्री केंद्र'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका।** बांका जिले की ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जीविका परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ (सुधा) के सहयोग से जिले की सभी 182 पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से जीविका सुधा बिक्री केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यह योजना राज्य सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम का हिस्सा है।

**बिक्री केंद्र की स्थापना को सहायता राशिः** इस योजना का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रत्येक बिक्री केंद्र की स्थापना के लिए अधिकतम 60 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। लाभुक महिला को कार्यशील पूंजी के रूप में 15 हजार रुपये का स्वयं निवेश करना होगा। अनुदान की राशि से 300 लीटर क्षमता का डीप फ्रीजर, विजी कूलर, दुकान की ब्रांडिंग, रंगाई-पुताई और आवश्यक मरम्मत सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**जिला स्तर पर 1 विशेष संचार टीम का गठनः** बिक्री केंद्र सुचारु रूप से संचालित हो सके। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से जुड़ी जीविका दीदियों को इस योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर एक विशेष संचार टीम का गठन किया गया है। यह टीम पंपलेट,पोस्टर,बैनर और अन्य प्रचार सामग्री के माध्यम से पंचायत स्तर तक योजना की जानकारी पहुंचाएगी।

**केंद्र के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइनः** इसके अतिरिक्त, सीएलएफ, वीओ, बीपीआईयू और स्वयं सहायता समूहों की बैठकों में भी महिलाओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और आवेदन प्रक्रिया में सहयोग किया जाएगा। सुधा बिक्री केंद्र के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। अब तक जिले से 25 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। आवेदन भरने में जीविका के एरिया समन्वयक और क्लस्टर समन्वयक लाभुक महिलाओं की सहायता कर रहे हैं।

**आधार,मोबाइल नंबर, लोकोल आईडी अपलोड करेंः** आवेदन के साथ आधार कार्ड,मोबाइल नंबर, लोकोल आईडी,दुकान का फोटो,बिजली कनेक्शन का प्रमाण, पासपोर्ट आकार का फोटो तथा दुकान के स्वामित्व अथवा किरायानामा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है।

## मूसलाधार बारिश, शहर में जलजमाव, रेल पटरी पर भरा पानी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर जिले में रविवार शाम से हो रही लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। सोमवार दोपहर तक जारी मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई है। नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत क्षेत्रों के साथ-साथ जमालपुर रेल कारखाना परिसर में भी पानी भर गया है, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बारिश के कारण जमालपुर-किऊल रेलखंड के कजरा स्टेशन के पास रेल पटरी पर पानी जमा हो गया है। इस जलजमाव से ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा है और कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। जमालपुर स्टेशन पर रेल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**नगर पंचायत में भी जलभराव की स्थिति बनी हुईः** सड़क मार्ग पर भी बारिश का व्यापक असर देखा गया है। मुंगेर से जमालपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सफियाबाद से जमालपुर के बीच कई स्थानों पर सड़कों पर पानी जमा होने से वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं। छोटे वाहन चालकों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। हवेली खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र, तारापुर और असरगंज नगर पंचायत में भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, इस बारिश से किसानों को काफी लाभ हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में जिन किसानों ने अब तक धान की रोपाई शुरू नहीं की थी, उन्होंने अब रोपाई का काम शुरू कर दिया है।

## नए डीडीसी ने संभाला पदभार, जिले की लंबित योजनाओं के बारे में अधिकारियों ने दी जानकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**भागलपुर।** भागलपुर जिले के नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त (डीडीसी) रवि राकेश ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। डीआरडीए के अधिकारियों ने डीडीसी को जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों और लंबित परियोजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने जिले में चल रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति से भी उन्हें अवगत कराया, ताकि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा सकें। रवि राकेश का तबादला पूर्णिया से भागलपुर किया गया है। इससे पहले वे पूर्णिया में विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

**विकास योजनाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देशः** पदभार संभालने के बाद रवि राकेश ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि विकास योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही योजनाओं की सतत निगरानी करने की बात भी कही।

## अवैध बालू खनन के दौरान फायरिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर-बांका बॉर्डर पर रविवार रात अवैध बालू खनन के दौरान फायरिंग हुई। इस दौरान एक मजदूर को गोली लगी है। गोली किसने और क्यों चलाई है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना रजौन-जगदीशपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित सैदपुर घाट की है। घायल युवक को उसके सहयोगी मजदूरों ने इलाज के लिए पहले जगदीशपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने मायागंज रेफर कर दिया। बुलेट कंधे को चीरते हुए सीने में फंस गई है। फिलहाल उसका इलाज हड्डी वार्ड में चल रहा है। पीड़ित की पहचान फतेहपुर निवासी परमेश्वर यादव के पुत्र नीतीश कुमार(22) के रूप में हुई है। घायल के चचेरे भाई विकास कुमार ने बताया बालू घाट पर मजदूरी करने गया था। इस दौपान पीछे से किसी ने गोली चला दी। 2 राउंड फायरिंग हुई है। सैदपुर घाट पर रोजाना 20 से 25 ट्रैक्टर अवैध खनन में लगे रहते हैं। गोली किसने चलाई, हमें नहीं पता। इस संबंध में पुलिस को जानकारी नहीं दी गई है।

**'यह मेरे क्षेत्र का मामला नहीं'ः** मामले पर जगदीशपुर थानाध्यक्ष रामचंद्र सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह रजौन थाना क्षेत्र का मामला है। वहीं, रजौन थानाध्यक्ष महेश कुमार ने कहना कि घटना उनके थाना क्षेत्र में नहीं हुई है। इधर, सिटी एसपी अतुलेश झा ने बताया कि एसडीपीओ को मौके पर भेजकर मामले की जांच कराने का निर्देश दिया गया है।

**लंबे समय से हो रहा है अवैध बालू का उठावः** सैदपुर घाट पर वर्चस्व की लड़ाई कोई नया मामला नहीं है। कई बार फायरिंग की घटनाएं भी हो चुकी है। वर्चस्व को लेकर यहां अक्सर गोलीबारी होती रहती है। मामला, इसलिए भी दब जाता है कि आसपास दो थाना क्षेत्र पड़ता है। जगदीशपुर पुलिस का कहना होता है कि घटनास्थल रजौन में है। जबकि रजौन पुलिस का दावा रहता है कि घटनास्थल जगदीशपुर थाना क्षेत्र में पड़ता है।

## डाकघर-पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय के प्रधान डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एहतियात के तौर पर दोनों कार्यालयों को तुरंत खाली करा लिया गया। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 12 बजे डाक अधीक्षक अर्चना कुमारी ने अपना आधिकारिक ई-मेल चेक किया। मेल खोलते ही उनके होश उड़ गए। ई-मेल में लिखा था, "प्रधान डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय परिसर में बम लगाया गया है, जो किसी भी समय विस्फोट कर सकता है।" डाक अधीक्षक के अनुसार, यह ई-मेल किसी अज्ञात ID से भेजा गया था। बेगूसराय के अलावा पटना के मनेर में भी पोस्ट ऑफिस कैंपस में मौजूद पासपोर्ट ऑफिस को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यहां भी ईमेल के जरिए ही धमकी दी गई है। सूचना मिलते ही बेगूसराय और मनेर में पुलिस और बम निरोधक दस्ते (Bomb Disposal Squad) की टीम मौके पर पहुंची। पूरे परिसर को सील कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

**कार्यालय को खाली कराया गयाः** ई-मेल मिलने के बाद डाक अधीक्षक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। तुरंत कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क किया। धमकी की खबर मिलते ही कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और अपने जरूरी कामों को (जैसे-डाक सेवा, बचत खाता, पासपोर्ट सत्यापन आदि) के लिए पहुंचे आम लोगों के बीच भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। सुरक्षाकर्मियों और डाक विभाग के अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए बेहद कम समय में पूरे परिसर को सुरक्षित रूप से खाली करा लिया। एकाएक कार्यालय बंद होने और परिसर खाली कराए जाने से नागरिक भी दहशत में नजर आए।

**घेराबंदी कर तलाशी अभियानः** सुरक्षा के लिहाज से पूरे प्रधान डाकघर और पासपोर्ट ऑफिस परिसर की घेराबंदी कर दी गई है। घटनास्थल पर बम निरोधक दस्ता पहुंच चुकी है। परिसर के कोने-कोने, संदिग्ध बैग्स, पार्सल सेक्शन, काउंटर एरिया और पासपोर्ट केंद्र के हर कमरों की मेटल डिटेक्टर और खोजी कुत्तों की मदद से बारीकी से तलाशी ली जा रही है। इस सनसनीखेज मामले को लेकर पुलिस और साइबर सेल की टीम सक्रिय हो गई है। जिस अज्ञात Email ID से डाक अधीक्षक को यह धमकी भरा संदेश भेजा गया है। उसके IP एड्रेस और सर्वर लोकेशन को ट्रैक किया जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह किसी असामाजिक तत्व का खौफ पैदा करने वाला अफवाह है या कुछ और।

**अफवाह से बचने की अपीलः** पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस स्थिति पर पूरी तरह नजर बनाए हुए है और जल्द ही इस धमकी के पीछे के असमाजिक तत्वों का पर्दाफाश कर लिया जाएगा। फिलहाल सुरक्षा जांच जारी रहने तक डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय की सेवाएं बाधित है।

**15 जुलाई को पटना RTO को मिला था मेलः** साइबर DSP इमरान अहमद ने कहा कि करीब 10 बजे ईमेल मिला। मेल में लिखा है, पैगंबर साहब के खिलाफ टिप्पणी की गई है। इसलिए उड़ा दिया जाएगा। ये एक फॉरवर्डडेड Email है। जांच में पता चला है कि ये 15 जुलाई का ईमेल है। जो ऑटोमिक आईओ एक्सटेंशन नाम से आया था। 15 जुलाई को आरटीओ पटना को Email मिला। फिर पुलिस कार्यालय और सिविल कार्यालय में फॉरवर्ड किया गया। जिसके बाद बेगूसराय को भी मिला। टाउन और साइबर थाना मौजूद है।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरी मंजिल, आरएमएस बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा पूर्व प्रकाशित **संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल-एसडीएएच-सीओएन-पीएसआई-182-2026-एनआईटी, दिनांक 08.07.2026 में संशोधन।** इस निविदा के **बंद होने की तारीख** को दिनांक 07.08.2026 के स्थान पर **दिनांक 10.08.2026** होगी। निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www. ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है। (CON-27/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**विस्तृत निविदा सं. 02डब्ल्यूटीसीएओसीईआर 2026-27, दिनांक 17.07.2026;** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता, चौथी मंजिल, 14, स्ट्रैंड रोड, न्यू कोयलाघाट, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र के अधीन पाकुड़ खदान के लिए सभी प्रकार के आकस्मिक शुल्कों के साथ पाकुड़ खदान से किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में 50 मिमी आकार के मशीन से तोड़े गए 45,000 घन मी ट्रैक स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्यः** रु. 8,85,60,000.00; **बयाना राशिः** रु. 17,71,200; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य; **समापन अवधि :** 12 (बारह) महीने। **बंद होने की तारीख :** 14.08.2026 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (CON-26/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं.: ओ/एसी/टी/110 से 111/26-27 (ओपन), दिनांक 15.07.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.:** ओ-एसी-टी-110-26-27; **कार्य का नामः** सीनि. डीईएन/I/आसनसोल के अधीन एईएन/एचक्यू/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में आसनसोल की एमईएमयू शेड में रेक की सफाई के लिए जल भंडारण टंकी तथा शेड के भीतर 800 मीटर क्षेत्र में ड्रेन के नवीनीकरण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु.1,02,54,027.86। **बयाना राशिः** रु. 2,05,100; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 06 महीने। **क्रमांक 2, केस सं.:** ओ-एसी-टी-111-26-27; **कार्य का नामः** डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अधीन चरण-II में अंडाल की दामोदर साऊथ कॉलोनी में दरवाजों एवं खिड़कियों के साथ क्वार्टरों के सुधार, साफ-सफाई कार्य एवं अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,34,86,392.33। **बयाना राशिः** रु. 4,69,700; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 12.08.2026 को 12.00 बजे (दोनों के लिए)। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-184/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**बरहनी-देवघर-बरहनी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन**

**शुद्धिपत्र**

05028/05027 बरहनी-देवघर-बरहनी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों के आवागमन के संबंध में पूर्व प्रकाशित उपर्युक्त शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि **05027 देवघर-बरहनी स्पेशल** ट्रेन की **गोरखपुर पर** समयसूची में निम्नानुसार संशोधन किया जाएगाः
**गोरखपुर में संशोधित समयसूचीः आगमन-11.45 बजे, प्रस्थानः 11.55 बजे।**
अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**आसनसोल और पटना तथा आसनसोल और गोरखपुर के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन**

आगामी श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल** और **03527/03528 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल** ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन के दिनों, ठहराव और गठन के अनुसार चलेंगी:-

**आसनसोल-पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल**

| आसनसोल-पटना | | | (03511) (03512) | पटना-आसनसोल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| दिन 1 | – | **17.00** | ↓ **आसनसोल** | **13.00** | – | दिन 1 |
| | 18.15 | 18.17 | मधुपुर | 10.44 | 10.46 | |
| | 19.15 | 19.25 | जसीडीह | 10.10 | 10.20 | |
| | 22.40 | 22.42 | किऊल ↑ | 06.28 | 06.30 | |
| दिन 2 | **02.30** | – | **पटना** | – | **03.30** | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, सिमुलतला, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मनकठा, बड़हिया, हाथीदा, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरूपुर, फतुहा, पटना साहेब और राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ/दिन: आसनसोल से 03511 –** प्रतिदिन दिनांक 29.07.2026 से 29.08.2026 तक = 32 ट्रिप और **पटना से 03512 –** प्रतिदिन दिनांक 30.07.2026 से 30.08.2026 तक = 32 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 20 और एसएलआरडी – 02 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल**

| आसनसोल-गोरखपुर | | | (03527) (03528) | गोरखपुर-आसनसोल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| दिन 1 | – | **21.00** | ↓ **आसनसोल** | **08.20** | – | दिन 2 |
| | 22.20 | 22.22 | मधुपुर | 05.10 | 05.12 | |
| | 23.25 | 23.35 | जसीडीह | 04.32 | 04.42 | |
| दिन 2 | 03.10 | 03.20 | बरौनी | 00.35 | 00.45 | |
| | 05.20 | 05.25 | हाजीपुर ↑ | 21.05 | 21.10 | दिन 1 |
| | **11.00** | – | **गोरखपुर** | – | **16.15** | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, झाझा, जमुई, किऊल, बछवारा जंक्शन, शाहपुर पटोरी, सोनपुर, दिघवारा, छपरा, सिवान और देवरिया सदर स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ/दिन: आसनसोल से 03527 –** प्रतिदिन दिनांक 29.07.2026 से 29.08.2026 तक = 32 ट्रिप और **गोरखपुर से 03528 –** प्रतिदिन दिनांक 30.07.2026 से 30.08.2026 तक = 32 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 20 और एसएलआरडी – 02 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पुण्यतिथि समारोह की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी आयोजित

**आरा**। पूर्व सांसद राम अवधेश सिंह की पुण्यतिथि समारोह की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी हुई। आयोजन अखिल भारतीय यादव महासभा भोजपुर इकाई के जिलाध्यक्ष यादव राम सकल सिंह भोजपुरिया की अध्यक्षता में हुआ। प्रो. विजय कुमार मुखिया ने कहा कि राम अवधेश सिंह समाजवादी चिंतक थे। वे राजनीति आंदोलन के अग्रदूत थे। वे बिना व्यक्तिगत हित के राजनीति करते थे। वे सही बात कहने से नहीं डरते थे। वे कई मुद्दों पर चौधरी चरण सिंह से भी भिड़ गये थे। एक बार राजनारायण सिंह को लेकर उन्होंने पार्टी भी छोड़ दी थी। उन्होंने सिद्धांत से कभी समझौता नहीं किया।

### आउटसोर्सिंग निविदा की जांच की मांग की गई

**आरा**। स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत भोजपुर जिला में निकाले गये साफ-सफाई की निविदा की शिकायत और आपत्ति डीएम से इंदेव सिंह सेवा संस्थान ने किया है। संस्थान ने आवेदन में बताया कि स्वास्थ्य विभाग में साफ-सफाई के तकनीकी निविदा में पुनः पूर्व की भांति तीन एजेंसी द्वारा मैनेज करके निकाला गया है। जो राज्य स्वास्थ्य समिति के गाईड-लाईन के खिलाफ है। पेज नंबर- 7 के 13 नम्बर कंडिका में फिर से 200 लेबर का पीएफ और ईएसआई 26 दिन का जो चालान तीन वर्ष के लिए इतना लेबर नहीं मांगा गया है, वह अनुचित है।

### अभाविप ने प्रो. यशवंतराव केलकर की जन्म शताब्दी पर किया दीपोत्सव

**आरा**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) आरा नगर इकाई द्वारा रविवार को प्रो. यशवंतराव केलकर के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आरा रेलवे स्टेशन परिसर में श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित परिषद के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने प्रो. केलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप जलाकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का विषय-परिवेश प्रस्तुत करते हुए नगर सह मंत्री विक्रांत ओझा ने कहा कि केलकर जी का जन्मोत्सव केवल एक व्यक्ति का जन्मोत्सव नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे विचार का उत्सव है जिसने राष्ट्र निर्माण, छात्र शक्ति और संगठन जीवन को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने जोर देकर कहा कि केलकर जी के आदर्श आज भी देश के लाखों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। नगर कार्यकारी सदस्य सूर्यमणि तिवारी उर्फ ललन ने कहा कि प्रो. यशवंतराव केलकर हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा के शाश्वत स्रोत हैं। उनके विचार पवित्र गंगा की अविरल धारा की तरह हैं, जो युवाओं को निरंतर राष्ट्रहित एवं समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। कार्यक्रम के समापन पर जैन कॉलेज के अध्यक्ष रोहित नरेश ने अभाविप के तमाम पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्टेशन परिसर में मौजूद आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में हैप्पी किशोर, राहुल तिवारी, शिवम राय, शुभम, पृथ्वीराज चौहान, सौरभ, वीर प्रताप, प्रशांत, आयुष, अभिषेक, देव रंजन, उत्सव और हरिओम सहित अभाविप के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।

### जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ खड़े हुए बक्सर के किसान, वांगचुक के समर्थन में बुलंद हुई आवाज

**बक्सर**। दिल्ली के जंतर-मंतर पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा हटाए जाने के विरोध में चल रहे आंदोलन को अब बक्सर के किसानों का भी समर्थन मिलने लगा है। शनिवार को प्रभावित किसान मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह यादव दर्जनों किसानों के साथ धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने आंदोलन कर रहे छात्रों एवं युवाओं से मुलाकात की। उन्होंने उनका हौसला बढ़ाया। रामप्रवेश सिंह यादव ने कहा कि शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन लोकतंत्र में हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने सोनम वांगचुक के साथ हुई पुलिस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने प्रशासन से उन्हें सुरक्षित रूप से फिर से जंतर-मंतर के धरना स्थल पर लाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक सोनम वांगचुक की वापसी नहीं होती, तब तक किसान भी छात्रों के साथ आंदोलन में डटे रहेंगे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान, छात्र और नौजवान जब एक मंच पर आते हैं, तभी जनहित के मुद्दे मजबूती से सरकार तक पहुंचते हैं। जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा जैसे विषय केवल किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे समाज से जुड़े हैं। इसलिए इन मुद्दों पर व्यापक एकजुटता जरूरी है। इस दौरान रामप्रवेश सिंह यादव ने 20 जुलाई को नीट प्रकरण में जान गंवाने वाले 19 छात्रों की स्मृति में प्रस्तावित संसद मार्च में अधिक से अधिक युवाओं और छात्रों से शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस मार्च के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में सुधार और छात्रों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को सरकार के सामने मजबूती से उठाया जाएगा। आंदोलन में किसानों के समर्थन से प्रदर्शनकारियों का उत्साह बढ़ा। छात्रों ने भी कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आगे जारी रहेगा।

### राजेश हत्याकांड में मुख्य आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

**आरा**। भोजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वारदात के एक सप्ताह के अंदर राजेश यादव हत्याकांड में मुख्य आरोपी योगेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान एक देसी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस मिला है। घटना बिहिया थाना क्षेत्र के टिपुरा गांव की है। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कहा कि पुराने विवाद में हत्या हुई है। अगर मैं उसे नहीं मारता तो वो मुझे मार देता। पुलिस का दावा है कि आरोपी का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। हत्या के अलावा गोलीबारी मामले में भी वांछित था। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसपी राज की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिहिया पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। टिपुरा गांव का रहने वाला है। जांच में पता चला है कि राजेश यादव से उसका पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। 12 जुलाई 2026 को जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रूपबांध गांव निवासी और हिस्ट्रीशीटर राजेश यादव की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने बिहिया-जगदीशपुर स्टेट हाईवे को जाम कर दिया था। इस मामले में मृतक के चाचा के बयान पर बिहिया नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद सचिन कुमार गुप्ता, टिपुरा गांव निवासी योगेंद्र यादव समेत आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद से पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी।

### प्रीतम सिंह हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज

**आरा**। भोजपुर पुलिस ने छात्र प्रीतम कुमार सिंह की हत्या मामले में जांच तेज कर दी है। मृतक के चाचा विमलेश सिंह के बयान पर आठ से दस अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अब मानवीय और तकनीकी दोनों स्तरों पर जांच कर रही है। शुरुआती पड़ताल में हत्या का तार गांव से जुड़े लोगों से जुड़ता नजर आ रहा है। वहीं, पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद का एंगल भी जांच के दायरे में है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर लिया जाएगा। गला रेतकर हत्या हुई थी। घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ गांव की है।

**फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है**: पुलिस के अनुसार, एफआईआर दर्ज होने के बाद संदिग्धों की पहचान का काम तेज कर दिया गया है। कुछ लोगों को चिन्हित भी किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। जांच टीम यह पता लगाने में जुटी है कि हत्या की साजिश किसने और किन कारणों से रची।

**परिजन का दुश्मनी से इनकार**: मृतक के परिजन ने किसी भी तरह की पुरानी रंजिश या दुश्मनी होने से इनकार किया है। इसके बावजूद पुलिस हर संभावित पहलू पर जांच कर रही है। विशेष रूप से पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद की जानकारी मिलने के बाद उस दिशा में भी गहन पड़ताल शुरू की गई है।

# चाय दुकान पर कट्टा लेकर पहुंचे बदमाश, बक्सर में ग्रामीणों ने दबोचा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर रविवार शाम एक चाय दुकान पर कुछ युवक कट्टा लेकर विवाद कर रहे थे। हथियार देखकर आसपास के ग्रामीण सतर्क हो गए। ग्रामीणों और युवकों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए दो युवकों को पकड़ लिया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



**बदमाश के साथ आए युवक फरार**: यह घटना रविवार शाम करीब सात बजे धरहरा स्थित चाय दुकान पर हुई। वायरल वीडियो में एक युवक के हाथ में कट्टा दिख रहा है, जबकि लोग उसे घेरकर पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उसके कुछ साथी मौके से फरार हो गए। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने लवकुश तिवारी (26 वर्ष), पिता श्रीराम तिवारी, निवासी नैनीजोर, भोजपुर और चंदन यादव, पिता मनोज यादव, निवासी करनामेपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चंदन यादव के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया है।

**तस्करों से शराब छीनकर बेचता था गिरोह**: प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपितों का एक गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह उत्तर प्रदेश से बिहार में शराब लाने वाले तस्करों को निशाना बनाता था। पुलिस के अनुसार, गिरोह शराब तस्करों से शराब छीनकर उसे आगे बेच देता था। चूंकि शराब तस्कर स्वयं अवैध कारोबार में शामिल होते थे, इसलिए अधिकांश मामलों की शिकायत पुलिस तक नहीं पहुंच पाती थी।

**4 मोबाइल और 2 मोटरसाइकिल बरामद**: जानकारी के अनुसार, रविवार रात भी गिरोह किसी शराब तस्कर को निशाना बनाने की तैयारी में था। इसी दौरान किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद के दौरान हथियार निकलने पर ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए दोनों युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से एक देसी कट्टा, चार मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

**थानाध्यक्ष बोले-मामले की जांच की जा रही**: थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार आरोपितों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी चल रही है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि गिरफ्तार आरोपित लवकुश तिवारी पहले भी शराब तस्करी के मामलों में भोजपुर पुलिस तथा सराय थाना पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका है। पूरे मामले में आगे की जांच जारी है।

## समाज सेवा को समर्पित है डॉ. जितेंद्र का जीवन, वर्षों से कर रहे जनसेवा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। महाराणा प्रताप नगर के स्वर्ण कुंज निवासी समाजसेवी एवं पूर्व नगर निगम पार्षद डॉ. जितेंद्र शुक्ला पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। छात्र जीवन से ही उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता को अपना उद्देश्य बनाया। वर्ष 2007 से 2017 तक नगर निगम पार्षद रहते हुए उन्होंने सड़क, नाला, बिजली, सफाई और अस्पताल जैसी जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। डॉ. शुक्ला सड़क और रेलवे दुर्घटनाओं में घायल लोगों को सदर अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराने के लिए भी जाने जाते हैं। वे अब तक 60 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं, जिनमें 48 बार रेड क्रॉस के माध्यम से रक्तदान शामिल है। उन्होंने अपने निजी संसाधनों से 100 से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए तथा करीब एक हजार गरीबों को भोजन उपलब्ध कराया। वे रेड क्रॉस, रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट, नागरी प्रचारिणी सभागार, आरा क्लब सहित कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण, रमना मैदान की सफाई, दलित बस्तियों के विकास, आंगनबाड़ी, सड़क और नाली निर्माण जैसे कार्यों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। भोजपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के आजीवन सदस्य भी हैं। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सहयोग देकर वे समाज सेवा की मिसाल पेश कर रहे हैं।

## बिहार राज्य जूनियर बैडमिंटन में सुहानी और रणवीर बने चैंपियन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिला बैडमिंटन संघ की मेजबानी में आरा क्लब में हंड्रेड द्वितीय बिहार राज्य जूनियर अंडर-17 एवं अंडर-19 रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता-2026 का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन बिहार बैडमिंटन संघ ने किया, जबकि रेल मंत्रालय के नवरत्न उपक्रम इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन ने मुख्य प्रायोजक के रूप में सहयोग दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को अनुशासन, नियमित अभ्यास और खेल भावना को सफलता की कुंजी बताते हुए विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र, टी-शर्ट एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए। बिहार बैडमिंटन संघ के महासचिव केएन. जायसवाल ने कहा कि भोजपुर जिला बैडमिंटन संघ राज्य में बैडमिंटन को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रतियोगिता में अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स और अंडर-19 गर्ल्स सिंगल्स का खिताब मुजफ्फरपुर की सुहानी कुमारी ने अपने नाम किया। अंडर-17 बॉयज सिंगल्स में मुजफ्फरपुर के काव्या कश्यप विजेता बने, जबकि अंडर-19 बॉयज सिंगल्स का खिताब पटना के रणवीर सिंह ने जीता। अंडर-19 बॉयज डबल्स में पटना के अक्षर अथर्व और सक्षम वत्सा की जोड़ी विजेता रही।

## अजीत का एक संकल्प, किसी को रक्त के लिए भटकना न पड़े

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। किसी जरूरतमंद को समय पर रक्त मिल जाए। इससे बड़ी राहत शायद ही कोई हो। इसी सोच के साथ सत्यदेवगंज निवासी अजीत कुमार गुप्ता ने रक्तदान को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी बना लिया है। ब्लड बक्सर संस्था से जुड़े अजीत अब तक पांच बार रक्तदान कर चुके हैं। वह नियमित रूप से इस अभियान में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। अजीत कुमार गुप्ता का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल रक्तदान करना नहीं है। वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि किसी भी जरूरतमंद मरीज को रक्त के अभाव में परेशान न होना पड़े। जब भी संस्था की ओर से किसी मरीज के लिए रक्त की आवश्यकता की सूचना मिलती है, वह अपनी क्षमता के अनुसार मदद के लिए आगे आते हैं। मानव सेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल, बक्सर ने उन्हें सम्मानित भी किया। यह सम्मान उनके नियमित रक्तदान और सामाजिक योगदान की पहचान है। अजीत का मानना है कि स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है। किसी जरूरतमंद मरीज के लिए यही रक्त जीवनदान बन जाता है। इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। वह अपने परिचितों और युवाओं को भी इस नेक कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। ब्लड बक्सर संस्था के साथ जुड़कर अजीत कुमार गुप्ता लगातार समाज सेवा के इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समाज के अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए आगे आएं, तो किसी भी मरीज को रक्त के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यही सोच उन्हें लगातार इस सेवा कार्य से जोड़े रखती है। आज वह समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं।

# राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड परीक्षा को लेकर 31 जुलाई तक होगा रजिस्ट्रेशन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। जिले में राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। 31 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रतियोगिता में बिहार बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई समेत सभी मान्यता प्राप्त बोर्डों के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। परीक्षा की अवधि 1 घंटे की होगी। प्रश्न पत्र एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित होगा। विभाग ने सभी बीईओ व जिले के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त व निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है। अधिकाधिक संख्या में छात्र-छात्राओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराने को भी कहा गया है। राष्ट्रीय गणित ओलिंपियाड-2026 में भाग लेने के लिए प्रत्येक छात्र-छात्रा का 150 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित है। इस राशि में से 25 रुपये प्रति छात्र विद्यालय परीक्षा संचालन व अन्य व्यवस्थागत खर्च के लिए रख सकेंगे। विद्यालयों को संबंधित परीक्षा तिथि से कम से कम 20 दिन पहले पंजीकरण प्रपत्र व आवश्यक विवरण राष्ट्रीय गणित ओलिंपियाड प्रकोष्ठ को भेजना अनिवार्य है। कक्षा 1 से 12वीं तक के बच्चे होंगे शामिल प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं शामिल हो सकेंगे। राष्ट्रीय गणित ओलिंपियाड की परीक्षा एमसीक्यू पर आधारित होगी। प्रतियोगिता मैथमेटिक्स रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली के एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के आधार पर होगी। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक क्षमता, समस्या-समाधान कौशल, गणितीय अभिरुचि व नवाचारपूर्ण सोच का विकास करना है। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के विज्ञान व गणित विभाग के विभाग प्रभारी डॉ. राधे रमण प्रसाद ने इस संदर्भ में अन्य जिलों के साथ ही डीईओ को पत्र जारी किया है। 4 चरणों में आयोजित होगी परीक्षा जिले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 व राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के उद्देश्यों के अनुरूप राष्ट्रीय गणित ओलिंपियाड (एनएमओ) 2026 का आयोजन 4 चरणों में किया गया है। राष्ट्रीय गणित ओलिंपियाड-2026 की पहली परीक्षा 24 अगस्त को होगी। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है।

## राम अवधेश सिंह के सिद्धांतों पर चलने का लिया गया संकल्प



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। अखिल भारतीय यादव महासभा की ओर से रविवार को मंडल मसीहा एवं पूर्व सांसद स्व. राम अवधेश सिंह की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी हुआ।अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम सकल सिंह भोजपुरिया ने किया। प्रो. विजय कुमार मुखिया ने कहा कि राम अवधेश सिंह समाजवादी चिंतक और राजनीतिक आंदोलनों के अग्रदूत थे। उन्होंने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की और व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर समाज के लिए संघर्ष किया। जदयू के जिला कार्यकारी अध्यक्ष भीम पटेल ने कहा कि राम अवधेश सिंह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक आंदोलन का नाम थे। उन्होंने बिहार में मुंगेरी लाल आयोग की सिफारिशों को लागू कराने, मंडल आयोग के गठन एवं उसके क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही चौकीदार-दफादारों को चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का दर्जा दिलाने तथा कदवान जलाशय परियोजना की स्वीकृति के लिए भी संघर्ष किया। कार्यक्रम में जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष (अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ) जितेंद्र राम, वरिष्ठ नेता संजय व्यहुत, लोजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. परवीन गुप्ता, मीडिया प्रभारी संजू पासवान, राजद नेता सुदर्शन यादव, जितेंद्र यादव, महेंद्र गिरी मंडल, राजेश यादव आदि थे।

## विश्वामित्र सेना ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। सनातन संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ विश्वामित्र सेना की ओर से इटाढ़ी नगर में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विश्वामित्र सेना इटाढ़ी प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पाठक उर्फ जीतन पाठक ने किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने उनकी देखभाल करने की भी अपील की। वक्ताओं ने कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए। विश्वामित्र सेना के जिलाध्यक्ष बलिराम मिश्र ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वामित्र सेना पूरे बक्सर जिले के सभी प्रखंडों और गांवों में चरणबद्ध तरीके से पौधारोपण अभियान चलाएगी। इससे अधिक से अधिक लोगों को इस जनहित अभियान से जोड़ा जा सकेगा। मौके पर प्रखंड संयोजक संतोष कुमार सिन्हा, नंदलाल पाठक, मार्कंडेय पाठक, अर्जुन गुप्ता, बिट्टू पाठक, मंजीत चौबे सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज, पांच दिनों तक दिखेगा रोमांच



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर का इनडोर बैडमिंटन हॉल रविवार से खेल प्रतिभाओं का केंद्र बन गया। बिहार राज्य बैडमिंटन संघ के निर्देश पर जिला बैडमिंटन संघ, बक्सर के सहयोग से जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। पांच दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों के एकल व युगल मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का समापन 23 जुलाई को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी साहिला ने दीप प्रज्ज्वलित कर फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने उन्हें खेल भावना, अनुशासन तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को निखारने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता की रूपरेखा और तैयारियों की दी जानकारी कार्यक्रम के दौरान जिला बैडमिंटन संघ के सचिव उमेश कुमार सिंह ने प्रतियोगिता की रूपरेखा, विभिन्न प्रतियोगिता वर्गों व आयोजन की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों के बीच एकल व युगल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। वाइस सचिव आशुतोष राय ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों व अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के निष्पक्ष व सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उत्साह से गूंजा इंडोर बैडमिंटन हॉल उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों व खेल प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इंडोर बैडमिंटन हॉल पूरे दिन खिलाड़ियों के उत्साह व दर्शकों की तालियों से गूंजता रहा। जिला खेल कार्यालय व जिला बैडमिंटन संघ द्वारा प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की रही मौजूदगी इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता सह विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा तथा वरीय उप समाहर्ता सह उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन की कामना की। खेल से बनता है व्यक्तित्व, बढ़ता है आत्मविश्वास अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। खेलों से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, सकारात्मक सोच का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी क्षमता साबित करने का मंच देती हैं। वे भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने आयोजन समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# देश के सभी शिक्षण संस्थानों में संस्कृत अनिवार्य हो: डॉ. मुकेश कुमार ओझा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज के तत्वावधान में "आधुनिको भव, संस्कृतं वद" अभियान के अंतर्गत आयोजित 46वें महायोगी गोरक्षनाथ स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर के आठवें दिन प्रतिभागियों को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण दिया गया। अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने संख्या-पाठ, अव्यय ज्ञान तथा दैनिक दिनचर्या से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर है। इसे देश के सभी शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ सके। अभियान के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश पेंशन विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी ने कहा कि महायोगी गोरक्षनाथ स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर के माध्यम से प्रतिभागी सरल पद्धति से संस्कृत बोलना सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारत की आत्मा है और इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। अभियान की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रशिक्षिका डॉ. लीना चौहान ने कहा कि संस्कृत में अपने विचार व्यक्त करना गर्व का विषय है। उन्होंने प्रतिभागियों को संस्कृत भाषा के नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की शोधार्थी मनीषा बोदरा ने संस्कृत में मधुर गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिविर को संबोधित करते हुए एमएलटी महाविद्यालय, सहरसा के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति कुमारी, डॉ. डिम्पल, मध्य प्रदेश की सह-संयोजिका तारा विश्वकर्मा, बीजेन्द्र सिंह विष्ट, डॉ. विश्वजीत रुद्रपाल तथा दयानी शारदेय ने कहा कि बिहार के 211 राजकीय महाविद्यालयों तथा झारखंड के कई महाविद्यालयों में संस्कृत विषय उपलब्ध नहीं है। उन्होंने भारत सरकार और सभी राज्य सरकारों से मांग की कि संस्कृत भाषा को शीघ्र ही सभी शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य विषय के रूप में लागू किया जाए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. लीना चौहान ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जबकि तारा विश्वकर्मा ने ऐक्य मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन कराया।

# ज्वेलरी कारोबारी से 50 लाख की डकैती, छत से घुसे 10 बदमाश

## हथियार दिखाकर परिवार को बंधक बनाया, विरोध करने पर कहा- ठोक देंगे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना में एक ज्वेलरी दुकान में हथियारबंद अपराधियों ने 50 लाख से अधिक की डकैती की है। गिरोह में 10 डकैत शामिल थे। डकैत रविवार रात 1:30 बजे दुकान और घर में घुसे। इसके बाद हथियार के दम पर परिवार वालों को बंधक बनाया। फिर लगभग 50 लाख रुपये के सोने और चांदी के गहने लूटकर सभी बदमाश फरार हो गए। घटना पटना सिटी के भगवानगंज मुख्य बाजार स्थित चांदनी अलंकार ज्वेलरी शॉप की है। अपराधियों ने ज्वेलरी व्यवसायी की बाइक भी साथ ले गए, जो जहानाबाद में मिली।

**10 हथियार बंद लुटेरे घर में घुसे, बंधक बनाया:** चांदनी अलंकार ज्वेलरी के मालिक दीपक सोनी ने बताया, 'रविवार की रात हमारा परिवार सो रहा था। रात लगभग एक से डेढ़ बजे के बीच 10 हथियार बंद लुटेरे घर के पीछे से सीढ़ी के जरिए छत पर चढ़े और अंदर आ गए। घर में घुसते ही उन लोगों ने परिवार के सभी लोगों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद अपराधियों ने तिजोरी की चाबी मांगी। उसके बाद बदमाश ये कहने लगे कि साथ चलकर नीचे दुकान की तिजोरी खोलो। बार-बार हथियार दिखाने पर मैंने दुकान में जाकर तिजोरी खोल दी। इसके बाद अपराधियों ने तिजोरी में रखे लगभग 200-250 ग्राम सोने के जेवर और 15 किलो चांदी लूट लिए।'

**महिलाओं के गहने भी उतरवाए:** दुकान लूटने के बाद अपराधियों ने घर की महिलाओं के पहने हुए जेवर भी उतरवा लिए। साथ ही गोदरेज में रखे गए सोना-चांदी के जेवर भी लूटे और फरार हो गए। दीपक सोनी ने बताया, लूटपाट के बाद अपराधी मेरी एक बाइक और मोबाइल भी छीन कर ले गए।

**50 लाख से अधिक के गहने अपराधियों ने लूटे:** दीपक सोनी ने बताया, 'तिजोरी में रखे लगभग 200-250 ग्राम सोने के जेवर की कीमत करीब 21 लाख है। वहीं 15 किलो चांदी के गहनों की कीमत करीब 30 लाख से अधिक की थी। साथ ही महिलाओं के गहने और अलमारी में रखे जेवर भी बदमाश लूटकर ले गए।' परिजनों के मुताबिक, करीब 50 लाख से अधिक के गहने अपराधियों ने लूटे हैं।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, छापेमारी जारी:** घटना की सूचना मिलते ही भगवानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक कारोबारी की बाइक जहानाबाद से बरामद कर ली गई है। पुलिस अपराधियों की पहचान में जुटी है।

# घर से दो राइफल, एक कट्टा बरामद, एक युवक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** पटना के पालीगंज अनुमंडल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर से अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया है। सिगोरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नेरिया गांव में देर रात छापेमारी किया। इस दौरान घर से दो राइफल और एक देसी कट्टा जब्त किया। इस मामले में धर्मेंद्र पासवान नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, सूचना मिली थी कि नेरिया गांव निवासी धर्मेंद्र पासवान अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है और किसी बड़ी वारदात की तैयारी में है। सूचना मिलते ही सिगोरी थाना प्रभारी तनेश पायल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घर के अंदर से दो अवैध राइफल और एक देसी कट्टा बरामद किया गया। इस दौरान आरोपी ने अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

**हथियारों के स्रोत की जांच में जुटी पुलिस:** गिरफ्तार धर्मेंद्र पासवान से पुलिस पूछताछ कर रही है। जांच का मुख्य फोकस यह पता लगाना है कि बरामद हथियार कहां से लाए गए और उनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी का किसी आपराधिक गिरोह से संबंध तो नहीं है।

**पूछताछ कर रही पुलिस, हथियारों के स्रोत की जांच जारी**

**थाना प्रभारी ने क्या कहा?:** सिगोरी थाना प्रभारी तनेश पायल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर से दो राइफल और एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। हथियारों के नेटवर्क और संभावित आपराधिक गतिविधियों को लेकर पूछताछ जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग के अपहरण का आरोप, बेहोशी की हालत में मिली पीड़िता, छेड़खानी की शिकायत

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और छेड़खानी के प्रयास का मामला सामने आया है। महनार थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई इस घटना में दो युवकों पर आरोप लगा है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है। पीड़िता की दादी ने बताया कि उनकी पोती दूध लाने के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने महनार थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने परिजनों के साथ मिलकर लड़की को घर से कुछ दूरी पर बेहोशी की हालत में बरामद किया। होश में आने के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को बताया कि गांव के ही दो युवकों ने उसे अगवा कर छेड़खानी की थी। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा। महनार के एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने जानकारी दी कि जिन दो लड़कों पर दुराचार का आरोप है, उनमें से एक के साथ पीड़िता पहले से बातचीत करती थी। पुलिस फिलहाल परिजनों के आवेदन और मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मामले की गहनता से जांच जारी है।

### पूर्व मुखिया के घर पास 4 बम फेंके, 3 फटे, वैशाली में दहशत फैलाने की फायरिंग, एक जिंदा बम बरामद

**हाजीपुर।** वैशाली में सोमवार देर रात पूर्व मुखिया के दलान के पास अज्ञात बदमाशों ने लगातार बम फेंककर फायरिंग कर दी। धमाकों की आवाज पूरे इलाके में सुनाई दी जिसके बाद आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। घटना में फेंके गए चार बमों में 3 विस्फोट हो गए, जबकि एक जिंदा बम मौके से बरामद हुआ। सूचना मिलते ही जंदाहा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। शुरुआती पड़ताल में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन वारदात से ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया है। स्थानीय स्तर पर इस हमले को पुरानी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले जलजमाव के दौरान हुए विवाद, ट्रक चालक की पिटाई और उसके बाद मेले में हुई मारपीट के कारण दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है। अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। आरोपों की भी निष्पक्ष पड़ताल होगी और दोषियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वैशाली के जंदाहा थाना क्षेत्र में देर रात पूर्व मुखिया शंभू यादव के दलान (घर के बाहरी हिस्से) के पास बदमाशों ने बम फेंके और फायरिंग की। इस घटना में फेंके गए 4 बमों में से 3 फट गए, जबकि एक जिंदा बम पुलिस ने मौके से बरामद किया है। सूचना मिलते ही जंदाहा थाना अध्यक्ष अनामिका कुमारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं और मामले की जांच शुरू कर दी। यह घटना मुकुंदपुर भाथ पंचायत के वार्ड संख्या 12 में बीती रात करीब डेढ़ बजे के करीब हुई। बदमाशों ने दहशत फैलाने के इरादे से पूर्व मुखिया शंभू यादव के दलान के पास बम फेंके थे।

### शादी के 4 महीने बाद पति-पत्नी का शव मिला

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में रविवार की रात पति और पत्नी का फंदे से झूलता शव मिला। दोनों का शव अलग-अलग कमरों से बरामद किया गया। चार महीने पहले दोनों की शादी हुई थी। घटना मोतीपुर थाना क्षेत्र के नरियार गांव की है। मृतकों की पहचान सिवाईपट्टी थाना के हरसेर निवासी विजय कुमार (21) और पत्नी अंजलि कुमारी(18) के तौर पर हुई है।पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया है। एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए हैं। विजय के भाई का कहना है कि उसकी भाभी ने खुदकुशी की, जिसके बाद उसके परिवार वालों ने मेरे भाई की हत्या की, फिर उसे फंदे से लटका दिया। नरियार निवासी अनिल सहनी ने अपनी बेटी अंजलि कुमारी(18) की शादी सिवाईपट्टी थाना के हरसेर में विद्यानंद सहनी के पुत्र विजय कुमार(21) के साथ की थी। इसी साल 13 मार्च को शादी हुई थी। विवाहिता शादी के बाद पहली बार 10 दिन पहले अपने मायके आई थी। पति भी ससुराल आता-जाता रहता था। अंजलि 15 दिनों से अपने मायके में थी। उसकी विदाई की तैयारी की जा रही थी। इसी वजह से माता-पिता बाजार गए थे। घर पर केवल पति-पत्नी थे। परिजन जब बाजार से लौटे तो दोनों का घर में शव मिला।

### पत्नी का हत्यारा 8 साल बाद गिरफ्तार, मर्डर के बाद सीतामढ़ी में छिपा था

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने 8 साल से फरार हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसने 2018 में अपनी पत्नी का मर्डर किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी का अवैध संबंध था, जिसका पत्नी हमेशा विरोध करती थी। इसी बात पर उसकी हत्या कर दी। जिले में टॉप-10 वांटेड की लिस्ट में उसे शामिल किया गया था। सदर थाना की पुलिस ने सीतामढ़ी से उसे गिरफ्तार किया है। मृतका के भाई ने सदर थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एफआईआर में पति राजेश कुमार यादव, उसकी मां और एक अन्य महिला को नामजद आरोपी बनाया गया था। मामला सदर थाना क्षेत्र के नंदपुरी मोहल्ले का है। जांच के दौरान एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की रिपोर्ट में एल्यूमिनियम फॉस्फाइड सहित अन्य रासायनिक पदार्थों के इस्तेमाल की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या के मामले में कार्रवाई तेज की, लेकिन मुख्य आरोपी राजेश कुमार यादव लगातार फरार रहा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से वारंट जारी किया गया था।

# पटना में मंदिर निर्माण को लेकर झड़प, जमकर चले लाठी-डंडे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना में बाबा चौहरमल मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में लाठी-डंडे और चाकू चले, जिसमें एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। घटना बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत पंडारक थाना क्षेत्र स्थित पीएचसी के पास हुई है। सभी घायलों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां एक एक गंभीर घायल को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

**प्रतिमाएं कुएं में फेंकने का आरोप:** घायल पक्ष का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने पंडारक स्थित महावीर मंदिर के समीप निर्माणाधीन बाबा चौहरमल मंदिर की ईंट की दीवार तोड़ दी और वहां स्थापित प्रतिमा को उखाड़कर पास के कुएं में फेंक दिया। आरोप है कि जब ग्रामीण प्रतिमा को कुएं से निकालने और घटना का विरोध करने पहुंचे तो दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और बांस से हमला कर दिया। इसी दौरान जितेंद्र कुमार पर चाकू से वार किया गया।

**दीवार तोड़कर मूर्ति कुएं में फेंकी, विरोध करने पर बवाल**

**पीएचसी में हंगामा, पुलिस के सामने नारेबाजी:** घटना के बाद घायलों को पीएचसी लाया गया, जहां करीब एक घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। डायल-112 पुलिस टीम की मौजूदगी में भी आक्रोशित लोगों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया और दूसरे पक्ष के खिलाफ नारेबाजी की।

# पटना से 17 साल की लड़की गायब, मां बोली- किडनैपिंग, मोबाइल शॉप पर काम करती थी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना में 17 साल की एक लड़की कल से लापता है। लड़की का नाम सौम्या भारती है। वो रामकृष्णा नगर की रहने वाली है। कोतवाली थाना इलाके के हरि निवास क्षेत्र से वो लापता हुई है। सौम्या ने रघुनाथ बालिका उच्च विद्यालय से 10वीं की पढ़ाई पूरी की है। इसके बाद वो अपने खर्च के लिए हरि निवास इलाके में स्थित एक मोबाइल दुकान पर काम कर रही थी। घटना के बाद से परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं और उन्होंने अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

**मां बोली- घर से मोबाइल शॉप के लिए गई थी:** सौम्या की मां दीपा देवी ने बताया कि मेरी बेटी रविवार दोपहर करीब 12 बजे हरि निवास इलाके के मोबाइल शॉप में ड्यूटी के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम करीब 7 बजे के बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। मुझे आशंका है कि अपहरण हुआ है। 7 दिन पहले मेरे घर पर कुछ अज्ञात लड़कों ने आकर मारपीट की थी। उसमें बिट्टू नाम का लड़का और दूसरे भी शामिल थे। उसी घटना के बाद कल से मेरी बेटी लापता हो गई है। दरअसल, सौम्या की एक बेस्ट फ्रेंड ने उसकी तस्वीर इंस्टा आईडी पर लगाई थी और उस पर आपत्तिजनक कमेंट लिखे थे। जब हमें इसका पता चला तो हमने विरोध जताया था। हम उसकी फ्रेंड के घर गए थे। उसके परिवार वालों से शिकायत की थी। इस बात से नाराज होकर 14 जुलाई की दोपहर कुछ अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर हमारे साथ मारपीट की। इसके बाद हम रामकृष्णा नगर थाने पहुंचे। थाने में मामले की शिकायत दी गई, लेकिन पुलिस की ओर से कोई रिस्पॉन्स नहीं दिया गया।

**फ्रेंड ने फोटो शेयर कर आपत्तिजनक कमेंट की थी**

**बड़ी बहन बोली- पुलिस एक्शन नहीं ले रही:** सौम्या की बड़ी बहन दिव्या भारती ने बताया कि मेरी बहन को तलाशने के लिए पुलिस कुछ नहीं कर रही है। कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। परिवार लगातार परेशान है और पुलिस से पर्याप्त सहयोग नहीं मिल रहा। हमारे पिता बैरिया बस स्टैंड के पास फास्ट फूड की दुकान चलाते हैं। इन सब मामलों के बाद मकान मालिक भी घर खाली करने का दबाव बना रहे हैं। हम लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। पुलिस के मुताबिक, शिकायत मिलने के बाद सौम्या को तलाशने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जांच के दौरान एक लड़के के घर भी पुलिस पहुंची थी, लेकिन लड़का परिवार सहित फरार हो गया है।

# पटना यूनिवर्सिटी में पेपर लीक के खिलाफ आईसा का प्रदर्शन, 22 जुलाई को राजभवन मार्च का ऐलान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पेपर लीक, शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आज पटना यूनिवर्सिटी के छात्रों का जुटान हुआ। छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स' एसोसिएशन (AISA) की ओर से "छात्र-युवा आक्रोश दिवस" का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र-युवा आंदोलन के समर्थन में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने "शिक्षा बेचना बंद करो", "धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो" जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में फोटो प्रदर्शनी, जनगीत और सभा का भी आयोजन किया गया। AISA ने घोषणा की कि 22 जुलाई को पटना यूनिवर्सिटी से राजभवन मार्च निकाला जाएगा।

**छात्र नेताओं ने सरकार पर साधा निशाना:** पटना यूनिवर्सिटी की छात्रा सबा अफरीन ने कहा, 'दिल्ली में 21 दिनों से जंतर मंतर पर क्या चल रहा है, यह हम सभी लोग जानते हैं। सभी यही मांग कर रहे हैं कि धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, एनटीए को खारिज किया जाए और आत्महत्या करने वाले छात्रों के प्रति थोड़ी संवेदना जाहिर करें। इन सभी 22 छात्रों की संस्थागत हत्या की गई है। सोनम वांगचुक लगातार भूख हड़ताल कर रहे थे और इसे तोड़ना नहीं चाह रहे थे, लेकिन सरकार जबरन उन्हें सफेद कपड़े में किडनैप कर जाती है। हमारे साथियों ने आज भूख हड़ताल तोड़ी है और संसद में मार्च करेंगे। इसके बाद भी अगर सरकार नहीं सुनती है तो आंदोलन के जो भी स्वरूप है, उसे अपनाए जाएंगे।

**फांसीवाद का दौर देश में ला रही सरकार- सबा अफरीन:** छात्रा सबा अफरीन ने आगे कहा, 'इस सरकार को छात्रों की बात सुन लेनी चाहिए, क्योंकि इतनी ज्यादा आक्रोश के बाद भी अगर आप यह कल्चर लेकर आए हैं कि जो भी करो हम नहीं सुनेंगे। इसका मतलब यह है कि आप फांसीवाद का दौर देश में ले आ रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'जैसे देश भर के छात्र धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं। वैसे ही बिहार के छात्र मिथिलेश तिवारी का इस्तीफा मांग रहे हैं।'

**दिल्ली में सीजेपी के आंदोलन का किया समर्थन**

**NEET, AEDO और TRE-4 के मुद्दे उठाए:** छात्रा मनीषा ने कहा, 'NEET पेपर लीक के खिलाफ, बिहार में AEDO की पेपर लीक, TRE 4 की नोटिफिकेशन को लेकर हम अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। आज दिल्ली में छात्र अपनी आवाज बुलंद करने के लिए संसद मार्च कर रहे हैं। उन्हें समर्थन देने के लिए आज हम लोग यहां पर पटना से उनके आवाज को मजबूत कर रहे हैं। 22 जुलाई को पटना यूनिवर्सिटी से छात्र राजभवन मार्च करेंगे। बिहार में शिक्षा से जुड़े जो भी दमन बच्चों पर हो रहे हैं उसके खिलाफ प्रदर्शन का आवाहन किया गया है।

# पटना रेपिडो कार से शराब की तस्करी स्टेशन गोलंबर के पास कार पकड़ा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना में रैपिडो के जरिए शराब तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के पटना जंक्शन गोलंबर का है, जहां वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक रैपिडो कार से विदेशी शराब बरामद किया है। इस दौरान कार सवार संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया, लेकिन शराब बरामद कर लिया गया है।

**चेकिंग के दौरान भागा रैपिडो कार सवार:** मौके पर मौजूद पदाधिकारी अनिल कुमार (दारोगा) के मुताबिक, आचार संहिता के मद्देनजर नजर पटना जंक्शन से सटे कोतवाली इलाके के गोलंबर पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रही रेपिडो कार को पुलिसकर्मियों ने रोका और तलाशी शुरू की। इस दौरान आगे की सीट पर बैठा शख्स फरार हो गया। गाड़ी की डिक्की खोलकर चेक की गई तो सूटकेस के अंदर अखबार से लपेटकर शराब की बोतलें रखी गई थी। सभी को जब्त कर लिया गया है। फिलहाल कार को कोतवाली थाना लाया गया है और चालक से पूछताछ की जा रही है।

हाल ही में इसी गोलंबर से कटिहार का एक छात्र शराब की खेप के साथ पकड़ा गया था। उसने अपने पूरी बॉडी में शराब छुपा कर रखी थी। तलाशी के दौरान कपड़ा हटाकर देखने पर शराब मिली थी। उसने पूछताछ के दौरान बताया था कि ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश से शराब की खेप लाई थी और नाला रोड में डिलीवरी देनी थी।

# अचानक कार सवार पर फायरिंग घटनास्थल से एक खोखा मिला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** राजीव नगर रोड नंबर 9 B में 17 जुलाई की रात 11 बजे फायरिंग की वारदात हुई थी। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ राजीव नगर थाने में पीड़ित के आवेदन के मुताबिक केस रजिस्टर्ड किया गया है। हालांकि पीड़ित की ओर से भी घटना की वजह या किसी विवाद को स्पष्ट नहीं किया गया है। पीड़ित सुंदरम कुमार के मुताबिक वह कार से लौट रहे थे। इसी बीच एक अज्ञात बाइक सवार हमलावर ने उनके ऊपर फायरिंग की। गनीमत की बात रही कि गोली और कार में मौजूद एक दूसरे सवार को नहीं लगी। उन्होंने कहा कि मुझे भी मालूम नहीं है कि किस वजह से फायरिंग की गई।

**गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू:** SDPO लॉ एंड ऑर्डर 2 कोमल मीणा ने बताया कि आरोपी सिंगल था। सीसीटीवी फुटेज चेक की गई है। उसके आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश जारी है। उसके आधार पर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी हो रही है। घटना किस वजह से हुई, अरेस्टिंग के बाद ही क्लियर हो पाएगा। फिलहाल अनुसंधान जारी है।घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। बता दें कि गोलीबारी 11 बजे के आस पास हुई। उस वक्त मार्केट में लोग मौजूद थे। गोलीबारी की आवाज सुनकर दहशत का माहौल बन गया।

**पुलिस ने किया मामला दर्ज**

# पटना का पहला इंटरनेशनल हॉकी ग्राउंड अगस्त में खुलेगा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना के पहले इंटरनेशनल हॉकी ग्राउंड की सौगात अगस्त महीने में मिल जाएगी। इसमें नीदरलैंड से मंगाई गई पॉलीटेन ब्लू एस्ट्रोटर्फ लगाई जा रही है। पॉलीटेन ब्लू एस्ट्रोटर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर की सबसे लेटेस्ट टर्फ है। इसके बाद पाथ-वे बनाने और स्प्रिंकलर लगाने का काम शुरू होगा। राजेंद्रनगर स्थित फिजिकल कॉलेज के पीछे बन रहा ये हॉकी एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड 8.44 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। 29 अगस्त को खेल दिवस पर इसका उद्घाटन होने की संभावना है। बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड (बुडको) द्वारा इसका निर्माण कार्य किया जा रहा है।

**पेरिस ओलिंपिक 2024 में इस्तेमाल किया गया ऐसा एस्ट्रोटर्फ:** ऐसे ही एस्ट्रोटर्फ का इस्तेमाल पेरिस ओलिंपिक 2024 में किया गया था। यह खेल की रफ्तार बढ़ाने के साथ खिलाड़ियों के चोटिल होने के खतरे को कम करती है। बीच में इस एस्ट्रोटर्फ का काम रुक गया था। इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन की अधिकृत जांच एजेंसी ने जांच के बाद अपनी फाइनल रिपोर्ट में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के बिल्कुल अनुरूप पाया है। इस ग्रीन सिग्नल के बाद इसी हफ्ते से मैदान पर फाइनल टर्फ बिछाने का काम शुरू हो गया है।

राजगीर के बाद अब राजधानी के हॉकी ग्राउंड में भी एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा। यह बिहार का दूसरा इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का मैदान होगा। ग्राउंड तैयार होने के तुरंत बाद दूसरे फेज का काम शुरू होगा। 1,000 दर्शकों के लिए परमानेंट और आवश्यकता पड़ने पर 1,500 दर्शकों की अस्थायी गैलरी बनेगी। यहां बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के रुकने के लिए अत्याधुनिक डोरमेट्री बनेगी। इस ग्राउंड के चालू होने से स्थानीय खिलाड़ियों को हर दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैदान पर नियमित अभ्यास का मौका मिलेगा और बिहार में नेशनल-इंटरनेशनल हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी का रास्ता साफ हो जाएगा। यहां पहले दलदली जमीन हुआ करती थी। जिस जगह इंटरनेशनल टर्फ बिछाने की तैयारी है, वहां कभी लगभग 2 मीटर तक पानी में डूबा दलदली क्षेत्र हुआ करता था। चारों ओर से लगातार पानी रिसाव, 3 मीटर तक ऊंची घास और दलदल की कई परतों के कारण यह मैदान वर्षों तक किसी भी खेल गतिविधि के योग्य नहीं था। मैदान को खेलने योग्य बनाने के लिए पटना मेट्रो से हजारों ट्रॉली विशेष मिट्टी मंगाई गई है। दलदली पॉकेट्स को हटाने के लिए मशीनों से खुदाई कर रबल भरकर मैदान को स्थिर किया गया। इस खेल स्टेडियम की आधारशिला 2011 में रखी गई थी। 2011 के तत्कालीन मंत्री सुखदा पांडे ने शिक्षक दिवस के अवसर पर फिजिकल कॉलेज के पीछे हॉकी के एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड के निर्माण का शिलान्यास किया था, जिसे 2013 तक बनकर तैयार होना था। मगर 15 वर्ष बाद भी पुरी तरह से तैयार नहीं हो पाया। पटना में एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम का निर्माण कार्य को लेकर 30 अगस्त 2023 को कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने पत्र जारी कर इसका निर्माण कार्य बुडको को सौंपा।

## संक्षिप्त समाचार

### वाईबीएन विश्वविद्यालय की छात्रा श्रेया शुक्ला को राष्ट्रीय मूट कोर्ट में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार

**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची की विधि संकाय की छात्रा सुश्री श्रेया शुक्ला ने लखनऊ में आयोजित 1st Justice D.P. Gupta Moot Court Competition – 2026 में "Best Speaker Award" जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। बी.बी.ए. एलएल.बी. सेमेस्टर-IX की छात्रा श्रेया ने 17-18 जुलाई को बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में हुई इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने विधिक ज्ञान, तर्क और प्रभावशाली वक्तृत्व से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सत्यदेव पोद्दार, कुलसचिव डॉ. दीप्ति भार्गव और वाईबीएन ग्रुप की सीएमडी डॉ. अंकिता यादव ने श्रेया को बधाई दी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा और छात्रों की प्रतिभा का उदाहरण है।

### प्रसूता की मौत पर विरोध कर रहे भाजपा नेताओं के खिलाफ दमन, झारखंड में तानाशाही चल रहीः प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने जामताड़ा में प्रसूता रीना देवी की मौत के मामले में न्याय मांग रहे भाजपा नेताओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जिला अध्यक्ष सुमित शरण समेत अन्य नेताओं के घर पुलिस भेजकर परिजनों से दुर्व्यवहार कराया। कहा कि जिस मामले में लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी, सरकार उल्टे आवाज उठाने वालों को डराने में लगी है। उन्होंने कहा कि जामताड़ा पुलिस मंत्री इरफान अंसारी के इशारों पर काम कर रही है और "इरफान पुलिस" बन गई है। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू द्वारा डीजीपी से संपर्क करने पर फोन न उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषी डॉक्टरों और अधिकारियों पर कार्रवाई हो और भाजपा नेताओं के खिलाफ प्रतिशोधात्मक कार्रवाई बंद हो। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो भाजपा सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस दौरान प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अजय राय और नीरज सिंह भी मौजूद थे।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम को मिला मारुति ईको सेवा वाहन, मानव सेवा को मिलेगी नई गति

**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम के अंतर्गत संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम को मारुति सुजुकी ईको सेवा वाहन समर्पित किया गया। वाहन का लोकार्पण संत शिरोमणि श्री 108 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के कर-कमलों द्वारा किया गया। यह वाहन बाबा एग्रो फूड लिमिटेड के निदेशक श्री मनीष कुमार साहू और उनकी पत्नी श्रीमती राखी साहू के सौजन्य से प्रदान किया गया है। इस अवसर पर स्वामी सदानंद जी महाराज ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। यह सेवा वाहन आश्रम में निवासरत निराश्रितों के आवागमन, रेस्क्यू, सेवा सामग्री परिवहन और अन्य मानवीय कार्यों में सहायक बनेगा और सेवा कार्यों को गति देगा। उन्होंने दंपति के सेवा भाव की सराहना कर उनके सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ सहित बड़ी संख्या में ट्रस्ट पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### रांची पहली बार बनेगा डूरंड कप का मेजबान, 26 जुलाई से शुरू होगा एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन, सभी मैचों में दर्शकों को मिलेगा निःशुल्क प्रवेश, 22 जुलाई से टिकट वितरण शुरू**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची पहली बार एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 135वें संस्करण की मेजबानी करेगी। 26 जुलाई से शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। राज्य सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने इसे झारखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।



टूर्नामेंट की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी खेल निदेशक छवि रंजन ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। इस अवसर पर भारतीय सेना के प्रतिनिधि मनोज कुमार झा भी उपस्थित थे। छवि रंजन ने बताया कि टूर्नामेंट के सभी मैचों के लिए दर्शकों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए 22 जुलाई से 16 अगस्त 2026 तक निःशुल्क टिकट वितरित किए जाएंगे। टिकट प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक उपलब्ध रहेंगे और प्रत्येक व्यक्ति को अधिकतम चार टिकट दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि टिकट वितरण के लिए स्टेडियम परिसर में गेट संख्या 11 से 13 के बीच 10 काउंटर तथा गेट संख्या 23 के पास दो अतिरिक्त काउंटर बनाए गए हैं। प्रशासन ने दर्शकों से अपील की है कि वे मैच शुरू होने से कम से कम एक घंटे पहले स्टेडियम पहुंचें, ताकि सुरक्षा जांच के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों को स्टेडियम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। खेल निदेशक ने बताया कि वर्ष 1888 में शुरू हुआ डूरंड कप एशिया का सबसे पुराना और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है। इसके 135वें संस्करण में 24 टीमें पांच मेजबान शहरों में खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। प्रतियोगिता में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल), आई-लीग के क्लबों के अलावा भारतीय सशस्त्र बलों की टीमें और विदेशी सैन्य टीमें भी हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दर्शकों को स्टेडियम में हथियार, पटाखे, बड़े बैग, बाहरी खाद्य सामग्री, शराब, तंबाकू उत्पाद, ड्रोन, पेशेवर कैमरे, लैपटॉप, बड़े पावर बैंक, हेलमेट, मेगाफोन, एयर हॉर्न, बड़े झंडे, लेजर पॉइंटर तथा एरोसोल स्प्रे जैसी प्रतिबंधित वस्तुएं लाने की अनुमति नहीं होगी।

# झारखंड के पांच जिलों में मंगलवार को भारी बारिश का येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के पांच जिलों में मंगलवार को भारी बारिश की संभावना है। इसे देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने तथा वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। राज्य में मानसून की सक्रियता बढ़ने से वर्षा की कमी में लगातार सुधार हो रहा है। एक जून से 20 जुलाई तक झारखंड में सामान्य से 33 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। इससे एक दिन पहले यानी रविवार तक यह कमी 37 प्रतिशत थी। लगातार हो रही बारिश के कारण वर्षा घाटे में कमी आने लगी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 139.2 मिलीमीटर वर्षा हजारीबाग स्थित डीवीसी क्षेत्र में दर्ज की गई। इसके अलावा कई अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई। तापमान की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य का सर्वाधिक तापमान पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप निकलने के कारण लोगों को हल्की गर्मी और उमस का भी एहसास हुआ, हालांकि मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहा। सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री और न्यूनतम 27.0 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 30.7 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.2 डिग्री और न्यूनतम 25.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूनतम 24.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 24 घंटे के दौरान दक्षिणी और मध्य झारखंड के कई हिस्सों में मानसूनी गतिविधियां बनी रहेंगी। भारी बारिश वाले क्षेत्रों में जलभराव, निचले इलाकों में पानी जमा होने और तेज हवा के कारण लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## रांची में सात से नौ अगस्त तक लगेगा इस्पात महिला विकास सहयोग समिति का वार्षिक मेला



**एजेंसी। रांची**

इस्पात महिला विकास सहयोग समिति की ओर से तीन दिवसीय वार्षिक मेला सात से नौ अगस्त तक मेकॉन कम्युनिटी हॉल, श्यामली कॉलोनी, डोरंडा में आयोजित किया जाएगा। मेले में महिला उद्यमियों और कारीगरों द्वारा तैयार हस्तशिल्प एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी। इसकी जानकारी मेकॉन की सीमतिंनी साहु ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में दी। विज्ञप्ति के अनुसार, मेले का उद्घाटन सात अगस्त को समिति की सोनी वर्मा, रश्मि वर्मा, निक्की राज, कंचन झा तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में होगा। आयोजकों के अनुसार, इस वर्ष मेले में लगभग 50 से 60 स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें हस्तशिल्प, परिधान, आभूषण, जूट बैग, डोकरा कला, पेंटिंग्स, राखियां और अन्य हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री होगी। मेले में राज्य के विभिन्न हिस्सों से महिला उद्यमी और कारीगर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। समिति ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना, उनके उत्पादों को व्यापक बाजार से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करना है। समिति के अनुसार, यह वार्षिक मेला पिछले 35 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है और महिला कारीगरों तथा उद्यमियों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। इस वर्ष भी तीन दिवसीय मेले में बड़ी संख्या में शहरवासियों के पहुंचने की उम्मीद है।

## एक्साइज ड्यूटी घटने का लाभ ठेकेदार नहीं रख सकता, जेयूवीएनएल को मिलेगा : हाई कोर्ट

**एजेंसी। रांची**

झारखंड उच्च न्यायालय ने एम/एस जय बी. एंटरप्राइजेज से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि किसी अनुबंध के दौरान एक्साइज ड्यूटी की दर में कमी आती है, तो उसका लाभ ठेकेदार अपने पास नहीं रख सकता। ऐसी स्थिति में कर में हुई कमी का लाभ नियोक्ता संस्था को मिलेगा। न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने एम/एस जय बी. एंटरप्राइजेज की रिट याचिका खारिज करते हुए यह निर्णय दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जेयूवीएनएल) द्वारा ठेकेदार के बिल से 18,49,682 रुपये की की गई कटौती पूरी तरह वैध है। इसलिए याचिकाकर्ता इस राशि की वापसी का हकदार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि यदि कर की दर बढ़ने पर अतिरिक्त वित्तीय भार जेयूवीएनएल वहन करता है, तो कर में कमी आने पर उसका लाभ भी उसी संस्था को मिलना चाहिए। यदि कर में कमी का लाभ ठेकेदार को रखने दिया जाए, तो यह अनुचित आर्थिक लाभ (अनजस्ट एनरिचमेंट) की स्थिति होगी, जिसे कानून स्वीकार नहीं करता। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि एक्साइज ड्यूटी कम होने से ठेकेदार की लागत या उसके लाभांश में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, बल्कि केवल उसकी कर देनदारी घटी। इसलिए कर में हुई कमी का लाभ अंततः उस संस्था तक पहुंचना चाहिए, जिसने भुगतान किया है। दरअसल, एम/एस जय बी. एंटरप्राइजेज को वर्ष 2009 में कतरास 10वीं एपीडीआरपी



परियोजना का कार्य आवंटित किया गया था। कार्यादेश के अनुसार सामग्री की कीमत सभी करों और एक्साइज ड्यूटी सहित निर्धारित की गई थी तथा अनुबंध अवधि के दौरान इन कीमतों को स्थिर (फर्म) रखा गया था। कार्य निष्पादन के दौरान केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी की दर 8 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दी। इसके बाद जेयूवीएनएल ने ठेकेदार के बिल से 18,49,682 रुपये की कटौती कर ली। इस कटौती को चुनौती देते हुए एम/एस जय बी. एंटरप्राइजेज ने झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि कार्यादेश के अनुसार अनुबंध मूल्य पूरी तरह निश्चित था और उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकता था। इसलिए एक्साइज ड्यूटी में कमी के आधार पर बिल से राशि काटना अवैध है। अपने पक्ष में याचिकाकर्ता ने सेल ऑफ गुड्स एक्ट, 1930 की धारा 64ए तथा उच्चतम न्यायालय के नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड मामले के निर्णय का भी हवाला दिया। वहीं, जेयूवीएनएल की ओर से अदालत को बताया गया कि कार्यादेश के साथ निविदा (एनआईटी) की शर्तें भी अनुबंध का अभिन्न हिस्सा थीं। इन शर्तों में स्पष्ट प्रावधान था कि कर एवं शुल्क में होने वाले वैधानिक परिवर्तन का समायोजन वास्तविक आधार पर किया जाएगा। इसलिए एक्साइज ड्यूटी में कमी का लाभ भी जेयूवीएनएल को मिलना चाहिए। निगम का तर्क था कि यदि यह लाभ ठेकेदार को दे दिया जाए, तो उसे अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने जेयूवीएनएल के पक्ष को स्वीकार करते हुए ठेकेदार की याचिका खारिज कर दी और स्पष्ट किया कि कर में कमी से होने वाला वित्तीय लाभ भुगतान करने वाली संस्था को ही प्राप्त होगा।

## 50 करोड़ रुपये के सहकारिता बैंक ऋण घोटाला मामले में संजय कुमार डालमिया को हाई कोर्ट से जमानत

**एजेंसी। रांची**

झारखंड राज्य सहकारिता बैंक की सरायकेला शाखा से कथित 50 करोड़ रुपये के ऋण घोटाला मामले के आरोपित व्यवसायी संजय कुमार डालमिया को झारखंड उच्च न्यायालय से राहत मिली है। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने उनकी जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें जमानत दे दी। मामले में प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरभ कुमार ने पक्ष रखा। इससे पहले संजय कुमार डालमिया ने चाईबासा स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन विशेष अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने उस आदेश को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जहां से उन्हें राहत मिली। मामला झारखंड राज्य सहकारिता बैंक की सरायकेला शाखा में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है।

इस संबंध में 22 अगस्त 2019 को सरायकेला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि व्यवसायी संजय कुमार डालमिया ने विभिन्न कंपनियों के नाम पर बैंक से करीब 50 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त किया, जिसे बाद में वापस नहीं किया गया। प्राथमिकी में बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुनील कुमार सतपति, सहायक मदन लाल प्रजापति, मैनेजर धीरेंद्र कुमार सवैयां, क्षेत्रीय कार्यालय चाईबासा के तत्कालीन एजीएम, लेखापाल शंकर बंदोपाध्याय, तत्कालीन प्रबंध निदेशक (एमडी) मनोज नाथ शाहदेव, मुख्यालय के एजीएम संदीप सेन, तत्कालीन मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) ब्रजेश्वर नाथ तथा व्यवसायी संजय कुमार डालमिया सहित कई लोगों को आरोपित बनाया गया था। जांच के दौरान सीआईडी ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुनील कुमार सतपति और एक अन्य आरोपित मनसा महतो के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। बाद में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस मामले में कांड संख्या 8/2020 के तहत अलग से प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि संजय कुमार डालमिया को आठ अलग-अलग ऋण खातों के माध्यम से करीब 50 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत और वितरित किया गया था। आरोप है कि ऋण स्वीकृत करने से पहले आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन और पहचान संबंधी औपचारिकताएं पूरी नहीं की गईं। जांच एजेंसियों का आरोप है कि तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुनील कुमार सतपति ने बैंक के निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए संजय कुमार डालमिया को ऋण स्वीकृत किया, जिससे बैंक को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। मामले की जांच और अन्य आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई जारी है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'प्रतिध्वनि 4.0' का भव्य समापन, देशभर की प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा

**एजेंसी। रांची**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय अंतर-विद्यालयी अंतरविषयी कला महोत्सव 'प्रतिध्वनि 4.0' का समापन उल्लासपूर्ण माहौल में हुआ। देश के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों ने साहित्य, प्रदर्शन कला, आलोचनात्मक चिंतन और रचनात्मक अभिव्यक्ति की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर श्री मुखर्जी पी. के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन का उद्देश्य अंतर्विषयी शिक्षा और सहयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा देना था। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि 'प्रतिध्वनि' सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि कल्पनाशीलता, संवाद और सहयोग का उत्सव है जो छात्रों को आलोचनात्मक सोच और रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित करता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**
**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–08/2026–27**

1 विभाग का नाम :–भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गढ़वा।
3 परिमाणविपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :–27/07/2026को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदाप्राप्ति की तिथि एवं समय :–28/07/2026कोअपराह्न 03:00 बजेतक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :–28/07/2026को 03:30 बजे अपराह्न से।
6 परिमाणविपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसरमें। 2. अधीक्षण अभियंता, भवननिर्माण विभाग,भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7 निविदाप्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थानपर।
8 कार्य का विवरण:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुलिसलाईन गढ़वा में सार्वजनिक उपयोग हेतु बैडमिन्टन कोर्ट का निर्माण एवं अन्य कार्य। | `40,22,100.00 | `80,500.00 | `5,000.00 | 03माह |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट:– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गतबैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा। निविदा में केवल गढ़वा जिला के संवेदक हीं भाग ले सकते हैं।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
PR 385364 Building(26-27)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**
**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा सूचना संख्या – DWSD/DT/Med-07/2026-27 (1st Call) दिनांक 18.07.2026**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 125x115 mm dia x 90.00 mtr. (av.) deep drilled tube well with installation of IM-II Hand Pump including 125mm dia UPVC blue casing pipe, 32mm dia G.I (Medium Class) riser pipe in Sub Division, Medininagar, Panki and Japla under DW&S Division, Medininagar for the year 2026-27. (**Untied Fund**) | MED/DT-90M-01 | 20 Nos. | 20,23,716.00 | 40,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/DT-90M-02 | 20 Nos. | 20,23,716.00 | 40,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/DT-90M-03 | 20 Nos. | 20,23,716.00 | 40,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/DT-90M-04 | 20 Nos. | 20,23,716.00 | 40,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| 2. | Construction of 125x115 mm dia x 120.00 mtr. (av.) extra deep drilled tube well with installation of IM -II Hand Pump including 125mm dia UPVC blue casing pipe, 32mm dia G.I . (Medium Class) riser pipe in Sub Division, Medininagar, Panki and Japla under DW&S Division, Medininagar for the year 2026-27. (**Untied Fund**) | MED/ExDT-120M-01 | 19 Nos. | 24,69,052.00 | 49,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/ExDT-120M-02 | 19 Nos. | 24,69,052.00 | 49,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/ExDT-120M-03 | 19 Nos. | 24,69,052.00 | 49,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/ExDT-120M-04 | 19 Nos. | 24,69,052.00 | 49,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/ExDT-120M-05 | 19 Nos. | 24,69,052.00 | 49,500.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| 3. | Construction of 200x165 mm dia x 200.00 mtr. Depth HYDT with Extra Deep Well I.M-II Hand Pump (IS:13287-1992) 32mm dia medium classG.I. Pipes, Plate form with drainin Sub Division, Medininagar, Panki and Japla under DW&S Division, Medininagar for the year 2026-27. (**Untied Fund**) | MED/HYDT-200M-01 | 6 Nos. | 18,27,478.00 | 37,000.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/HYDT-200M-02 | 6 Nos. | 18,27,478.00 | 37,000.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/HYDT-200M-03 | 6 Nos. | 18,27,478.00 | 37,000.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/HYDT-200M-04 | 8 Nos. | 24,36,637.00 | 48,800.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |
| | | MED/HYDT-200M-05 | 8 Nos. | 24,36,637.00 | 48,800.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Month |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/ डाउनलोड की तिथि/समय | **30.07.2026 / 12.30** बजे अपराह्न में। |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय | **07.08.2026 / 3.30** बजे अपराह्न तक। |
| 6. | निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय | **07.08.2026 / 4.00** बजे अपराह्न तक। |
| 7. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | विभागीय वेबसाईट **dwsd.jharkhand.gov.in** से **download** करना है। |
| 8. | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9. | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 10. | पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | **9973742366** |

नोट:– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. निविदा की शर्त्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट **dwsd.jharkhand.gov.in** से **download** किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
PR 385370 District (26-27)D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि विभाग)**
**कार्यालय:– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।**
**पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114**
**कृषि उपादान व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DAESI) में नामांकन लेने हेतु आवश्यक सूचना।**

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद द्वारा संचालित कृषि उपादान व्यवसायियों हेतु (DAESI (Diploma in Agriculture Extension Services for Input Dealers) पाठ्यक्रम संचालित की जानी है।

गढ़वा जिले के बीज/उर्वरक/कीटनाशक विक्रेता जो बैध अनुज्ञप्तिधारक है नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज हैदराबाद के वेबसाईट www.manage.gov.in से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है या आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 से भी प्राप्त किया जा सकता है।

पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र निबंधित/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के माध्यम से भी आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 को दिनांक 31-08-2026 के अपराह्न 5.00 बजे तक प्राप्त कराया जा सकता है। नामांकन हेतु कुल अभ्यार्थी की संख्या 40 है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित आवश्यक संलग्न करना अनिवार्य होगा।
1. DAESI पाठ्यक्रम का विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति (अंक–पत्र, मूल प्रमाण–पत्र)।
3. अनुज्ञप्ति (License) की छायाप्रति (बीज/उर्वरक/कीटनाशक)।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. दो फोटोग्राफ पासपोर्ट साईज।
6. लाईसेंसधारी की Input Dealer को रू0 14000/- (चौदह हजार रूपया) मात्र एवं गैर–लाइसेंसधारी को रू0 28000/- (अठाईस हजार रूपये) मात्र का Demand Draft जो DIRECTOR SAMETI के नाम से Payable at Ranchi को देय होगा संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र रद्द हाने या चयन न होने की स्थिति में Demand Draft वापस कर दिया जाएगा।
7. Demand Draft को छोड़कर सभी दस्तावेज पर आवेदनकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
8. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण है।
9. लइसेंसधारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

- अधिक जानकारी हेतु आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114 से सम्पर्क किया जा सकता है।
- विज्ञापन रद्द करने अथवा इसमें बदलाव करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा।
PR 385369 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27)D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# नये नियमों ने डीएपी, यूरिया वितरण में फंसाया पेंच, बटाईदार और रेहन वालों को मुश्किल

**बरियारपुर देवरिया, एजेंसी।** खरीफ सीजन में धान की फसल में डालने को किसानों को डीएपी और यूरिया खाद लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे किसान, बटाईदार और रेहन पर खेत लेकर खेती करने वाले किसानों को समितियों से खाद मिलना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में उन्हें बाजार से अधिक कीमत पर खाद खरीदना पड़ रहा है। सरौरा निवासी किसान जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि उन्होंने खेती के लिए कुछ जमीन रेहन पर ली है, लेकिन सरकारी नियमों के तहत उन्हें खेत में डालने को डीएपी और यूरिया नहीं मिल पा रही है। खेती का पूरा खर्च वहन करने के बावजूद खाद प्राप्त करना मुश्किल हो गया है।

बरेठा निवासी विनय मिश्रा ने बताया कि नए नियमों के कारण खाद लेने की प्रक्रिया जटिल हो गई है। करौदी निवासी द्वारिका यादव ने भी खाद वितरण व्यवस्था में आ रही दिक्कतों की शिकायत करते हुए कहा कि छोटे किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांवों में बड़ी संख्या में किसान बटाई व रेहन की जमीन पर खेती करते हैं। ऐसे किसानों के नाम जमीन दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें खाद नहीं मिल रहा है। इससे खरीफ की बुवाई प्रभावित होने लगी है। जिला कृषि अधिकारी अधिकारी उदय सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार खाद वितरण किसर जा रहा है। किसान छोटा हो या बड़ा, सभी के लिए एक समान नियम लागू हैं। खाद वितरण को भूमि स्वामी की खतौनी और आधार सत्यापन आवश्यक है। संबंधित मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन के बाद ही डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराई जा रही है। बटाईदार, रेहनदार किसानों के लिए अभी कोई व्यवस्था नहीं बनाई गयी है।

# बांके बिहारी मंदिर में चांदी के घोड़े चोरी का दावा, सेवायतों ने आरोपों को किया खारिज



**मथुरा , एजेंसी।** मथुरा के विश्व प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर एक बार फिर विवादों में आ गया है। मंदिर की हाई पावर कमेटी के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि मंदिर से बड़े-बड़े चांदी के घोड़े चोरी हो गए हैं। उन्होंने इसे अत्यंत गंभीर मामला बताते हुए इसकी निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

**सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं से भी जुड़ा विषय:** दिनेश गोस्वामी का कहना है कि मंदिर से बहुमूल्य चांदी के घोड़ों का गायब होना केवल चोरी का मामला नहीं, बल्कि सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं से भी जुड़ा विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले मंदिर की देहरी पूजन की परंपरा को तोड़ा गया और अब चार नए सेवायतों की नियुक्ति भी परंपराओं में बदलाव के उद्देश्य से की गई है। उनके अनुसार यह घटनाक्रम श्रद्धालुओं की आस्था को प्रभावित करने वाला है।

**अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण से भी अधिक गंभीर मामला:** गोस्वामी ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है तथा अब तक दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बांके बिहारी मंदिर से हुई कथित चोरी, अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण से भी अधिक गंभीर है। उनका कहना है कि पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच कराई जानी चाहिए, ताकि वास्तविक तथ्य सामने आएं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई हो सके।

**इस प्रकरण का निष्पक्ष खुलासा आवश्यक:** उन्होंने मंदिर प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की कि कथित चोरी की विस्तृत जांच कर श्रद्धालुओं को पूरे मामले की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाए। उनका कहना है कि मंदिर की गरिमा, परंपराओं और श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखने के लिए इस प्रकरण का निष्पक्ष खुलासा आवश्यक है।

**इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई:** हालांकि, दिनेश गोस्वामी द्वारा लगाए गए इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। समाचार लिखे जाने तक मंदिर प्रशासन या संबंधित अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। कोई बांके बिहारी मंदिर की सेवायत ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामीने कहा है कि मंदिर सेवायतों की तरफ से कोई परंपरा नहीं टूटी है, और ना मंदिर से घोड़ा चोरी हुई है रेलिंग की बजह से रथ नही सजाया जा रहा और यह रथ कोई चलने वाला रथ नही है, प्रतिबिंम्ब रथ है और यह रथ बाँके बिहारी ज़ी मंदिर का नही है, मंदिर सेवायत के यजमानों द्वारा निजी ट्रस्ट के लिए दान दिया था,

### कश्मीर में आतंकियों की साजिश नाकाम

# बांदीपोरा के बाग में मिला 4 किलो का 'प्रेशर कुकर बम', टला बड़ा खतरा



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर सुरक्षा बलों की चौकसी और तत्परता ने आतंकियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में रविवार की शाम एक ऐसी भयावह साजिश का पर्दाफाश हुआ जो घाटी को एक बार फिर गहरे जख्म दे सकती थी। सुरक्षा बलों ने समय रहते एक 4 किलोग्राम के IED को बरामद कर एक संभावित नरसंहार को टाल दिया है।

**सेब के बाग में छिपा था 'यमराज':** यह पूरी कार्रवाई बांदीपोरा के मंगनीपोरा गांव में अंजाम दी गई। आतंकियों ने बेहद शातिराना तरीके से बम को एक प्रेशर कुकर के भीतर फिट किया था और इसे सेब के घने बागों के बीच छिपा दिया था।

उनकी योजना किसी बड़े सुरक्षा काफिले या भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थान को निशाना बनाने की थी ताकि जान-माल का अधिक से अधिक नुकसान किया जा सके।

**बम निरोधक दस्ते की जांबाजी**

आइईडी की बरामदगी के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। विशेषज्ञों ने जब प्रेशर कुकर की जांच की, तो पाया कि उसमें 4 किलो से अधिक वजनी बेहद शक्तिशाली विस्फोटक भरा हुआ था। बम निरोधक दस्ते ने अपनी कुशलता का परिचय देते हुए बिना किसी नुकसान के इस 'प्रेशर कुकर बम' को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया। इस कार्रवाई ने न केवल स्थानीय लोगों को राहत दी बल्कि आतंकियों के उस बड़े हमले की योजना को भी ध्वस्त कर दिया जो पुलवामा जैसी बड़ी त्रासदी की याद ताजा कर सकती थी।

**सुरक्षा घेरा सख्त**

इस साजिश के विफल होने के बाद पूरे बांदीपोरा जिले और विशेष रूप से बांदीपोरा रोड के आसपास के इलाकों में सुरक्षा का भारी पहरा बिठा दिया गया है। पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान लगातार जारी था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं आसपास और कोई विस्फोटक या आतंकियों की छिपने की जगह तो नहीं है। यह घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि कश्मीर में शांति भंग करने की कोशिशें थमी नहीं हैं, लेकिन सुरक्षा बल भी हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं। हाल के दिनों में नार्को-टेरर नेटवर्क पर हुई बड़ी कार्रवाई के बाद आतंकियों की यह नई कोशिश उनकी बौखलाहट को दर्शाती है। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां इलाके में अलर्ट मोड पर हैं।

**सटीक खुफिया जानकारी और संयुक्त प्रहार:** इस सफलता के पीछे सुरक्षा एजेंसियों का सटीक खुफिया तंत्र रहा। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार मंगनीपोरा के बागों में आतंकियों की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर एक स्ट्रांग इनपुट मिला था। बिना एक पल गंवाए, सेना की 27 असम राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। जवानों ने इलाके को चारों तरफ से सील कर दिया और बाग के एक-एक कोने की तलाशी लेनी शुरू की। इसी दौरान उनकी नजर एक संदिग्ध प्रेशर कुकर पर पड़ी जिसे देखते ही जवानों को खतरे का आभास हो गया।

## अचानक हॉस्टल पहुंचे थलपति विजय से शिकायत करने लगे स्टूडेंट्स, मुख्यमंत्री ने लिया ऐक्शन

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने चेन्नई के एक हॉस्टल में अचानक दौरा किया, जिससे हड़कंप मच गया। इस दौरान, उनसे कई शिकायतें की जाने लगीं, जैसे स्टूडेंट्स के खाने में कीड़े मिलना, वॉर्डन के बुरे बर्ताव और कैंपस की सुरक्षा में चूक आदि। थलपति विजय के साथ सोशल जस्टिस मिनिस्टर वन्नी अरासु भी मौजूद थे। ऐक्शन लेते हुए सीएम विजय ने इन दिक्कतों को दूर करने का निर्देश दिया।

सैदापेट में एमसी राजा सोशल जस्टिस हॉस्टल पहुंचे सीएम विजय से ये शिकायतें वहां रहने वाले स्टूडेंट्स ने कीं। विजय ने उनसे बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। यह 10 मंजिला हॉस्टल डीएमके की सरकार के दौरान 44.5 करोड़ रुपये की कीमत में बना था। इंडिया टुडे के अनुसार, स्टूडेंट्स ने हॉस्टल के खाने की शिकायत की।

उन्होंने आरोप लगाया कि खाने में अक्सर कीड़े और बग्स मिलते हैं। दावा किया कि किचन स्टाफ बिना ग्लव्स या हेयर कैप पहने खाना बनाता है। इससे हाइजीन और खाने की सेफ्टी स्टैंडर्ड्स पर चिंता बढ़ गई है। कुछ स्टूडेंट्स ने तो यहां तक आरोप लगाया कि वॉर्डन उनके साथ गलत तरीके से व्यवहार करते हैं। कई बार गुंडे हॉस्टल के अंदर घुस जाते हैं और धमकाते हैं। इसके अलावा, हॉस्टल के बंद होने के समय पर भी कई ने आपत्ति उठाई।

देर से लौटने पर गेट नहीं खोलता वॉर्डन स्टूडेंट्स का कहना था कि यूपीएससी समेत तमाम एग्जाम की पढ़ाई के लिए कई बार देर हो जाती है।

# हावड़ा में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा दही बनाने वाला प्लांट, अमित शाह ने रखी आधारशिला



**कोलकाता, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में अमूल बंगाल डेयरी प्रोजेक्ट के तहत दुनिया के सबसे बड़े दही बनाने वाले प्लांट की आधारशिला रखी. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ के वरिष्ठ अधिकारी न्यू टाउन के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में मौजूद थे, जहां से शाह ने हावड़ा में प्लांट की वर्चुअली आधारशिला रखी.

हावड़ा फूड पार्क में लगभग 700 करोड़ रुपये के निवेश से बन रहे [illegible] के इस प्लांट में हर दिन लगभग 30 लाख लीटर दूध प्रसंस्करण करने की क्षमता होगी. एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्लांट में हर दिन लगभग 1,000 टन दही और दूसरे कल्चर्ड डेयरी प्रोडक्ट बनाने की क्षमता होगी. निर्माण कार्य पूरा होने पर यह दुनिया की सबसे बड़ी दही बनाने की फैसिलिटी बन जाएगी.

कार्यक्रम में बोलते हुए, गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य के सांस्कृतिक प्रतीक, 'मिष्टी दोई' और हाल के राजनीतिक बदलाव के बीच संबंध बताते हुए कहा कि मौजूदा [illegible] सरकार के तहत राज्य में विकास का एक नया दौर शुरू हो रहा है. उन्होंने कहा, 'आज, बंगाल चुनाव में जीत के बाद, मैं पीएम मोदी की तरफ से बंगाल के लोगों का मुंह 'मिष्टी दोई' से मीठा करने आया हूं. बंगाल के लोगों ने जो बदलाव किया है, वह आजादी के बाद हुए किसी भी दूसरे राज्य के विधानसभा चुनाव से अलग है. '

**'सोनार बांग्ला' का आंदोलन फिर से शुरू:** गृह मंत्री ने पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा, 'बंगाल कभी देश के हर क्षेत्र के लिए रोशनी की किरण था... फिर भी, लंबे समय तक बंगाल विदेशी विचारधाराओं से प्रभावित कम्युनिस्ट सरकार के शासन में रहा. उससे (कम्युनिस्ट शासन से) आजाद होने के बाद, यह टीएमसी के चंगुल में फंस गया, जो भ्रष्ट और अपराधी हैं और हमारी आंखों के सामने, गुरुदेव टैगोर का देखा हुआ 'सोनार बांग्ला' (सुनहरा बंगाल) का सपना खत्म हो गया. 'यह कहते हुए कि राज्य अब फिर से उभरने की राह पर है।

## पेट्रोलिंग के दौरान कांस्टेबल ने किया युवती का यौन उत्पीड़न, गिरफ्तार



**कोयंबटूर , एजेंसी।** कोयंबटूर जिले में एक पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया गया है, उस पर पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान एक युवती का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है. इस घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस कांस्टेबल को पद का दुरुपयोग करने के आरोप में निलंबित कर दिया. मामला थुडियालुर थाना क्षेत्र का है. बताया गया है कि कांस्टेबल विनोद कुमार ( 35 ) 15 जुलाई की शाम को वेल्लाकिनारू हाउसिंग बोर्ड इलाके में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे. उस समय, एक युवती अपने बॉयफ्रेंड से बात कर रही थी. आरोप है कि कांस्टेबल विनोद कुमार ने उनसे पूछताछ की और यह कहकर कि वह युवती से अलग से पूछताछ करना चाहता है, उसे दूसरी तरफ ले गया और उसका यौन उत्पीड़न किया. युवती के चिल्लाने पर पुलिसकर्मी वहां से चला गया. बाद में पीड़िता ने थुडियालुर थाने में शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद, पुलिस ने कांस्टेबल विनोद कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की. इस बात की पुष्टि होने के बाद कि उसने युवती का यौन उत्पीड़न किया था, पुलिस ने विनोद कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया. इस घटना के बारे में नाम तमिलर काची पार्टी के नेता और सोशल एक्टिविस्ट वकील विजयराघवन ने कहा, 'हाल के दिनों में तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के केस बढ़े हैं. खासकर, पिछले महीने बढ़ी यौन उत्पीड़न की शिकायतों की पुलिस सही तरीके से जांच नहीं कर रही है.

# अटकलों पर लगा विराम: जयंत पाटिल का बयान-मीडिया मुझे कई बार वित्त मंत्री बना चुका है, मैं किसी रेस में नहीं





**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारों में जोर-शोर से चल रही दोनों एनसीपी के विलय की अटकलों सहित शरदचंद्र पवार पार्टी के नेता जयंत पाटिल के महायुति में जाने और वित्त मंत्री बनने की अटकलों पर अब विराम लग गया है। खुद जयंत पाटिल ने एनडीए में शामिल होने की चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया है। वहीं दूसरी ओर, राज्य की सत्तारूढ़ महायुति सरकार के मंत्री संजय शिरसाट ने भी बड़ा बयान देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि दोनों एनसीपी के विलय का कोई सवाल ही नहीं उठता है। जयंत पाटिल ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों में मीडिया उन्हें कई बार वित्त मंत्री पद की शपथ दिला चुका है। उन्होंने साफ किया कि वे किसी भी प्रकार की रेस में नहीं हैं। उन्होंने न तो कोई मंत्रालय मांगा है और न ही सत्ता पक्ष से कोई अन्य मांग की है। एनडीए में शामिल होने की अटकलों पर पाटिल ने कहा कि उन्हें एनडीए से कोई निमंत्रण नहीं मिला है। इसलिए जब निमंत्रण ही नहीं है तो वहां जाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने न तो कोई मंत्री पद मांगा है और न ही कोई अन्य मांग रखी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी विधायक, सांसद और कार्यकर्ता शरद पवार के साथ मजबूती से खड़े हैं, इसलिए किसी भी अफवाह पर भरोसा करने की जरूरत नहीं है।

**शर्तों पर नहीं बनी बात:** मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि इस मामले में कोई फैसला नहीं होगा और दोनों एनसीपी एक साथ नहीं आएंगी। उनके अनुसार विलय के लिए जो शर्तें रखी गई हैं, वे दोनों पक्षों को मंजूर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दोनों गुट अलग-अलग तरीके से विलीन हो सकते हैं, लेकिन एक साथ मिलकर विलय नहीं होगा।

**बीजेपी ने रखी थी बड़ी शर्त:** इससे पहले कयास लगा जा रहे थे कि एनसीपीशरदचंद्र पवार पार्टी की ओर से एनडीए में शामिल होने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस बारे में पहले आई खबरों के अनुसार शरद पवार की एनसीपी को एनडीए का हिस्सा बनने के लिए बीजेपी की ओर से एक बड़ी शर्त रखी गई थी।

शर्त के अनुसार, बड़े पवार को पहले अपनी पार्टी को महायुति में शामिल एनसीपी (अजीत पवार) में पूरी तरह से विलय करना होगा।

शिरसाट और जयंत पाटिल के खुलासों के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि दोनों एनसीपी का विलय नहीं होगा। अर्थात दोनों एनसीपी ने बीजेपी की मांग अस्वीकार कर दी है।

# उद्धव ठाकरे ने मोदी सरकार को दी खुली चुनौती, बोले- 'आपके पापों का घड़ा भर चुका है...'




**मुंबई, एजेंसी।** धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा एक मामूली बात है. असली लड़ाई उस सरकार को बदलने की होनी चाहिए जो लोगों को आजीविका (रोजगार) देने में नाकाम रहती है.' उद्धव ठाकरे ने शिवाजी पार्क में एक रैली के दौरान यह एलान किया. उद्धव ठाकरे ने सोनम बांगचुक के आंदोलन का समर्थन किया. नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और पेपर रद्द होने के बाद छात्रों द्वारा की गई आत्महत्याओं के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक 28 जून से भूख हड़ताल पर हैं. दिल्ली पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जबरन सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया है. इसी मामले में उद्धव ठाकरे ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला.

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, 'यह सरकार न तो नौकरी देती है और न ही शिक्षा. इसलिए, इस निकम्मी सरकार को बदला जाना चाहिए. मैं यहां आपका नेतृत्व करने नहीं आया हूं, बल्कि आप सभी को खुद नेता बनना होगा- इसीलिए मैं यहां आया हूं. आज जो आग मैं आपमें देख रहा हूं, वह सरकार बदलने तक जलती रहनी चाहिए. इस तानाशाह सरकार को उस आग में जलकर राख हो जाना चाहिए. इन लोगों ने आपका भविष्य चुरा लिया है. 'सरकार दमन का सहारा ले रही

उद्धव ठाकरे ने मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल के दौरान अन्ना हजारे की भूख हड़ताल को याद किया. उन्होंने कहा कि जब अन्ना हजारे भूख हड़ताल पर बैठे थे, तो उसे देश भर में बड़े पैमाने पर प्रचार मिला था. उस समय किसी ने उन्हें गद्दार या चीन का एजेंट नहीं कहा था. इसके विपरीत, तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अन्ना हजारे के साथ सम्मानजनक चर्चा की थी. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आज की सरकार दमन का सहारा ले रही है.

**सरकार को चुनौती:** उद्धव ठाकरे ने कहा- 'भले ही आप वांगचुक के विरोध प्रदर्शन को चादर से ढकने की कोशिश करें, लेकिन सच को छिपाया नहीं जा सकता. आपके पापों का घड़ा भर चुका है. सरकार 'एक देश, एक चुनाव' लागू करना चाहती है. सरकार अब वास्तव में 'एक देश, एक चुनाव' लागू करके खुद को साबित करके दिखाए.

**सरकार ने देश को क्या दिया है?:** अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उद्धव ठाकरे ने पूछा, 'सोनम वांगचुक ने इस देश को क्या दिया है? और इस निकम्मी सरकार ने देश को क्या दिया है? इस पर एक बार हमेशा के लिए हिसाब-किताब हो ही जाना चाहिए।

# भाजपा से चुनाव लड़ने की गलती दोबारा नहीं कर सकती, कानपुर में किरण बेदी का बड़ा बयान



**कानपुर , एजेंसी।** भारत की पहली महिला आईपीएस और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी रविवार को कानपुर पहुंची। यहां कानपुर रोटेरियन के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मौजूद थीं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी राय रखी। किरण बेदी ने कहा, 'भाजपा से चुनाव लड़ने की गलती दोबारा नहीं कर सकती।' कॉकरोच जनता पार्टी और सोनम वांगचुक के आंदोलन को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देने से मना कर दिया। किरण बेदी ने कहा कि 'इन लोगों को मैं फॉलो ही नहीं करती हूं। ऐसे में, इनको लेकर नो कमेंट।'

इससे पूर्व किरण बेदी ने कानपुर की हवाई सेवा की सराहना की। उन्होंने कहा पहले फ्लाइट से लखनऊ और फिर जर्जर सड़कों से कार से आना पड़ता था। इस बार दिल्ली से कानपुर का सफर अच्छा रहा। सीधी फ्लाइट से आराम से आ गई। साइबर क्राइम को लेकर किरण बेदी ने कहा कि एजुकेशन के जरिए ही अपराध से बचा जा सकता है। चोर का काम ही चोरी करना है। सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है।

**77वें बर्थडे पर लॉन्च किया भारत स्किल एक्सचेंज:** उम्र के इस पड़ाव पर देश के विकास में योगदान देने के लिए क्या तैयारी है। सवाल के जवाब में किरण बेदी ने बताया 77वें जन्म दिन में भारत स्किल एक्सचेंज स्टार्टअप शुरू किया है। यूथ में स्किल डेवलपमेंट की आवश्यकता है। इस काम शुरू करने का बीड़ा उठाया।

**जैसे मुझे घर से निकाला जा रहा हो, जिमखाना क्लब पर किरण बेदी:** इससे पहले किरण बेदी ने दिल्ली जिमखाना क्लब के खाली करने के केंद्र की भाजपा सरकार के फैसले पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि इस आदेश को सुनने से ऐसा लगा कि जैसे उन्हें कोई अपने घर से बेदखल कर रहा हो। एक इंटरव्यू में उन्होंने क्लब से जुड़े अपने यादों को शेयर किया। उन्होंने बताया, जब मैंने पहली बार बेदखली का आदेश के बारे में सुना तो मुझे ऐसा लगा जैसे मैंने अपना घर खो दिया हो। एक ऐसी जगह जहां मैं 14 साल की उम्र से खेलती हुई बड़ी हुई थी। उस समय टेनिस के टूर्नामेंट खेलने अमृतसर से दिल्ली आया करती थी। उन्हीं दौरों की वजह से मुझे दिल्ली से प्यार हो गया। यह सपना देखा कि एक दिन मैं यहीं काम करूंगी और रहूंगी। 24 साल की उम्र में दिल्ली में मेरी पहली पोस्टिंग असिस्टेंट सुपरिटेंडेट ऑफ पुलिस और सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर के तौर पर हुई तो जिमखाना क्लब मेरे ही इलाके का हिस्सा था। क्लब का माहौल हमेशा गर्व महसूस कराता था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### रूसी तेल पर सौ फीसद शुल्क का दांव, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर मंडराता खतरा

रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा भारत सहित पांच देशों पर सौ फीसद आयात शुल्क लगाने की तैयारी से भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर संकट के बादल। एक तरफ अमेरिका भारत से व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटा है, दूसरी ओर वह रूस से तेल खरीदने पर सौ फीसद आयात शुल्क लगाने की तैयारी कर रहा है। व्यापारिक रिश्तों में विरोधाभास का यह विचित्र उदाहरण है। दरअसल, अमेरिका के दोनों प्रमुख दलों के सांसदों के एक समूह ने सीनेट में एक विधेयक पेश किया है, जिसमें रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन सहित पांच देशों पर सौ फीसद तक आयात शुल्क लगाने का प्रस्ताव है।इस विधेयक के पारित हो जाने पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारी-भरकम शुल्क थोपने का अधिकार मिल जाएगा। इस नए परिदृश्य में भारत-अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ता का क्या भविष्य होगा, यह एक बड़ा सवाल है और फिर समझौते का भी क्या महत्त्व रह जाएगा?गौरतलब है कि बीती फरवरी में व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तय होने पर रूसी तेल से जुड़े अतिरिक्त पच्चीस फीसद शुल्क को हटा दिया गया था। अब नए सिरे से सौ फीसद शुल्क लगाने की प्रक्रिया से प्रतीत होता है कि अमेरिका भयादोहन की नीति अपना रहा है।हालांकि, संशोधित विधेयक को पहले के मसविदे से नरम बताया जा रहा है। शुरुआती प्रस्ताव में ट्रंप प्रशासन ने संसद में विधेयक पेश कर पांच सौ फीसद तक शुल्क लगाने की पेशकश की थी। मगर सवाल है कि कोई देश अगर रूस से तेल खरीदता है, तो उस पर अमेरिका को शुल्क लगाने का अधिकार कैसे मिल जाता है!ईरान पर हमले से लेकर शुल्क थोपने तक के मुद्दे पर जिस तरह से राष्ट्रपति ट्रंप अपने रुख से पलटते रहे हैं, उससे अमेरिका की साख कम हुई है। यह स्पष्ट है कि दूसरे देशों को मनमाने तरीके से संचालित करने और उन पर नाहक दबाव बनाने से अमेरिका की महाशक्ति की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। दबाव बनाने और अपने मुताबिक संचालित करने के अलोकतांत्रिक कदमों से अमेरिका ने अपनी छवि धुंधली ही की है।अब नाहक शुल्क लगाने की नीति से भारत के साथ उसके व्यापारिक रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है। सवाल है कि अमेरिका की लगातार मनमानी से दुनिया प्रगति के रास्ते पर बढ़ेगी या पीछे चली जाएगी और इसका खुद अमेरिका पर कैसा असर पड़ेगा?

### मणिपुर में जब सुरक्षाबल ही खुद को सुरक्षित महसूस न करें, तो आम आदमी का क्या होगा?

मणिपुर में हाल के दिनों में हिंसक घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। पिछले सप्ताह उखरुल जिले में उग्रवादियों के घात लगाकर किए गए हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए थे। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के बाद सरकार के फिर से कमान संभालने पर यह माना जा रहा था कि राज्य में स्थायी तौर पर शांति बहाली की दिशा में प्रयास तेज होंगे। मगर इन अपेक्षाओं के विपरीत हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। जातीय संघर्ष से उपजी विरोध की चिंगारी आए दिन हिंसक घटनाओं के रूप में सामने आ रही है। स्थिति यह है कि राज्य में तैनात सुरक्षाबलों को भी अब अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। इसी कारण सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और आवाजाही के लिए रणनीतिक तौर पर बदलाव किए जा रहे हैं।सेनापति जिले में हाल ही में असम राइफल्स के एक शिविर पर भीड़ के हमले के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने अपनी सुरक्षा के लिए करीब सौ बुलेटप्रूफ वाहनों को अपने काफिले में शामिल किया है। ऐसे में सवाल है कि जब सुरक्षाबलों की सुरक्षा को ही खतरा पैदा हो गया है, तो आम लोग खुद को कैसे सुरक्षित महसूस कर पाएंगे? आखिर क्या वजह है कि राज्य में सामाजिक सौहार्द और अमन-चैन कायम करने के प्रयासों में सरकार की इच्छाशक्ति एवं गंभीरता नजर नहीं आ रही है?गौरतलब है कि मणिपुर में हाल के दिनों में हिंसक घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। पिछले सप्ताह उखरुल जिले में उग्रवादियों के घात लगाकर किए गए हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए थे। इसके कुछ दिन बाद सेनापति जिले में स्थानीय लोगों की भीड़ ने सैन्य बल के शिविर पर हमला कर वहां आगजनी और तोड़फोड़ की।ये घटनाएं बताती हैं कि राज्य में आम लोगों के असंतोष के बीच उग्रवादी संगठनों की सक्रियता भी बढ़ती जा रही है। हालांकि, कुछ विरोधी संगठनों ने सरकार के साथ समझौता कर शांति बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन इनसे इतर नए समूह खड़े हो गए हैं, जो अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हिंसक वारदात को अंजाम देने का कोई मौका नहीं चूकते। राज्य में जटिल होते हालात के पीछे एक कारण यह भी है कि स्थानीय लोगों का व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हो रहा है।

*अदालत के इस आदेश का पालन कितनी गंभीरता से हो रहा है इसका अंदाजा आए दिन सफाई के दौरान श्रमिकों की मौत से जुड़ी घटनाओं से लगाया जा सकता है। यानी नाले, सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई का कार्य आज भी मशीनी उपकरणों की जगह श्रमिकों से कराया जा रहा है, जिससे हर साल बड़ी संख्या में जहरीली गैसों या आक्सीजन की कमी की वजह से मौत हो जाती है।*

## सीवर सफाई में मौतें- कानून के बावजूद कब रुकेगी हाथ से मैला साफ करने की अमानवीय प्रथा?

(अखिलेश आर्येंदु)

देश में हाथ से मैला साफ करने और सीवर-सेप्टिक टैंक की असुरक्षित सफाई पर कानूनी प्रतिबंध होने के बावजूद हर साल कई श्रमिक जहरीली गैस और ऑक्सीजन की कमी से जान गंवा रहे हैं। यह लेख कानूनों के कमजोर क्रियान्वयन, ठेकेदारों की जवाबदेही, श्रमिकों की सुरक्षा और सामाजिक संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल उठाता है। समाज में अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई, स्वार्थवादी प्रवृत्ति और न्याय के अभाव में उपेक्षित वर्ग को कई तरह की विकट परिस्थितियों एवं त्रासदियों का सामना करना पड़ता है। देश की आजादी के इतने वर्षों बाद भी कुछ ऐसे कार्य हैं, जो आज भी एक खास वर्ग के जिम्मे हैं। हाथ से मैला साफ करने का कार्य भी इनमें से एक है। महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक में गंदे नाले, सीवर या सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान किसी श्रमिक की मौत हो जाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। मगर, ऐसे मामले विरले ही होते हैं, जिनमें संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों की भावना के अनुरूप किसी संस्था, ठेकेदार या संबंधित व्यक्ति को लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए न्याय के कठघरे में लाया गया हो और उसे दंडित किया गया हो। यह उस भारतीय समाज की सच्चाई है, जो स्वयं को शिक्षित, समझदार और प्रगतिशील मानता है। देश में हर साल बड़ी संख्या में हाथ से मैला साफ करने वाले श्रमिकों की मौत जहरीली गैसों या आक्सीजन की कमी की वजह से हो जाती है। मगर ज्यादातर मामलों में इसे दुर्घटना कह कर हर स्तर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। ये श्रमिक समाज के उस वर्ग से आते हैं, जो अब तक उपेक्षित हैं। ऐसा लगता है कि इनके प्रति समाज में सम्मान, संवेदना और सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। यही वजह है कि कानून की नजर में प्रतिबंधित एवं जोखिमपूर्ण कार्य में भी इन श्रमिकों को बिना सुरक्षा के झोंक दिया जाता है। केंद्र सरकार ने हाथ से मैला उठाने की प्रथा पर अंकुश लगाने और गंदे नालों एवं सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान श्रमिकों की सुरक्षा के लिए वर्ष 1993 में कानून बनाया था। इसके बाद वर्ष 2013 में हाथ से मैला उठाने वाले व्यक्तियों के नियोजन का प्रतिशेध तथा पुनर्वास अधिनियम बनाया गया। इसके तहत हाथ से मैला उठाने, सीवर या सेप्टिक टैंक में असुरक्षित तरीके से सफाई कराने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। साथ ही ऐसे कार्य में लगे लोगों के पुनर्वास और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रावधान भी किया गया। मगर ये कानून आज भी जमीन पर प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पाए हैं। सवाल यह है कि आए दिन सीवर या सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस या आक्सीजन की कमी से होने वाली मौतों को आखिर कब तक नजरअंदाज किया जाता रहेगा? जब कानून में इस तरह के कार्यों के लिए मशीनी उपकरणों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, तो फिर श्रमिकों को बिना सुरक्षा उपायों के इस कार्य में क्यों झोंक दिया जाता है? इस दौरान जब किसी श्रमिक की मौत हो जाती है, उसके लिए किसी की जिम्मेदारी या जवाबदेही क्यों तय नहीं हो पाती है! जाहिर है कि ये श्रमिक असंगठित क्षेत्र से आते हैं, इसलिए इनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए कोई राजनीतिक दल, मजदूर संघ और यहां तक गैर सरकारी संगठन भी आगे नहीं आते। करीब एक दशक पहले सफाई कर्मचारियों की मौत के मामले में वर्ष 2014 में एक याचिका दायर की गई थी, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि सीवर, नाले या सेप्टिक टैंक की सफाई को पूरी तरह यांत्रिक किया जाए और सभी पीड़ित परिवारों को तत्काल उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। अदालत के इस आदेश का पालन कितनी गंभीरता से हो रहा है इसका अंदाजा आए दिन सफाई के दौरान श्रमिकों की मौत से जुड़ी घटनाओं से लगाया जा सकता है। यानी नाले, सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई का कार्य आज भी मशीनी उपकरणों की जगह श्रमिकों से कराया जा रहा है, जिससे हर साल बड़ी संख्या में जहरीली गैसों या आक्सीजन की कमी की वजह से मौत हो जाती है। चिंता की बात यह है कि न तो केंद्र सरकार की ओर से बनाए गए कानून का पूरी तरह से पालन हो पा रहा है और न ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का। ऐसे में इस तरह से होने वाली श्रमिकों की मौत को कैसे रोका जाए, यह एक बड़ा सवाल है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 में श्रमिकों की सुरक्षा और उनके कार्य की परिस्थितियों को लेकर एक कानून बनाया था। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता नामक इस कानून में काम के दौरान श्रमिकों की सुरक्षा, खतरनाक गैसों से बचाव और उन मशीनी उपकरणों का इस्तेमाल अनिवार्य किया गया है, जिनके जरिए आसानी से नालों और सेप्टिक टैंकों की सफाई की जा सकती है। सवाल यह है कि कानून में सख्त प्रावधान होने के बावजूद सीवर की सफाई में आज भी मशीनी उपकरणों के इस्तेमाल के बजाय इस कार्य को बिना सुरक्षा के श्रमिकों से ही क्यों कराया जा रहा है? कानून का उल्लंघन किस तरह हो रहा है, इसका ताजा उदाहरण पिछले माह दिल्ली के मुंडका में सीवर की सफाई के दौरान जहरीली गैस से तीन श्रमिकों की मौत हो जाने की घटना है। इसे भी सामान्य घटना मानकर अनदेखा कर दिया गया। दरअसल, सीवर, नाले और सेप्टिक टैंक की सफाई का कार्य अक्सर ठेकेदारों के जरिए कराया जाता है। वे मशीनी उपकरणों की जगह श्रमिकों से यह कार्य करवाते हैं, ताकि उन्हें ज्यादा पैसा खर्च न करना पड़े। वे नियम-कानून की भी कोई परवाह नहीं करते हैं। इस जोखिम भरे कार्य में जब किसी सफाईकर्मी की मौत हो जाती है, तो ज्यादातर मामलों में ठेकेदार अपनी जिम्मेदारी से बच निकलते हैं। अगर किसी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई होती भी है, तो नाममात्र के लिए। ऐसे मामलों में दर्ज प्राथमिकी में इतनी कमजोर धाराएं लगाई जाती हैं कि दोषी मामूली दंड पाकर छूट जाता है और पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता भी नहीं मिल पाती है। विडंबना यह है कि ऐसे श्रमिकों की सफाई कार्य के दौरान मौत के आंकड़े भी वास्तविकता से बहुत कम दर्ज हो पाते हैं। दरअसल, नाले, सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले श्रमिकों की मौत के जो आंकड़े सरकारें जारी करती हैं, ये वे मामले होते हैं, जो पुलिस प्राथमिकी के जरिए सरकार तक पहुंचते हैं। इसलिए वास्तविक आंकड़ों का सही पता नहीं चल पाता है। सफाई मजदूर संगठनों की मानें तो सरकारी आंकड़े की अपेक्षा वास्तविक आंकड़े में कई गुना का अंतर है। इससे साफ है कि इस तरह के हादसों में जान गंवाने वाले कई श्रमिकों के परिवारों को सरकार की ओर से आर्थिक मदद भी नहीं मिल पाती है। ऐसे में अगर कमाई करने वाले इकलौते व्यक्ति की मौत हो जाती है, तो उसके परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाता है। मगर इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर ऐसी कोई कार्रवाई नहीं होती है, जिससे दूसरे लोगों को सबक मिल सके। सवाल है कि मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग या फिर मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ने वाले संगठन क्या कभी ऐसे श्रमिकों की मौत को लेकर मुखर होंगे? जब बात अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने की आती है, तो समाज के हर वर्ग के उत्थान का दावा करने वाले राजनीतिक दलों की संवेदनाएं आखिर कहां गुम हो जाती हैं!

## अब बालों की चिंता नहीं, दोबारा घने बालों की ओर बढ़ें

आज जिस तरह से विधायिका की कम बैठकों, सत्रों के दौरान हंगामें के हालात और मतभेद और मनभेद के हालातों में राजस्थान विधानसभा का अमृत महोत्सव केवल एक आयोजन ना होकर नए विधायकों के लिए प्रेरणास्पद भी हो गया है। अमृत महोत्सव के दौरान राजस्थान में सामाजिक राजनीतिक परिवर्तनकारी 24 कानूनों पर चर्चा भी की गई तो नए पुराने सदस्यों के अनुभवों को साझा करने का भी बेहतरीन अवसर प्राप्त हो सका है। कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का रिमार्केवल प्रतिक्रिया दी कि चुनाव भले ही वोट के आधार पर जीते जाते हैं पर जनता का दिल तो लोकहितकारी कार्य करके ही जीता जा सकता है। संवैधानिक संस्थाओं की शक्ति गरिमा बनाये रखने में हैं वहीं बहस की गुणवत्ता, गंभीरता और सदन में आचरण की मर्यादा से ही संवैधानिक संस्थाएं मजबूत होती है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला राजस्थान विधानसभा के भी सदस्य रह चुके हैं और उनका मानना रहा कि विधानसभा उनके लिए संस्कारों की पाठशाला रही है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा कि दुश्मनी जमकर करों पर खिड़की भी खुली रखों। इंसानियत राजनीति की लक्ष्मण रेखा से बड़ी होनी चाहिए। उन्होंने स्व. भैरोसिंह शेखावत और स्व. मोहन लाल सुखाड़िया व स्व. भैरोसिंह शेखावत व स्व. हरिदेव जोशी के बीच सदन और सदन के बाहर के संबंधों की चर्चा करते हुए कहा कि संबंधों की लक्ष्मण रेखा को नहीं लांघा जाना चाहिए। मतभेद भले ही हो पर मनभेद नहीं होना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर आयोजित अमृत महोत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली सहित पक्ष विपक्ष के नेताओं ने खुलकर विचार रखते हुए विधायिका की कम बैठकों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। राजस्थान विधानसभा का अमृत महोत्सव इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि सामान्यतः इस तरह के कार्यक्रम मात्र औपचारिकता बन कर रह जाते हैं पर जिस तरह से अमृत महोत्सव को लोकतंत्र के लिए उपादेय, लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना, सत्र के दौरान बहस के स्तर की गंभीरता, दलगत राजनीति से उठकर साझा मंच पर खुली चर्चा और अनुभवों का साझा करने से यह आयोजन विशिष्ठ आयोजन हो जाता है। जिस तरह से सत्रों के दौरान हंगामें के हालात बनते हैं और आपसी मतभेद और मनभेद की स्थितियां होने लगी है इस पर चिंता व्यक्त करने के साथ ही विधानसभा के पहले के सत्रों में गंभीरता, तथ्यात्मकता, गहन अध्ययन और स्तरीय बहसों के उदाहरण उदृत करते हुए गंभीर और स्तरीय बहस पर जोर दिया गया। यहां तक कहा गया कि हंगामें से नहीं तथ्य और तर्क व संवाद से बड़े नेता बनते हैं। लोकतंत्र की लक्ष्मण रेखा से इंसानियत की भावना पर जोर दिया गया। अमृत महोत्सव के बहाने जिस तरह से सदनों में बहस के दौरान पक्ष-विपक्ष के सदस्यों द्वारा गरिमापूर्ण, गंभीरता परक, गहन अध्ययन, आलोचना के लिए आलोचना ना होने, तथ्यपरक पक्ष रखने और गंभीर बहस से सदन की गरिमा ही बढ़ेगी और इसका लाभ लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने में मिल सकेगा। अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का यह कहना कि अनुभव और युवा उर्जा का समागम ही लोकतंत्र की असली पूंजी है। देखा जाए तो राजस्थान विधानसभा के अमृत उत्सव का यह आयोजन जहां लोकतंत्र की मजबूती, लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ ही लोकतंत्र में अटूट आस्था, गौरवशाली लोकतांत्रिक आस्था का माध्यम बन गया।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6158

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6157

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

### वर्ग पहेली 6158

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | |
| | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| 10 | | | ■ | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | ■ |
| ■ | 14 | | ■ | | ■ | 15 | 16 |
| 17 | | ■ | 18 | ■ | 19 | | |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह देश शतरंज का जन्म स्थान है (3)
3. इस देश का जनतंत्रात्मक गणराज्य मध्य एशिया में है जिसकी राजधानी ऊलान बटोर है (4)
6. वाद्यों के कुछ बोलों का क्रमबद्ध मिनान, दुर्दशा, दुर्गति (2)
7. पहलू, पार्श्व स्थान, समीप का स्थान (3)
8. प्रतिशोध, प्रतिकार (3)
9. दर, मूल्य, कीमत, सत्ता (2)
10. चित्रकला में लता की आकृति का अंकन, बेल, लता (3)
11. नेत्र, आंख, नयन (2)
12. पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार (3)
14. जनहीन, एकांत, निर्जन (2)
15. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (4)
17. एक प्रसिद्ध पंजाबी गीत (2)
18. स्वीकृत सूचक शब्द (1)
19. उल्लास, खुशी, हर्ष, मन का सुख (3)
20. यह अवस्था रोमांटिक कहलाती है (3)
21. अप्रसन्नता, नाराज, रूष्ट (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भाग्योदय होना, तकदीर चमकना (5)
2. मनोयोग से लगा हुआ, आसक्त (2)
3. कार्यारम्भ के पूर्व की जाने वाली मंगल स्तुति, मांगलिक मंत्र (6)
4. वृत्ताकार रचना, गोलाकार पिंड (2)
5. घूमने-फिरने वाला व्यक्ति, घुमक्कड़ (4)
7. दुराचारी, बुरा, खराब (2)
8. वर्षा करना, लगातार प्रहार करना (4)
13. इस प्रसिद्ध दिवंगत निर्माता-निर्देशक अभिनेता की पहली फिल्म हम एक है थी (1946) (4)
14. योद्धा, बहादुर (3)
16. निंदनीय अहंकार, नशा, मतिभ्रम (2)
17. नायक को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
19. किसी वस्तु को प्राप्त करने की आकांक्षा और अल्प निश्चय (2)

### वर्ग पहेली 6157 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गो | विं | द | व | ल्ल | भ | पं | त |
| ल | ग | ना | ■ | ■ | र | च | ना |
| ■ | ■ | द | ■ | बे | ना | म | ■ |
| कं | ■ | न | र्म | दा | ■ | ■ | वि |
| च | क्षु | ■ | ■ | री | ना | रा | य |
| न | ■ | मौ | सा | ■ | जा | ग | ना |
| जं | ग | ■ | र | ■ | या | ■ | ■ |
| घा | त | ति | थि | ■ | ज | यं | त |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आर्थिक मामलों को लेकर आपका संतुलित तरीका आज बहुत मददगार साबित होगा। आपकी आय ठीक बनी हुई है, इसलिए ऑनलाइन खरीदारी या बिना सोचे-समझे धन का जोखिम लेने से बचें। सांझा धन को लेकर यदि कोई बात करनी हो, तो पूरा धीरज बनाए रखना ही सही रहेगा। कामकाज में साझेदारियां आज आपके हक में रहेंगी।

### वृष

आज धन के मामले पूरी तरह सामान्य बने रहेंगे। पैसों को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी करने या बिना जांचे-परखे किसी को धन उधार देने से पूरी तरह बचें। किसी अनुभवी व्यक्ति से मिलने वाली सलाह आज आपके काम आएगी, जिससे आप अपनी बचत को और बेहतर बना सकेंगे। आज बचाया गया धन आने वाले समय में बड़ा सहारा बनेगा।

### मिथुन

आर्थिक मामलों में आज धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा। आप अपने निवेश को बढ़ाने या भविष्य की किसी खरीदारी को लेकर विचार कर सकते हैं। केवल मन के बहकावे में आकर कोई भी बड़ा निर्णय न लें। अपने रोज के खर्चों का एक सही बजट बनाकर चलने से आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत बनी रहेगी।

### तुला

लंबे समय की आर्थिक स्थिति में अच्छी मजबूती आएगी। बुध देव के असर से इस राशि के लोगों को पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला भावनाओं में बहकर करने से बचना चाहिए। अपने पुराने बकाए को चुकाने और धन के कागजातों को व्यवस्थित करने पर ध्यान दें। आज आप अपने पुराने अधूरे कामों को दोबारा शुरू कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज सुख-सुविधा और रहन-सहन की चीजों पर खर्च करने का मन कर सकता है। जीवन के सुखों का आनंद लें, लेकिन फालतू की महंगी चीजों पर पैसे बर्बाद करने से बचें। पैसों को लेकर आपका नियम से चलना ही आपकी बचत को सुरक्षित रखेगा। कामकाज को लेकर आपके अच्छे गुण आज साफ दिखाई देंगे। दफ्तर के साथी किसी उलझन में आपसे सलाह मांग सकते हैं।

### धनु

आज बातचीत और नए संपर्कों के जरिए आज धन कमाने के कुछ नए मौके मिल सकते हैं। इसके बाद भी किसी समझौते पर दस्तखत करने से पहले उसके हर एक नियम को खुद अच्छे से पढ़ लें। आज की गई छोटी-छोटी बचत भी आपके आर्थिक पक्ष को आने वाले समय में काफी सुरक्षित कर देगी। आपके नए विचार साथियों को प्रभावित करेंगे।

### कर्क

आज धन से जुड़ी जिम्मेदारियां थोड़ी बढ़ सकती हैं, लेकिन आपकी लगन उन्हें अच्छे से संभाल लेगी। जब तक बहुत जरूरी न हो, किसी से नया कर्ज लेने से बचें। लंबे समय की बचत को लेकर बनाई गई योजनाएं आने वाले दिनों में अच्छे अवसर लेकर आ सकती हैं। आपका पूरा ध्यान और लगन आपको कार्यक्षेत्र की हर चुनौती से पार दिलाएगी।

### सिंह

आज आपकी ही राशि में बने हुए हैं, जिससे आर्थिक मामलों को लेकर नई सोच जागेगी। इसके बाद भी बहुत बड़े जोखिम उठाने से पूरी तरह बचें। अपनी धन की योजनाओं में कोई भी बदलाव करने से पहले अच्छे से सोच-विचार कर लें। आपका संतुलित तरीका ही आपको फायदा देगा। कार्यस्थल पर आपकी नई सोच लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचेगी।

### कन्या

आज आर्थिक मामलों में धीरे-धीरे और सही प्लानिंग के जरिए ही सुधार देखने को मिलेगा। भावनाओं में बहकर पैसे खर्च करने के बजाय अपनी बचत को बढ़ाने पर ध्यान दें। किसी भरोसेमंद व्यक्ति से मिलने वाली सलाह आज आपकी योजनाओं को सही दिशा देने में बहुत उपयोगी साबित हो सकती है।

### मकर

आज पैसों को लेकर नियम का पालन करना ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। अनजान जगहों या जोखिम भरे कामों में धन लगाने से पूरी तरह दूर रहें। सूझबूझ से तैयार किया गया बजट भविष्य के अनचाहे खर्चों को संभालने में आपकी पूरी मदद करेगा। किसी भी बड़ी रिपोर्ट या प्रस्तुति को आगे भेजने से पहले उसकी हर एक लाइन को खुद ध्यान से देख लें। बारीकियों पर दिया गया।

### कुंभ

धन कमाने के कुछ नए विचार आज आपको बड़े आकर्षक लग सकते हैं, लेकिन कहीं भी पैसा लगाने से पहले पूरी पड़ताल करना बहुत जरूरी है। बाजार की अफवाहों या उत्साह में आकर कोई निर्णय न लें। आपका उत्साह आज आपको और आपके साथियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। कामकाज को लेकर कुछ नया सीखना या अपने ज्ञान को बढ़ाना भविष्य के लिए बहुत बढ़िया रहेगा।

### मीन

आज सोची-समझी प्लानिंग के कारण आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा सुधार होगा। आप फालतू के खर्चों को कम करने और अपनी बचत को मजबूत करने में सफल रहेंगे। जमीन-जायदाद या लंबे समय के निवेश को लेकर परिवार में होने वाली बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ेगी। आपकी विश्वसनीयता के कारण दफ्तर के लोग और क्लाइंट्स आपका आदर करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# एम्बाप्पे ने लगातार दूसरी बार जीता गोल्डन बूट

- स्पेन के गोलकीपर के नाम गोल्डन ग्लव्स, ये है FIF वर्ल्ड कप की अवार्ड लिस्ट

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में 10 गोल और 8 असिस्ट करके फ्रांस किलियन एम्बाप्पे ने लगातार दूसरी बार गोल्डन बूट जीता। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे नंबर के लिए प्लेऑफ मुकाबले में 2 गोल करके अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी को पछाड़ा था। स्पेन के खिलाफ फाइनल में मेसी गोल या असिस्ट नहीं कर पाए। ऐसे में एम्बाप्पे ने लगातार दूसरी बार उन्हें पछाड़कर गोल्डन बूट अपने नाम किया।



एम्बाप्पे ने कतर में भी 7 गोल करके यह इनाम जीता था, जो मेसी से एक ज्यादा था। अर्जेंटीना के हराकर वर्ल्ड कप अपने नाम करने वाली स्पेन टीम के खिलाड़ियों ने कई पुरस्कार जीते। गोलकीपर उनाई साइमन ने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक बार गोल होने दिया। उन्होंने गोल्डन ग्लव्स जीता, जबकि मिडफील्डर रोड्री को प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुना गया और उन्हें गोल्डन बॉल दी गई। डिफेंडर पाउ ??क्यूबार्सी को बेस्ट यंग प्लेयर चुना गया।



# स्पेन बना विश्व विजेता

## फेरान टोरेस के गोल ने अर्जेंटीना से छीनी ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** लियोनेल मेसी का लगातार दूसरा फीफा विश्व कप जीतने और विजेता के तौर पर विदाई लेने का सपना आखिरकार अधूरा रह गया। अमेरिका के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में स्पेन ने अतिरिक्त समय में फेरान टोरेस के 106वें मिनट के गोल की बदौलत अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर 16 साल बाद विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस विश्व कप का फेरान टोरेस का पहला गोल उनके जीवन का सबसे अनमोल गोल बन गया जिसने स्पेन को ट्रॉफी दी और इस खूबसूरत खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक लियोनल मेसी को आंसुओं के साथ विदाई। लियोनल मेसी का लगातार दूसरा विश्व कप जीतने का सपना आखिरी तिलिस्म पर आकर टूट गया। पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल खाने वाली स्पेनिश टीम ने अपने अभेद्य रक्षण से लियोनल मेसी को भी बेअसर कर दिया और इतिहास रचते हुए विश्व कप जीतने वाली सबसे मजबूत रक्षात्मक टीमों में अपनी जगह दर्ज करा ली। फेरान टोरेस ने बॉक्स के भीतर हवा में आई गेंद पर अपने बाएं पैर से कब्जा करके शॉट लगाया और अर्जेंटीना के गोलकीपर उसे बचा नहीं सके। यह 2010 के बाद स्पेन का दूसरा विश्व खिताब है।

### स्पेन का सबसे कम गोल गंवाने का रिकॉर्ड

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में 8 मैच में सिर्फ एक गोल खाने वाली स्पेन ने टूर्नामेंट में चैंपियन द्वारा सबसे कम गोल गंवाने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। पूरे टूर्नामेंट में आखिरी मिनटों में चमत्कारिक वापसी करती आई अर्जेंटीना उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकी। निर्धारित समय तक गोलरहित बराबरी के बाद मैच अतिरिक्त समय में खिंचा था। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम ने भी 2023 में विश्व कप जीता था और स्पेन एक ही साथ महिला और पुरुष फुटबॉल विश्व कप जीतने वाला पहला देश बन गया। इसके साथ ही स्पेन के कोच लुईस डे ला फुएंटे 65 वर्ष की उम्र में किसी टीम को खिताब दिलाने वाले सबसे उम्रदराज कोच बन गए।

## अर्जेंटीना-स्पेन के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई

### लिएंड्रो पारेडेस की एरिक गार्सिया और गेवी से भिड़ंत



**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 फाइनल के बाद अर्जेंटीना और स्पेन के खिलाड़ियों के बीच लड़ाई हो गई। अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पारेडेस को मुकाबला खत्म होने के बाद रेड कार्ड दिखाया गया। अर्जेंटीना को रविवार (19 जुलाई) को स्पेन से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। मैच खत्म होने के बाद पारेडेस को स्पेन के डिफेंडर एरिक गार्सिया और गेवी के साथ हाथापाई करते देखा गया। पारेडेस ने दोनों का गला पकड़ लिया था। लड़ाई की वजह साफ नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो में रेफरी के फाइनल व्हिसल बजाने के कुछ सेकंड बाद गार्सिया को जमीन पर गिरते हुए देखा जा सकता है। फिर वह उठे और पारेडेस से उनकी तीखी बहस हुई है। पारेडेस ने गार्सिया की गर्दन पर हाथ रखा और धक्का दे दिया है। इसके अलावा अर्जेंटीना के डिफेंडर नाहुएल मोलिना ने भी फाइनल व्हिसल बजने के ठीक बाद एक स्पैनिश सब्स्टीट्यूट के पेट में घूंसा मारा।

### स्पेन ने अर्जेंटीना का सपना तोड़ा

स्पेन ने अर्जेंटीना को 1962 के बाद अपना वर्ल्ड कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनने से रोक दिया। स्पेन पूरे मैच में हावी था। आखिरकार वह अपने 20वें शॉट पर विनिंग गोल करने में कामयाब रहा। अर्जेंटीना गोल के लिए एक भी शॉट नहीं ले पाई। इसके बावजूद मैच फुल टाइम तक 0-0 रहा। बार्सिलोना के फेरान टोरेस ने आखिरकार 106वें मिनट में गोल किया जो स्पेन के लिए विनिंग गोल साबित हुआ।

# संग्राम सिंह ने जीता लगातार चौथा मुकाबला

- पाकिस्तानी फाइटर का घमंड तोड़ा; एक मिनट 20 सेकंड में कर दिया चित

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार एमएमए फाइटर संग्राम सिंह ने पाकिस्तानी फाइटर मोहम्मद आबिद अली का घमंड तोड़ दिया और उन्हें सिर्फ एक मिनट 20 सेकंड में ही चित कर दिया। एमएमए में ये संग्राम सिंह की लगातार चौथी जीत भी रही साथ ही पाकिस्तानी फाइटर पर उनकी ये दूसरी जीत रही। संग्राम सिंह का एमएमए के मंच पर अपराजित रहने का सिलसिला जारी है और वो एशियाई चैम्पियन टाइटिल जीतने वाले पहले भारतीय भी बन गए हैं।



### संग्राम सिंह ने देश को समर्पित की जीत

इस फाइट का आयोजन मलयेशिया में किया गया था और इसे लेकर मलयेशियाई दर्शकों में जबरदस्त उत्साह था। संग्राम सिंह के जीतने के बाद भारतीय फैंस रिंग के बेहद करीब आकर भारत माता की जय के नारे लगाने लगे। वहीं संग्राम सिंह ने जहां इस जीत को 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित किया तो वहीं मोहम्मद बूटा के नाम से मशहूर मोहम्मद आबिद अली ने फेस ऑफ वाले दिन की तरह ही विवादास्पद बयान दिए। उसकी हार की खीझ लगातार बाहर आती रही। आबिद ने कहा कि मलयेशिया में जितने भी मुसलमान हैं, वह उन सबसे बहुत प्यार करते हैं। उनके इस बयान पर भी वहां काफी हूटिंग हुई। वहीं संग्राम सिंह ने कहा कि उनका किसी भी फाइट में एक ही उद्देश्य रहता है कि देश का तिरंगा ऊंचा हो और उन्हें खुशी है कि उन्हें एक बार फिर इसे ऊंचा करने का सौभाग्य मिला। इससे पहले संग्राम सिंह पाकिस्तान के अली रजा नासिर, ट्यूनीशिया के हाकिम तराबेसी और फ्रांस के फ्लोरियन काउडियर को हरा चुके हैं।

**संग्राम सिंह ने डटकर किया मुकाबला-** फाइनल से पहले वजन और मोहम्मद आबिद अली के बड़ेबोले बयान के बाद यह मुकाबला प्रतिष्ठा की लड़ाई बन चुका था, लेकिन दोहरे हैवीवेट कॉमनवेल्थ चैम्पियन ने अपने देशवासियों को निराश नहीं होने दिया। संग्राम सिंह के कोच भूपेश कुमार ने बताया कि मोहम्मद आबिद अली की पंचिंग काफी अच्छी थी। उसने पंचिंग से अटैक किया जिस पर संग्राम लगातार बचते रहे। उसकी ऊंची कदकाठी होने से उसके पंच की पहुंच भी अच्छी थी जिससे उसका एक पंच संग्राम की आंख पर लगा। उसकी इस खूबी को देखकर संग्राम ने कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट नहीं दिखाई। हालांकि आबिद भी कुश्ती से एमएमए में आए हैं लेकिन कुश्ती के दांव-पेंचों में संग्राम ने उन्हें बुरी तरह असहाय कर दिया।

30वें सेकंड में संग्राम ने शानदार तरीके से लेग अटैक किया और पलक झपकते ही उन्होंने आबिद पर एंकल होल्ड करके अपनी जीत की आधारशिला रख दी। इसके लिए वह पहले तो आबिद को रिंग के किनारे पर एंकल होल्ड करके उसे खींचकर अंदर लाए और फिर उसी पोजीशन पर उन्होंने आबिद को चोक कर दिया और इसका कोई जवाब आबिद के पास नहीं था।



आंखों में नमी और चेहरे पर निराशा थी

# टूट गए लियोन मेसी

- स्पेन के खिलाड़ियों ने बंधाया ढांढस

**नई दिल्ली (एजेंसी)** मेटलाइफ स्टेडियम में बैठे समर्थकों के अलावा दुनिया के कोने कोने में देर रात टीवी के आगे नजरें गड़ाये बैठे करोड़ों प्रशंसकों की जुबां पर एक ही नाम था ..लियोनेल मेसी, लेकिन विश्व कप में सुनहरे सफर के आखिरी पड़ाव पर उनका चहेता यह सितारा बेनूर हो गया। खेल के 106वें मिनट में फेरान टोरेस के गोल के दम पर स्पेन ने अर्जेंटीना को हराकर खिताब जीता। दक्षिण अमेरिकी धुरंधर से छिनकर यूरोपीय दिग्गज ने विश्व फुटबॉल की बादशाहत पर कब्जा कर लिया। ब्राजील (1958 और 1962) के बाद अर्जेंटीना लगातार दो खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने का सपना लेकर फाइनल में उतरी थी। मेसी लगातार दूसरी बार चैम्पियन नहीं बन सके। आखिरी सीटी बजने पर उनकी आंखों में नमी और चेहरे पर निराशा को सभी ने देखा।

**स्पेन का गोल होने के बाद स्तब्ध थे मेसी-** एक तरफ स्पेन के खिलाड़ी जश्न मना रहे थे तो दूसरी तरफ मेसी और उनकी टीम स्टेडियम के दक्षिणी छोर पर अर्जेंटीना के समर्थकों को धन्यवाद दे रही थी और शायद माफी भी मांग रही थी। अर्जेंटीना को फ्रांस के खिलाफ 2022 विश्व कप में खिताबी जीत और दो बार कोपा अमेरिका खिताब दिलाने में सूत्रधार रहे मेसी स्पेन का गोल होने के बाद सिर झुकाये और कमर पर हाथ रखकर स्तब्ध खड़े रहे।

**अर्जेंटीना को विश्व कप फाइनल तक ले गए मेसी-** बार्सीलोना और पेरिस सेंट जर्मेन के साथ 12 लीग और चार चैम्पियंस लीग खिताब जीतने के बाद मेसी ने जब यूरोपीय फुटबॉल से विदा लेकर तीन साल पहले एमएलएस का रूख किया तो लोगों को लगा कि वह रिटायर होकर अमेरिका में बस जायेंगे, लेकिन वह एक बार फिर अर्जेंटीना को विश्व कप फाइनल तक ले गए जिनमें उनके खाते में आठ गोल आये और चार में वह सहायक रहे।

### ढांढस बंधाने आये स्पेन के खिलाड़ी

स्पेन के खिलाड़ी आखिरी सीटी बजने के बाद मेसी को ढांढस बंधाने आये। मेसी मैदान पर बैठ गए और हाथ पीछे रखकर एकटक देखते रहे। उपविजेता का पदक लेने आये तो मुस्कुराने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। फिर अपने विचारों में खोये हुए, दुख को छिपाने की कोशिश करते मैदान के एक कोने के निकास से चुपचाप बाहर चले गए। विश्व कप से शायद आखिरी बार।

### मेसी के 125 अंतरराष्ट्रीय गोल हैं

विश्व कप में उनके 21 गोल हो गए हैं और शनिवार को तीसरे स्थान के मुकाबले में फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे (22 गोल) के आगे निकलने तक वह शीर्ष पर थे। तीन विश्व कप फाइनल खेलने वाले पहले खिलाड़ी मेसी के 125 अंतरराष्ट्रीय गोल हैं और वह सिर्फ क्रिस्टियानो रोनाल्डो (146) से पीछे हैं।

### मेसी ने संन्यास से की वापसी

पेले और माराडोना की लीग में शामिल मेसी ने 2016 कोपा अमेरिका फाइनल में चिली के खिलाफ शूटआउट में मिली हार के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदा ले ली थी, लेकिन 47 दिन बाद वापसी की और 2022 में अर्जेंटीना को तीसरी बार विश्व कप दिलाया।

# रोहित का शतक, मगर भारत ने 27 रन से गंवाया मैच

### इंग्लैंड ने 2-1 से जीती वनडे सीरीज

**लंदन।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ रविवार को लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेले गए 'हाई स्कोरिंग' मुकाबले को 27 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेजबान टीम ने वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 3 विकेट गंवाकर 387 रन जड़े।

बेन डकेट ने जैकब बेथेल के साथ पहले विकेट के लिए 181 गेंदों में 192 रन की साझेदारी करते हुए मेजबान टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। बेथेल 93 गेंदों में 2 छक्कों और 11 चौकों के साथ 91 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद डकेट ने जो रूट के साथ दूसरे विकेट के लिए 80 गेंदों में 101 रन जुटाकर टीम को 293 के स्कोर तक पहुंचा दिया। डकेट 135 गेंदों में 19 बाउंड्री के साथ 141 रन बनाकर पवेलियन लौटे।




यहां से जो रूट ने मोर्चा संभाला, उन्होंने कप्तान हैरी ब्रूक (14) के साथ तीसरे विकेट के लिए 31 रन, जबकि जोस बटलर के साथ चौथे विकेट के लिए 19 गेंदों में 63 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। रूट 48 गेंदों में 9 चौकों के साथ 74 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि बटलर ने 13 गेंदों में 3 छक्कों और 4 चौकों के साथ 41 रन की ताबड़तोड़ नाबाद पारी खेली। भारत की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 विकेट हासिल किए और प्रिंस यादव ने 1 विकेट निकाला। इसके जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 360 रन ही बना सकी। रोहित शर्मा ने कप्तान शुभमन गिल के साथ पहले विकेट के लिए 24.2 ओवरों में 147 रन की साझेदारी की। गिल 84 गेंदों में 11 बाउंड्री के साथ 77 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद रोहित ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 86 गेंदों में 113 रन जोड़कर टीम को 260 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

### रोहित शर्मा के भविष्य पर शुभमन गिल ने तोड़ी चुप्पी

# कुलदीप यादव को न खिलाने पर पिच का बनाया बहाना



**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी वनडे 27 रनों से गंवाकर 1-2 से सीरीज हारने के बाद भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल से प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित शर्मा के भविष्य और कुलदीप यादव को न खिलाने को लेकर सवाल पर जवाब दिया। गिल ने कहा कि रोहित शर्मा से इस बारे में कोई बात नहीं हुई है कि लॉर्ड्स वनडे उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। कुलदीप न खिलाने के लिए पिच का बहाना बनाया। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए चयनकर्ताओं ने 39 साल के रोहित को बताया है कि इंग्लैंड सीरीज उनकी आखिरी सीरीज होगी। हालांकि, रोहित या चयनकर्ताओं की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पहले दो वनडे में दो खराब पारियां खेलने के बाद रविवार को रोहित ने 138 रन बनाए, लेकिन टीम हार गई।

## न्यूज बाइट्स

### ओवरलोड हाईवा फंसने से 22 घंटे तक बाधित रहा आवागमन

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** रफीगंज-भदवा मुख्य मार्ग पर गरवा गांव के समीप ओवरलोड गिट्टी से लदा एक हाईवा सड़क के गड्ढे में फंस जाने से लगभग 22 घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। इस दौरान स्थानीय लोगों, स्कूली बच्चों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार, घटना रविवार शाम की है। देव रेलवे हॉल्ट के पास चल रहे रेलवे निर्माण कार्य के लिए गिट्टी लेकर जा रहा हाईवा गांव की मुख्य सड़क पर धंस गया। वाहन के फंसते ही सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई और इस मार्ग से सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन बंद हो गया। यह मार्ग दर्जनों गांवों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क सड़क है। इसी रास्ते से लोग टेंपो, चारपहिया वाहनों एवं अन्य साधनों से देव रेलवे हॉल्ट पहुंचकर ट्रेन पकड़ते हैं। सोमवार को मार्ग बंद रहने के कारण स्कूल वाहनों का परिचालन भी प्रभावित रहा। इसके अलावा गिट्टी लदे आधा दर्जन से अधिक हाईवा भी रास्ते में फंसे रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे निर्माण कार्य में लगातार ओवरलोड हाईवा के परिचालन से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

### भारी बारिश के अलर्ट पर पुलिया की कराई गई सफाई

**अंबा (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** संभावित भारी बारिश और मौसम विभाग के हाई अलर्ट को देखते हुए औरंगाबाद जिला प्रशासन जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में सोमवार को कुटुंबा प्रखंड के अंबा बाजार स्थित नबीनगर रोड की पुलिया के पास विशेष सफाई अभियान चलाकर पुलिया में जमा कचरा एवं मलबा हटाया गया। साथ ही वेंट क्लीनिंग कर जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाया गया। पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता मोहम्मद अशफाक ने बताया कि भारी बारिश की संभावना को देखते हुए यह कार्रवाई एहतियात के तौर पर की गई है। उन्होंने कहा कि नबीनगर रोड स्थित पुलिया में अक्सर कचरा और मलबा जमा हो जाने से पानी का बहाव बाधित हो जाता है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीम की निगरानी में पुलिया की सघन सफाई और वेंट क्लीनिंग कराई गई है। इससे वर्षा का पानी तेजी से निकलेगा और स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों तथा आसपास के लोगों को जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

# हर परिवार तक खाद्य सुरक्षा का लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

- पंचायत विकास दिवस पर सभी पंचायतों में राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवारों की पहचान के लिए शिविर लगाए जाएंगे।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), नए राशन कार्ड निर्गमन, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस), कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर), एसआईआर मामलों के निष्पादन तथा संदिग्ध राशन कार्डों के सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की गई। औरंगाबाद से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारियों, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार के विशेष अभियान के तहत कोई भी पात्र परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए आगामी पंचायत विकास दिवस पर सभी पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित कर राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवारों की पहचान की जाएगी। शिविरों में आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित सत्यापन, ऑनलाइन प्रविष्टि, अनुमोदन एवं समयबद्ध तरीके से राशन कार्ड जारी किए जाएंगे। साथ ही आवेदन से स्वीकृति तक प्रत्येक चरण की प्रतिदिन समीक्षा करने का निर्देश भी दिया गया।

जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निर्धारित 18,90,221 लाभार्थियों के विरुद्ध वर्तमान में 16,85,195 लाभार्थी आच्छादित हैं। शेष पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने के लिए 48,241 नए राशन कार्ड जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत 26 जुलाई 2026 तक 30,875 तथा 5 अगस्त 2026 तक 17,367 अतिरिक्त राशन कार्ड जारी किए जाएंगे। प्रतिदिन क्रमशः 3,859 और 1,737 राशन कार्ड निर्गत करने का लक्ष्य तय किया गया है।

### जिले की सभी उचित मूल्य दुकानें संचालित, कोई भी दुकान रिक्त नहीं

बैठक में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत सीएमआर आपूर्ति की भी समीक्षा हुई। जिले में 1,80,901.85 मीट्रिक टन धान की खरीद के विरुद्ध 1,23,727.15 मीट्रिक टन सीएमआर आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक 1,09,447.978 मीट्रिक टन सीएमआर भारतीय खाद्य निगम को उपलब्ध कराया जा चुका है, जो लक्ष्य का 88.46 प्रतिशत है। शेष आपूर्ति भी निर्धारित समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा में बताया गया कि जिले की सभी स्वीकृत उचित मूल्य दुकानों का नियमित संचालन हो रहा है और वर्तमान में जन वितरण प्रणाली की कोई भी दुकान रिक्त नहीं है, जिससे लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

सत्यापन कार्यों में भी जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। एसआईआर के अंतर्गत 14,271 अभिलेखों में से 10,309 मामलों का निष्पादन करते हुए 98.88 प्रतिशत प्रगति हासिल की गई है। वहीं संदिग्ध राशन कार्डों के सत्यापन अभियान में 1,13,345 लक्षित मामलों में से 1,13,258 मामलों का सत्यापन पूरा कर 99.92 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। जांच के दौरान 75,239 राशन कार्ड अथवा सदस्यों को विलोपित किया गया है, जिससे योजना की पारदर्शिता और मजबूत हुई है। बैठक के बाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों एवं आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों को मुख्य सचिव के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों की पहचान में तेजी लाई जाए, प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन किया जाए, लंबित सीएमआर की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूरी कराई जाए तथा जन वितरण प्रणाली की नियमित निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र परिवार खाद्य सुरक्षा के अधिकार से वंचित न रहे और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए।

# शादी के दो माह बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



जिले के खुदवां थाना क्षेत्र में शादी के महज दो माह बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान चातर गांव निवासी राजू यादव की पत्नी श्रद्धा कुमारी उर्फ श्रद्धा देवी (22) के रूप में हुई है। श्रद्धा की शादी इसी वर्ष 12 मई 2026 को हुई थी। मृतका के पिता विजय यादव, निवासी आसखाप (जम्होर), ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दो लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर उनकी बेटी को लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने कहा कि श्रद्धा कई बार फोन कर मारपीट की जानकारी देती थी। परिवार की ओर से समझाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। इधर, खुदवां थाना पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से जुटाए गए वैज्ञानिक साक्ष्यों तथा तकनीकी जांच के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।

थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। परिजनों से लिखित आवेदन प्राप्त होने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में दहेज हत्या या किसी अन्य आपराधिक साजिश की पुष्टि होती है तो आरोपितों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# टीबी मरीजों के बीच न्यूट्रिशन किट का वितरण



**औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को जिले के सभी प्रखंडों में टीबी मरीजों के बीच न्यूट्रिशन किट का वितरण किया गया। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में 20-20 न्यूट्रिशन किट उपलब्ध कराई गईं, ताकि उपचाररत मरीजों को बेहतर पोषण मिल सके। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टीबी के सफल उपचार में दवाओं के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए न्यूट्रिशन किट में प्रोटीन युक्त सोया चंक्स, मूंगफली, आटा और खाद्य तेल (एडिबल ऑयल) शामिल किए गए हैं, जिससे मरीजों को उपचार अवधि के दौरान आवश्यक पोषण मिल सके। जिला प्रशासन ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश को टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करना है। इसके लिए मरीजों की समय पर पहचान, नियमित उपचार, पोषण सहायता और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# लापता युवक का शव पटना मुख्य कैनाल सिपहां से हुआ बरामद

- रविवार को दोपहर अंडा लाने के लिए घर से निकला था हर्षित
- शव बरामदगी के साथ घर में मचा कोहराम

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)



दाउदनगर के टीचर्स कॉलोनी (अशोक स्कूल फील्ड) निवासी 17 वर्षीय हर्षित कुमार का शव पटना नहर कैनाल से बरामद कर लिया गया। रविवार को अंडा लेने के लिए वह बाजार निकला था। काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका होने लगी थी। फिर काफी खोजबीन किया गया परंतु उसका कोई पता नहीं चला। अंततः उसके शव को पुलिस ने सोमवार को नहर से बरामद किया। माना जा रहा है कि हर्षित की यह मौत कहीं न कहीं संदिग्ध परिस्थिति को जन्म दे रही है। शव बरामदगी के साथ पुलिस इस एंगल पर भी छानबीन में जुट गई है।

इधर इस घटना के बाद परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्षित राहुल कुमार का पुत्र था। रविवार को दोपहर करीब दो बजे वह घर से अंडा खरीदने के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने दाउदनगर थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस और परिजनों ने पूरी रात संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की। पुलिस ने शहर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। जांच में हर्षित आखिरी बार मौलाबाग क्षेत्र तक दिखाई दिया, लेकिन इसके बाद किसी भी कैमरे में उसकी मौजूदगी दर्ज नहीं हुई। सोमवार सुबह पुलिस और परिजनों ने दोबारा खोज अभियान शुरू किया। इसी दौरान करीब 11:30 बजे सूचना मिली कि केरा गांव के समीप पटना मुख्य कैनाल में एक शव तैरता हुआ दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से शव को बाहर निकलवाया। जब शव की पहचान हर्षित कुमार के रूप में हुई तो परिजनों में चीख - पुकार मच गई। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष विकास कुमार, एसआई विक्की कुमार, सुदीश कुमार, परमानंद यादव तथा एएसआई भूपेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फिर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद नगर पर्षद के शव वाहन से शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेजा गया।

# पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा, सोलर रूफटॉप स्थापना में तेजी लाने के निर्देश



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा सोमवार को बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि औरंगाबाद जिले में अब तक 1,016 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 183 सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 160 लाभुकों को सब्सिडी का लाभ मिल चुका है। योजना के तहत 354 बैंक ऋण आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 52 आवेदन लंबित हैं, जबकि 208 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं।

जिले में 6,578 प्रतिष्ठानों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए प्रतिदिन लगभग 49 सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए कार्य एजेंसियों द्वारा अतिरिक्त मानवबल की तैनाती कर कार्य में तेजी लाई जा रही है। समीक्षा के बाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित विभागों, विद्युत वितरण कंपनियों, बैंक प्रतिनिधियों एवं कार्य एजेंसियों को बैंक ऋण आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने, अनावश्यक अस्वीकृतियों में कमी लाने, पात्र लाभुकों को समय पर स्वीकृति एवं सब्सिडी उपलब्ध कराने तथा सोलर रूफटॉप स्थापना कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। मुफ्त बिजली योजना केवल बिजली बिल में बचत की योजना नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# जनता दरबार : डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं



- दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, राशन कार्ड समेत विभिन्न मामलों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सात निश्चय-3 के अंतर्गत सबका सम्मान–जीवन आसान पहल के तहत सोमवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, भूमि विवाद, सड़क एवं नाली-गली निर्माण, जमाबंदी, भूमि मापी, एलपीसी, पैक्स, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, मानदेय भुगतान, इंदिरा आवास, अनुग्रह अनुदान सहित जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों पर सुनवाई की गई।

प्राप्त सभी आवेदनों का विधिवत पंजीकरण कर उन्हें संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम अभिलाषा शर्मा ने कहा कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं न्यायसंगत समाधान किया जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर आम लोगों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन औरंगाबाद सुशासन की भावना के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और जनसेवा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# उत्तर कोयल नहर में 1513 क्यूसेक छोड़ा गया पानी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

झारखंड के भीम बराज से सोमवार को उत्तर कोयल नहर में 1513 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे बिहार के औरंगाबाद सहित मगध क्षेत्र के कई हिस्सों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचना शुरू हो गया है, जिससे किसानों को आंशिक राहत मिली है। मोहम्मदगंज बराज के विभागीय एसडीओ सुरेंद्र कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नहर में पानी छोड़ा गया है। हालांकि, वर्तमान में किसानों की जरूरत के मुकाबले यह मात्रा अभी भी पर्याप्त नहीं मानी जा रही है।

नवीनगर के कनिष्ठ अभियंता रविकांत कुमार ने बताया कि फिलहाल बिहार को 908 क्यूसेक पानी मिल रहा है। इसमें 396 क्यूसेक पानी नवीनगर डिवीजन के लिए तथा 512 क्यूसेक पानी अंबा डिवीजन की ओर छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि बराज का जलस्तर अभी भी अपेक्षाकृत कम है। इस बीच, बराज के जलग्रहण क्षेत्र (कैचमेंट एरिया) में लगातार मानसूनी बारिश हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि वर्षा का सिलसिला जारी रहा तो बराज का पौंड लेवल तेजी से बढ़ेगा, जिससे नहर में पानी की आपूर्ति और बढ़ाई जा सकेगी। जलस्तर में सुधार होने पर औरंगाबाद समेत पूरे मगध क्षेत्र में सिंचाई की स्थिति बेहतर होगी तथा धान सहित खरीफ फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर समीक्षा बैठक, ऑनलाइन सेवाओं में तेजी के निर्देश

- 22 जुलाई तक नोडल पदाधिकारी का विवरण और 10 अगस्त तक सुधार लागू करने का लक्ष्य

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



उद्योगों एवं व्यवसायों को सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर सोमवार को उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से संबंधित विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के तहत संचालित डिस्ट्रिक्ट बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान, सिंगल विंडो सिस्टम तथा स्टेट बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान के अंतर्गत निर्धारित सुधारों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन सुधारों का उद्देश्य उद्योगों, उद्यमियों और निवेशकों को सरल, पारदर्शी, समयबद्ध एवं ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे व्यवसाय शुरू करने और संचालित करने की प्रक्रिया आसान हो सके। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को अपने-अपने विभाग के नोडल पदाधिकारियों का विवरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सेवाओं की वर्तमान स्थिति का बिंदुवार आकलन कर आवश्यक सुधारों की कार्ययोजना तैयार करने को कहा। प्रत्येक सेवा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन लेने तथा उसे विभागीय वेबसाइट एवं सिंगल विंडो सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में विभागों को चरणबद्ध तरीके से सभी सेवाओं को पूर्णतः ऑनलाइन संचालित करने, निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने तथा निरीक्षण प्रतिवेदन समय पर पोर्टल पर अपलोड करने पर जोर दिया गया। साथ ही लाभार्थियों एवं व्यवसायियों का अद्यतन डाटा संधारित करने के निर्देश दिए गए, ताकि उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रिया के आधार पर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में सुधार हो सके। समीक्षा के दौरान नगर विकास एवं आवास, राजस्व एवं भूमि सुधार, परिवहन, स्वास्थ्य, श्रम संसाधन, उद्योग, निबंधन, पुलिस, अग्निशमन, ऊर्जा, शिक्षा, कृषि तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित विभिन्न विभागों को उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# जल जमाव की शिकायतों पर मुख्य पार्षद अंजली का शहर भ्रमण, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

- शहर भ्रमण और निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे कई वार्ड पार्षद व जेई नेहा कुमारी भी

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)



बारिश ने दाउदनगर को नरक में तब्दील कर दिया है। लाख प्रयास के बावजूद समस्या घटने के बजाय विकराल होती जा रही है। यह हाल मौसम की शुरुआती दौर में है। पूरा मॉनसून बरसना अभी बाकी है। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार सच में बादल 20 जुलाई को जमकर बरसा। 21 जुलाई को भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है। दाउदनगर प्रशासन पहले ही से अलर्ट मोड में है। एहतियातन वह सारे उपाय किए गए हैं, जिससे कि आपात स्थिति से निपटा जा सके। इधर शहर वासी जल जमाव की समस्या को लेकर नगर परिषद को कठघरे में खड़ा किए हुए हैं। हालांकि जो कठघरे में खड़ा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, इस हालात के लिए दोष उनका भी कोई कम नहीं है। भले ही यह इरादतन न हो। शहर में कई जगह नाली जाम है। इसके प्रमुख वजहों में नाली में कचड़ा डालना है। इसके जिम्मेवार कौन हैं? नाली में पानी का बहाव होना चाहिए कचड़े का नहीं। कचड़ा डालेंगे तो नाली अवरुद्ध होगा, फिर जल जमाव तय है। कहीं - कहीं पानी को बहने से अवरोधक लगा कर रोक गया है। ऐसे में जल जमाव तो होगा ही। किसी के माथे पर ठिकरा फोड़ने से क्या होगा ? जिम्मेवारी तो लेनी ही होगी।

एकमात्र नगर परिषद इसके लिए जिम्मेवार नहीं हो सकता है। हालांकि शहर में जल जमाव की लगातार शिकायतों के बाद मुख्य पार्षद अंजली रविवार को फूट वर्क की। उन्होंने शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण और बारीकी से इसका निरीक्षण भी किया। इस दौरान उनके साथ सशक्त स्थाई समिति सदस्य जय गोविंद प्रसाद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जहांगीर कुरैशी, अमित कुमार और नगर पर्षद की जेई नेहा कुमारी मौजूद रहीं। मुख्य पार्षद ने पच कठवा देवी मंदिर के पास, सिनेमा हॉल रोड और मौलाबाग का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मौलाबाग में नाला में दीवार और सीमेंट के बोरे डालकर पानी रोका गया है, जिसे हटाने का निर्देश संबंधित एजेंसी को दिया गया है।

# रौशन कुमार सिन्हा को मिला आइकॉनिक पर्सनालिटी ऑफ बिहार का सम्मान

- पटना के ताज होटल में बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने दिया सम्मान

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)




शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट दाउदनगर के निदेशक रौशन कुमार सिन्हा को प्रतिष्ठित आइकॉनिक पर्सनालिटी ऑफ बिहार 2026 के सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान समारोह पटना के होटल ताज में आयोजित किया गया, जहां बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने उन्हें ट्रॉफी और प्रशस्ति - पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुकेश मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बता दें कि पिछले 23 वर्षों से शिक्षा और कौशल विकास में सक्रिय श्री सिन्हा के नेतृत्व में संस्थान ने हजारों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल स्किल और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया है। यह सम्मान उसी का परिणाम है। यहां एक और बात उल्लेखनीय है कि इससे पहले हाल ही में इन्हें एक और बड़ा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। वहीं इस सम्मान से गदगद श्री सिन्हा ने कहा कि यह उपलब्धि सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और सहयोगियों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि आगे यह संस्थान एआई आधारित शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण को और बड़े स्तर पर ले जाने का हर संभव प्रयास जारी रखेगा। इधर उनकी इस उपलब्धि से दाउदनगर और पूरे औरंगाबाद जिले में खुशी का माहौल है। उनके लिए बधाईयों का सिलसिला जारी है। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जा रही है।

# मानव तस्करी रोकथाम को लेकर चलाया गाय जागरुकता अभियान

निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)




मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी जैसी सामाजिक बुराइयों की रोकथाम को लेकर सोमवार को बारुण थाना परिसर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। दीप ज्योति कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मानव तस्करी के खतरों के प्रति जागरूक करना तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस एवं संबंधित विभाग को देने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में बारुण थाना प्रभारी रंजीत कुमार, पुलिस पदाधिकारी शत्रुघ्न भगत (एसआई), रिमझिम कुमार, वार्ड सदस्य रामसकल गुप्त, दीप ज्योति कल्याण संस्थान के जिला समन्वयक रितेश कुमार, सीएसडब्ल्यू सरिता कुमारी एवं जपिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि मानव तस्करी एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसमें लोगों को नौकरी, बेहतर शिक्षा, विवाह या आर्थिक सहायता का झांसा देकर दूसरे स्थानों पर ले जाकर उनका शोषण किया जाता है। ऐसे मामलों में बच्चे, महिलाएं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि नौकरी, शिक्षा या विवाह के नाम पर मिलने वाले किसी भी संदिग्ध प्रस्ताव से सतर्क रहें। यदि किसी बच्चे, महिला या अन्य व्यक्ति को जबरन कहीं ले जाने की आशंका हो अथवा किसी की गतिविधि संदिग्ध प्रतीत हो, तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या संबंधित विभाग को दें।

# अपहरण-हत्या मामले में दोषी को मिला उम्रकैद

**औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय ने 15 वर्ष पुराने बहुचर्चित नाबालिग अपहरण एवं हत्या मामले में सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए एकमात्र दोषी को दोहरी आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार की अदालत ने दोषी पर 3.50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि मामला रिसियप थाना कांड संख्या 37/2011 (एसटीआर-319/2014) से संबंधित है। अदालत ने सुरेंद्र मेहता, पिता गदरा मेहता, निवासी रिसियप को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए दंडित किया।